रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 06 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-344 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### मोदी की यूक्रेन की यात्रा की तैयारी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस माह यूक्रेन की यात्रा की तैयारी हो रही है, जहां उनकी राष्ट्रपति व्लॉदिमीर ज़ेलेन्स्की के साथ रूस यूक्रेन संघर्ष विराम के बारे में महत्वपूर्ण बातचीत होने की संभावना है। सूत्रों ने कहा कि विदेश मंत्रालय ने मोदी की यूक्रेन यात्रा की तैयारियां शुरू कर दी हैं। उन्होंने हालांकि इसकी तारीख के बारे में कुछ नहीं बताया। माना जा रहा है कि स्वतंत्रता दिवस के बाद मोदी कीव जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि मोदी पिछले माह रूस की यात्रा पर गये थे।

### अनंतनाग में तीन आतंकवादी सहयोगियों को हथियार और गोला बारूद के साथ किया गिरफ्तार



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों ने हथियार और गोला-बारूद के साथ तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि अनंतनाग पुलिस, सेना की एक राष्ट्रीय राइफल और 90 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक संयुक्त टीम ने तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है।

### मांडविया और सिंधिया ने पेरिस ओलंपिक के लिए स्मरणीय डाक टिकट किए जारी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम, खेल, श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और केंद्रीय संचार और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने 33वें ओलंपिक पेरिस 2024 के उपलक्ष्य में सोमवार को संयुक्त रूप से स्मरणीय डाक टिकट जारी किए। आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा, खेल केवल एक स्पर्धा नहीं हैं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका होते हैं। इन डाक टिकटों का जारी होना खेलों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो राष्ट्रीय गौरव और एथलीटों के लिए प्रोत्साहन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि खेल एक स्वस्थ राष्ट्र को बढ़ावा देते हैं जो कि धन और समृद्धि के लिए आवश्यक है।

# अनुच्छेद 370 हटाये जाने से जम्मू कश्मीर और लद्दाख में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र हुआ मजबूत : अमित शाह

वार्ता ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाये जाने के पांच वर्ष पूरे होने के मौके पर सोमवार को कहा कि इससे जम्मू कश्मीर और लद्दाख में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र मजबूत हुआ है। शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 और 35 ए के ऐतिहासिक निरस्तीकरण के पांच साल पूरे हो गए हैं। इस परिवर्तनकारी निर्णय ने हाशिए पर मौजूद वर्गों के सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत की है और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत किया है। क्षेत्र के युवाओं ने सामाजिक-आर्थिक विकास और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को प्रेरित किया है, जिससे शांति और व्यापक विकास को बढ़ावा देने के मोदी सरकार के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने कहा, हम इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मोदी जी को धन्यवाद देते हैं और क्षेत्र की आकांक्षाओं और परिवर्तनकारी प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए अपने समर्पण की पुष्टि करते हैं। उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार ने पांच वर्ष पहले आज के ही दिन जम्मू कश्मीर से संबंधित अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था।

## श्रीनगर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने की पांचवी वर्षगांठ पर मनाया गया जश्न

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने की पांचवीं वर्षगांठ को धूमधाम से मनाया।



भाजपा कार्यकर्ता जवाहर नगर पार्टी कार्यालय में एकत्रित हुए और हाथों में राष्ट्रीय तिरंगा और पार्टी का झंडा लेकर राष्ट्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में नारे लगाए। महिलाओं सहित भाजपा कार्यकर्ता 'जम्मू-कश्मीर आजाद हुआ पांच अगस्त को'नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए भाजपा कश्मीर इकाई के प्रवक्ता अल्ताफठाकुर ने कहा कि आज के दिन जम्मू-कश्मीर का भारत संघ में पूर्ण विलय हुआ था, जो लोगों के लिए जश्न मनाने लायक है।

# उच्चतम न्यायालय में ईडी ने खोले राज जमानत देने वाले जज के संपर्क में थे अनिल टुटेजा

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



नागरिक आपूर्ति निगम (पीडीएस) घोटाले मामले में ईडी ने उच्चतम न्यायालय में नए राज खोले है। ईडी की तरफ से जानकारी दी गई है कि अक्टूबर 2019 में आरोपी अनिल कुमार टुटेजा और आलोक शुक्ला को जमानत देने वाले हाईकोर्ट के जज इनके संपर्क में थे। ईडी ने दावा किया है कि तत्कालीन महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा लाइजनर की भूमिका में थे। हालांकि ईडी के 1 अगस्त के हलफनामे में संबंधित न्यायाधीश का नाम नहीं है। रिपोर्ट की मानें तो ईडी ने कहा कि न्यायाधीश से उनके भाई और राज्य के पूर्व मुख्य सचिव के माध्यम से संपर्क किया गया था। जज को पटना हाईकोर्ट भेज दिया गया था। तत्कालीन महाधिवक्ता के माध्यम से दोनों आरोपी छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के न्यायाधीश के संपर्क में थे, जिन्होंने 16 अक्टूबर, 2019 को शुक्ला को अग्रिम जमानत दी थी। टुटेजा (तत्कालीन) एजी सतीश चंद्र वर्मा के माध्यम से न्यायाधीश के संपर्क में थे। ईडी ने अपनी रिपोर्ट में 2019 के 31 जुलाई और 11 अगस्त का व्हाट्सएप चैट भी शेयर किया है। इसमें यह भी कहा गया है कि व्हाट्सएप संदेशों के आदान-प्रदान से पता चला है कि जज की बेटी और दामाद का बायोडाटा तत्कालीन एजी द्वारा अनुकूल कार्रवाई के लिए टुटेजा को भेजा गया था, जो जज और दोनों मुख्य आरोपियों टुटेजा और शुक्ला के बीच संपर्क बना रहा था। ईडी ने कहा, टुटेजा और शुक्ला की अग्रिम जमानत के मामले के संबंध में न्यायाधीश के भाई के संपर्क में थे, जो न्यायाधीश की पीठ के समक्ष लंबित था। जैसे ही 16 अक्टूबर, 2019 को दोनों आरोपियों को जमानत दी गई, न्यायाधीश के भाई को मुख्य सचिव के पद से हटा दिया गया और 1 नवंबर, 2019 को एक आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। इसमें कहा गया है, आरोपी व्यक्ति अनुसूचित अपराध में अन्य मुख्य आरोपियों की भूमिका को कमजोर करने के लिए सह-अभियुक्त शिव शंकर भट्ट के मसौदा बयान को शेयर करने और संशोधित करने में शामिल थे।

## वित्त विधेयक पारित होने के बाद आ सकता है वक्फ संशोधन विधेयक

पायनियर संवाददाता ∢ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




सरकार संसद में वक्फ अधिनियम 1995 में संशोधन करने वाला विधेयक वित्त विधेयक 2024 के पारित होने के बाद राज्यसभा में पेश कर सकती है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इस समय आम बजट 2024-25 के तहत विभिन्न मंत्रालयों की अनुदान मांगों पर चर्चा चल रही है। संभवतः सात अगस्त को वित्त विधेयक यानी बजट के पारित होने के बाद बुधवार या गुरुवार को वक्फ संशोधन विधेयक लाया सकता है। यह विधेयक पहले राज्यसभा में लाया जाएगा। गौरतलब है कि संसद का बजट सत्र 12 अगस्त तक है। सरकार ने शुक्रवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में वक्फ अधिनियम में 40 संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। देशभर में वक्फकी 8.7 लाख से ज्यादा संपत्तियां हैं और वक्फबोर्ड के अधिकार क्षेत्र में कुल मिलाकर करीब 9.4 लाख एकड़ जमीन है। वक्फ अधिनियम में ऐसे अनेक प्रावधान हैं जिसमें वक्फ बोर्ड को असीमित अधिकार दिये गये हैं।

## जीवन एवं चिकित्सा बीमा पर 18 प्रतिशत जीएसटी वापस लेने की मांग

**नयी दिल्ली।** बीमा कंपनियों के कर्मचारियों के परिसंघ 'जनरल इंश्योरेंस एम्प्लॉइज ऑल इंडिया एसोसिएशन' ने जीवन और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने का विरोध करते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। बीमा कंपनियों के कर्मचारियों के परिसंघ 'जनरल इंश्योरेंस एम्प्लॉइज ऑल इंडिया एसोसिएशन' के महासचिव त्रिलोकसिंह तथा क्लास-1 अधिकारियों के संगठन के महासचिव दर्शन कुमार वाधवा ने सोमवार को यहां संयुक्त रूप से जारी बयान में कहा कि सरकार का यह फैसला अनुचित है और इससे स्वास्थ्य तथा जीवन बीमा पर 18 प्रतिशत की जीएसटी नीति बीमाधारकों की सामाजिक सुरक्षा पर बड़ा बोझ बन गया है।




## बेसमेंट में विद्यार्थियों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट का स्वतः संज्ञान, केंद्र-दिल्ली सरकार को नोटिस

एजेंसी ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के राजेंद्र नगर इलाके में एक निजी कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में गत 27 जुलाई को पानी में डूबकर तीन विद्यार्थियों की मौत मामले में स्वतः संज्ञान और नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने स्वतः संज्ञान लेते हुए केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर उनसे सुरक्षा मानदंडों पर जवाब मांगा। पीठ ने उनसे पूछा है कि सभी कोचिंग सेंटरों में किस तरह के पर्याप्त सुरक्षा मानदंडों का पालन किया जा रहा। शीर्ष अदालत ने दिल्ली में तीन भारतीय प्रशासनिक सेवा अभ्यर्थियों की दुखद मौत का हवाला देते हुए कोचिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा दायर एक अन्य याचिका पर सुनवाई की। यह याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ दायर की गई थी, जिसमें दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम को घटना के बाद अग्निशमन विभाग से वैध एनओसी के बिना राज्य में चल रहे कोचिंग सेंटरों को बंद करने का निर्देश दिया गया था।




पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिव भक्त कावड़ियो और श्रद्धालुओं से कहा कि बड़े सौभाग्य की बात है सावन के तीसरे सोमवार को भोरमदेव में भगवान भोलेनाथ का दर्शन करने आए है। यहां पहुंचकर मैं भगवान भोलेनाथ से प्रदेश के सभी लोगो की सुख शांति समृद्धि के लिए कामना किया हूं। हेलीकॉप्टर से भोरमदेव मंदिर में पुष्पवर्षा भी किए है। उन्होंने सावन मास के लिए सभी भक्तजनों को शुभकामनाएं दी।


विस्तृत पेज 2 पर...


## सीबीआई मुकदमे में केजरीवाल को राहत नहीं, हाईकोर्ट में याचिकाएं खारिज

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले के मामले में आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज मुकदमा रद्द किये जाने और जमानत के लिए दायर उनकी याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने अपना आदेश सुनाते हुए कहा कि सीबीआई के पास केजरीवाल को गिरफ्तार करने का पर्याप्त कानूनी आधार था। उन्होंने कहा, यह नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी बिना किसी न्यायोचित कारण के की गई। उच्च न्यायालय ने गुण-दोष के आधार पर इस मामले में कोई निर्णय लेने से इनकार कर दिया, लेकिन याचिकाकर्ता को निचली अदालत का दरवाजा खटखटाने की छूट दी। एकल पीठ ने जमानत याचिका पर कहा कि याचिकाकर्ता को निचली अदालत जाने की छूट है। उच्च न्यायालय ने इसके साथ ही केजरीवाल की याचिकाओं का निपटारा कर दिया। उच्च न्यायालय ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के एसपीपी डी पी सिंह और केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी सहित अन्य की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद 29 जुलाई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। एकल पीठ के समक्ष सिंह ने दलील देते हुए कहा था कि आरोपी केजरीवाल भ्रष्टाचार के इस मामले के 'सूत्रधार' हैं और उनके खिलाफ इस मामले में स्पष्ट सबूत हैं। सिंघवी ने केजरीवाल का पक्ष रखते हुए अपनी पिछली दलील दोहराई थी। उन्होंने कहा था कि सीबीआई की ओर से उनके मुवक्किल की गिरफ्तारी तय थी।




# सबका स्वास्थ्य ठीक रखने का सरकार कर ही है प्रयास : नड्डा

पायनियर संवाददाता ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को कहा कि देश भर में 36 हजार जन औषधि केन्द्र खुल गये हैं और 25 हजार केन्द्र और खोले जायेंगे। नड्डा ने अपने विभाग की अनुदान मांगों पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुये सदस्यों को आश्वान दिया कि आयुष्मान डिजिटल मिशन के तहत रखा जा रहा रिकॉर्ड पूरी तरह गोपनीय रहता है। उन्होंने कहा कि जन औषधि केन्द्र से मिलने वाली दवायें इस प्रणाली से बाहर बिक रही दवाओं के मुकाबले 50 से लेकर 80 प्रतिशत तक सस्ती होती हैं। नड्डा ने वर्ष 2024-25 के बजट में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के बजट के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि वर्ष 2014 की तुलना में स्वास्थ्य विभाग के बजट में 164 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह 33278 करोड़ रुपये से बढ़कर अब 90958 करोड़ रुपये हो गया है। बहस में शामिल कई सदस्यों द्वारा स्वास्थ्य बजट को सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत से ऊपर ले जाने के सुझावों के संबंध में कहा कि इस समय स्वास्थ्य विभाग का बजट सकल घरेलू उत्पाद का 1.9 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड से 12 करोड़ परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। देश की 40 प्रतिशत आबादी इसके तहत कवर हो रही है। आयुष्मान कार्ड के तहत 48 प्रतिशत लाभार्थी महिलायें हैं। नड्डा ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तहत एक लाख 73 हजार मंदिर खड़े किये गये हैं। आयुष्मान डिजिटल मिशन के तहत लोगों का चिकित्सा रिकॉर्ड रखा जहा रहा है जो पूरी तरह गोपनीय रहता है। पीएम भीम हेल्थ मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों का संचालन एवं क्रियान्वयन तेज किया जा रहा है। उन्होंने पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा अस्पताल और मेडिकल कालेज जैसी स्थापित बुनियादी सुविधाओं का उल्लेख करते हुये कहा कि देश में 22 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को स्वीकृति दी गयी है। इनमें 18 संचालित हो रहे हैं और चार निर्माणाधीन हैं। एक एम्स के निर्माण पर 15 से 20 हजार करोड़ खर्च होते हैं। उन्होंने कहा कि देश में 731 मेडिकल कालेज संचालित किये जा रहे हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों में 381 दवायें मुफ्त दी जा रही हैं।

## झरना के चट्टानों में गिरने से युवक के शरीर और सर पर आईं चोटें

# रानीदहरा जलप्रपात में डूबने से डिप्टी सीएम अरुण साव के भांजे की हुई मौत

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

बोड़ला विकासखंड के मशहूर पर्यटन स्थल और रानीदहरा वॉटरफॉल में डिप्टी सीएम अरुण साव के भांजे की शाम साढ़े चार से पाँच बजे के दरमियान नहाने के समय डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद उनके दोस्तों ने फोन कर पुलिस को जानकारी दी जिससे घटना स्थल में बोड़ला पुलिस ने तत्काल पहुंचकर रेसक्यू अभियान प्रारंभ किया। लेकिन रात होने के चलते रेसक्यू अभियान सफल नहीं हो पाया। सवेरे 7:30 बजे दुर्ग की एसडीआरएफ की गोताखोरों की टीम ने युवक के शव को झरने से बाहर निकला। पोस्टमॉर्टम कर युवक के शव को परिजनों को सौंप दिया गया।



### बेमेतरा से आये थे घूमने

बोडला थाना के टी आई नितिन तिवारी से मिली जानकारी के अनुसार बेमेतरा से रविवार को शाम छह दोस्त जिनमें मृतक तुषार साहू, घनश्याम देवांगन पिता शत्रुघ्न देवांगन नयापारा बेमेतरा, विकास साहू पिता वेद प्रकाश साहू नयापारा बेमेतरा, प्रिंस यादव पिता गणेश यादव नयापारा बेमेतरा, साहिल रिजवी पिता असलम रिजवी बाजार पर बेमेतरा एवं राकेश यादव पिता दिलीप यादव बेमेतरा 4:30 से 5:00 बजे के दरमियान रानीदहरा झरना पहुंचे उसी दौरान वे नहाने के लिए वॉटर फाल में गए घटना में बेमेतरा के नयापारा निवासी डिप्टी सीएम अरुण साव के भांजे तुशार ऊर्फ सावन साहू पिता सुरेश साहू उम्र 21 वर्ष की मौत हो गई।

### जांच की जाएगी

बोड़ला के टी आई नितिन तिवारी ने बताया कि रानी दहरा जलप्रपात में डिप्टी सीएम अरुण साव के भांजे की मौत को लेकर बोड़ला पुलिस के द्वारा विशेष जांच की जाएगी अभी प्रथम दृष्टिया घूमने आए दोस्तों से घटना के विषय में सामान्य जानकारी लिया गया है। आने वाले समय में घटना के विषय में पुलिस के द्वारा बयान दर्ज किया जाएगा और घटना कैसे घटी इस बारे में विस्तार से उनके दोस्तों के बारे में जानकारी ली जाएगी। घटना के विषय में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई तरह की बातें चल रही है। लोगों में चर्चा है और सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि युवकों के द्वारा झरना में कूद कर नहाया जा रहा था कूदने से झरना के चट्टानों में गिरने से युवक की शरीर और सर पर चोटें आईं हैं इन सभी विषय पर बोड़ला पुलिस द्वारा आने वाले समय मे जांच किये जाने की बात कही गई है।

### रात के कारण नहीं हो पाया था रेस्क्यू

घटना की सूचना मिलते ही बोडला थाना की टीम टीआई नितिन तिवारी के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंच गई कुछ एक आरक्षकों ने पानी में जाकर युवक को ढूंढने की कोशिश की लेकिन युवक का पता नहीं चला। रात हो जाने के कारण अंधेरे में रेस्क्यू नहीं किया जा सका। सवेरे एसआरडीएफ की टीम ने घंटों रेस्क्यू कर युवक के शव को चट्टानों के बीच से निकाला।

### रात में ही पहुंचे एसपी कलेक्टर

डिप्टी सीएम अरुण साव के भांजे की डूबने की खबर मिलते ही घटनास्थल पर शासन के आला अधिकारियों के अलावा राजनीतिक लोगों के पहुंचने का क्रम देर रात तक चलता रहा। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के तमाम अधिकारी रात तक पहुंच गए थे पुलिस अधीक्षक पल्लव के अलावा जिला कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली। तहसीलदार एवं एसडीएम बोड़ला भी घटना स्थल पर उपस्थित रहे, इसके अलावा रात में बेमेतरा विधायक के साथ साथ अन्य प्रशासनिक व राजनीतिक लोगों का आना-जाना बना रहा है। देर रात बोड़ला और चिल्पी के रेस्ट हाउस में सभी जैसे तैसे ठहरे और सवेरे फिर घटनास्थल पर पहुंचे।

## तस्लीमा ने शेख हसीना को ही बंगलादेश की स्थिति के लिये ठहराया जिम्मेदार

वार्ता ∢ कोलकाता
www.dailypioneer.com



बंगलादेश की प्रसिद्ध लेखिका तस्लीमा नसरीन ने वहां की स्थिति के लिये अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को ही ज़िम्मेदार ठहराया है और कहा है वह कट्टरपंथियों पर शिकंजा कसने और अपने सहयोगियों को भ्रष्टाचार से रोकने में विफल हो गयी थीं। चर्चित लज्जा उपन्यास की लेखिका नसरीन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बंगलादेश में लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष व्यवस्था बनी रहनी चाहिये और उसे पाकिस्तान नहीं बनने देना चाहिये। उन्होंने कहा, हसीना को इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा, वहां की स्थिति के लिये वह ही जिम्मेदार थी, उन्होंने इस्लामवादियों को बढ़ने के लिये प्रेरित किया। नसरीन ने अपने लोगों को भ्रष्टाचार में शामिल होने की अनुमति दी। अब बंगलादेश को पाकिस्तान जैसा नहीं बनना चाहिये। सेना को शासन नहीं करना चाहिये। राजनीतिक दलों को लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता लानी चाहिये। उल्लेखनीय है कि छात्र कार्यकर्ताओं ने देश भर में कर्फ्यू के बावजूद सुश्री हसीना पर इस्तीफा देने का दबाव बनाने के लिये आज ढाका तक रैली निकालने का आह्वान किया था।

## कृषि मंत्री ने झूठ बोला, लाएंगे विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी ने कहा है कि कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को लेकर सदन में गलत बयानी कर देश को गुमराह करने का काम किया है, इसलिए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाया जाएगा। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, रणदीप सिंह सुरजेवाला तथा आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने सोमवार को यहां संसद भवन परिसर में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नहीं दिया गया है और किसान इसके लिए आंदोलन कर रहे हैं लेकिन सरकार ने इस बारे में गलत बयानी की है और गलत शपथ पत्र दाखिल किया है इसलिए उसके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाया जाएगा। दिग्विजय सिंह ने कहा, सरकार झूठ बोलने की आदी है और अब किसानों को एमएसपी देने को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री छूट बोल रहे हैं। कृषि मंत्री को झूठ बोलने की आदत है और उनकी इस आदत को वह जानते हैं। कमलनाथ जी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने लगभग 37 लाख किसानों का कर्ज माफकिया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बयान भी आया था कि कांग्रेस के समय किसानों का कर्ज माफ हुआ है। लेकिन सदन में उन्होंने कहा कि कांग्रेस को जो मौका मिला।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भोरमदेव में हजारों कावड़ियों का हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया

## मुख्यमंत्री साय ने हर-हर महादेव, बोल बम के जय घोष के साथ का कावड़ियों और श्रद्धालुओं का स्वागत किया

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com







प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के प्राचीन, पुरातात्विक, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थल बाबा भोरमदेव मंदिर में पवित्र सावन मास में सैकड़ों किलो मीटर पदयात्रा कर जलाभिषेक करने आने वाले हजारों कावड़ियों पर हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत अभिनंदन किया। उन्होंने हर-हर महादेव और बोलबम के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं और हजारों पदयात्री कावड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए भोरमदेव परिसर में आत्मीयता से मुलाकात की। मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी कावड़ियों का स्वागत अभिनंदन किया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ में पहली बार हो रहा है, जब प्रदेश के मुखिया स्वयं कावड़ियों पर पुष्प वर्षा किये। इसके बाद मुख्यमंत्री साय ने उपमुख्यमंत्री शर्मा के साथ भोरमदेव बाबा भगवान शिवजी का दर्शन कर मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक किया तथा प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की और आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में बोल-बम कावड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं से मुलाकात कर हाल चाल जाना। मुख्यमंत्री साय ने मंदिर परिसर में बोल-बम कावड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिव भक्त कावड़ियो और श्रद्धालुओं से कहा कि आज बड़े सौभाग्य की बात है सावन के तीसरे सोमवार को भोरमदेव में भगवान भोलेनाथ का दर्शन करने आए है। पहुंचकर मैं भगवान भोलेनाथ से प्रदेश के सभी लोगो की सुख शांति समृद्धि के लिए कामना किया हूं। हेलीकॉप्टर से भोरमदेव मंदिर में पुष्पवर्षा भी किए है। उन्होंने सावन मास के लिए सभी भक्तजनों को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री साय और उप मुख्यमंत्री शर्मा ने मंदिर परिसर के समीप भंडारा स्थल पहुचकर श्रद्धलुओं को अपने हाथों से खीर, पुड़ी, चावल और प्रसाद भी बांटे। इस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा सहित जनप्रतिनिधियों ने भी भोरमदेव बाबा भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।



### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के पहल पर भोरमदेव से अमरकंटक तक कांवड़ियों के लिए विशेष इंतजाम

पवित्र सावन माह में शिवभक्तों द्वारा अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक की 150 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा जलाभिषेक किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के पहल पर इस यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि यात्रा में भक्तगणों को दिक्क त न हो। उपमुख्यमंत्री शर्मा के निर्देशानुसार, कांवड़ियों के लिए 15 से अधिक स्थानों पर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस पेट्रोलिंग के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षकों को सुरक्षा के बेहतर इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें 4 पुलिस पेट्रोलिंग टीमें और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस की ड्यूटी शामिल है। कांवड़ियों के लिए यात्रा के दौरान 20 से अधिक स्थानों पर ठहरने की विशेष व्यवस्था की गई है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पी.जी.कालेज हेलीपेड कबीरधाम पहुंचने पर हुआ आत्मीय स्वागत



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शिव भक्त कावड़ियों पर पुष्प वर्षा करने के उपरांत कबीरधाम जिले के पी.जी.कालेज हेलीपेड पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री साय जिले के भोरमदेव में बाबा भोरमदेव मंदिर में भगवान शिवजी का दर्शन व अभिषेक किये। इस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला राम कुमार भट्ट, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मनहरण कौशिक, कैलाश चन्दवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, नीतेश अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव उपस्थित थे।

## सावन के पवित्र माह में भगवान शिव देवों के देव महादेव में पद यात्रियों द्वारा जल अभिषेक की परम्परा सदियों चली आ रही

कवर्धा से 18 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम चौरा में 11 वी शताब्दी का प्राचीन, ऐतिहासिक और पुरातत्व महत्व का स्थल बाबा भोरमदेव का मंदिर है। इस मंदिर में भगवान शिव जी विराजित है। भगवान शिव देवों के देव महादेव में जल अभिषेक की परम्परा सदियों चली आ रही है। हर वर्ष श्रावण माह में कांवरियों द्वारा पदयात्रा कर शिव मंदिरों में जल चढ़ाया जाता है, जिसे कांवड़ यात्रा कहा जाता है। सावन के इस पवित्र माह में कबीरधाम, पड़ोसी जिला मुंगेली, बेमेतरा, खैरागढ़, राजनांदगांव सहित मध्यप्रदेश के अमरकंटक से कावड़िया पदयात्रा कर छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातात्त्विक, धार्मिक एवं पर्यटन महत्व स्थल कबीरधाम जिले बाबा भोरमदेव मंदिर, बूढ़ा महादेव मंदिर और डोंगरिया के प्राचीन जालेश्वर शिवलिंग में जलाभिषेक करने हजारो की संख्या में आते है। श्रावण मास में शिवभक्त मनोवांछित फल प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन कांवरिया दल सहित श्रद्धालुओं द्वारा शिवलिंग का विधिवत पूजा अर्चना व जलाभिषेक किया जा रहा है। सावन माह लगते ही कांवरियों का दल मध्यप्रदेश के अमरकंटक से पहाड़ी और पथरिली जंगलों की रास्तों से पदयात्रा कर बाबा भोरमेदव, जलेश्वर महादेव और पंचमुखी बुढ़ामहादेव में जलाभिषेक कर रहे है। जिले में अमरकंटक से पहाड़ी और पथरिली जंगलों की रास्तों से कबीरधाम जिले में प्रवेश करने वाले सभी कावड़ियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से शिवभक्तों द्वारा कांवर में मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर पदयात्रा करते हुए जलाभिषेक कर रहे हैं। अब तक सैकड़ों कांवरियों का दल शहर व ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचकर जलेश्वर महादेव डोंगरिया, पंचमुखी बुढ़ामहादेव तथा भोरमदेव में जलाभिषेक कर चुके है। बोल-बम डोंगरिया स्थित जलेश्वर दादा, छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक पुरातात्विक और जन आस्था के केन्द्र बाबा भोरमदेव और पंचमुखी बूढ़ामहादेव की महिमा करने वाले तीर्थयात्राओं और मानसून माह श्रावण को संदर्भित करता है। कांवरिया मध्यप्रदेश के अमरकंटक से मां नर्मदा से जल लेकर दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों से अपने कांवर के साथ खाली पैर और भगवा वस्त्र पहनकर विभिन्न दुर्गम मार्गों से 150 किमी की यात्रा करते हुए डोंगरिया स्थित जलेश्वर महादेव, भोरमदेव बाबा और कवर्धा के पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर में भगवान शिव पर जल चढ़ाते है।

## भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान को लेकर आज बैठक, पासवान करेंगे मार्गदर्शन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के हर घर तिरंगा अभियान के दृष्टिगत 6 अगस्त को महत्वपूर्ण बैठक कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में होगी। बैठक में मार्गदर्शन करने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और बिहार भाजपा के मंत्री गुरुप्रकाश पासवान रायपुर पहुँच रहे हैं। पासवान हर घर तिरंगा अभियान प्रदेश के प्रभारी हैं। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी सहित सरकार के मंत्रीगण, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत और उनकी पूरी टीम शिरकत करेगी। भाजपा प्रदेश महामंत्री और हर घर तिरंगा अभियान के प्रदेश संयोजक संजय श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान को लेकर छत्तीसगढ़ की 6 अगस्त को होने वाली इस बैठक में अभियान पर विस्तार से चर्चा होगी और इस कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए तैयारी की जाएगी। श्रीवास्तव ने 'हर घर तिरंगा अभियान' कार्यक्रम को लेकर कहा कि विगत वर्षों से पार्टी के कार्यकर्ता सभी देशवासियों के साथ मिलकर देशभर में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के संकल्प को प्रतिबद्धता के साथ हर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाते आ रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से तो पूरे देश में 'हर घर तिरंगा' अभियान के लिए सबका जोश हाई रहता है। इसे लेकर अब तो तरह-तरह के इनोवेशन भी होने लगे हैं। तिरंगे को लेकर ये उल्लास, ये उमंग हमें एक-दूसरे से जोड़ती है। श्रीवास्तव ने कहा कि इस अभियान के दृष्टिगत 11 से 14 अगस्त 2024 तक तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा और इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा की अग्रणी भूमिका रहेगी। 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक कार्यकर्ता प्रत्येक घर एवं व्यावसायिक केन्द्रों पर 'हर घर तिरंगा' फहराने हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इन कार्यक्रमों में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया जाएगा ताकि वे राष्ट्रीय एकता की भावना से ओतप्रोत रहें। श्रीवास्तव ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को हम बूथ स्तर तक जाकर सफल बनाएंगे। हमें राष्ट्र की मजबूती के लिए कार्य करना है और राष्ट्र विरोधी ताकतों को निष्प्रभावी करना है। हर घर तिरंगा अभियान को प्रभावी रूप से पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है।

## नये संभागायुक्त नीलम नामदेव एक्का ने कार्यभार ग्रहण किया

**बिलासपुर।** नये संभागायुक्त नीलम नामदेव एक्का ने कार्यभार ग्रहण किया। एक्का वर्ष 2005 बैच के आईएएस अधिकारी है। इसके पहले वे महानदी भवन मंत्रालय रायपुर में जन शिकायत निवारण, गृह एवं जेल विभाग के सचिव एवं संचालक विमानन के अतिरिक्त प्रभार के रूप में कार्यरत थे। कार्यालय पहुंचने पर कलेक्टर अवनीश शरण, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर के चौहान व कमिश्नर कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने एक्का का स्वागत किया। उन्होंने कार्यभार ग्रहण करने के बाद अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और उनके काम-काज की जानकारी ली। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर अर्चना मिश्रा एवं स्मृति तिवारी उपस्थित थीं। संभाग स्तरीय अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी उनसे मुलाकात कर स्वागत किया।



### शहीद महेन्द्र कर्मा की जयंती राजीव भवन में मनाई गयी

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में शहीद महेन्द्र कर्मा की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंली दी गई। इस अवसर पर प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, गिरीश दुबे, उधोराम वर्मा, राकेश धोतरे, मोहसिन खान, श्रीनिवास, अविनय दुबे, सुयश शर्मा उपस्थित थे।

## शहीद महेंद्र कर्मा के जयंती पर कांग्रेस ने श्रद्धांजलि





पायनियर संवाददाता ◂ कांकेर
www.dailypioneer.com

बस्तर टाईगर शहीद महेंद्र कर्मा के 05 अगस्त को जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया। जिला कांग्रेस महामंत्री सुनील गोस्वामी ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद महेंद्र कर्मा 2000 से 2004 में अजीत जोगी कैबिनेट में उद्योग और वाणिज्य मंत्री रहे, 2004 से 2008 तक छत्तीसगढ़ विधानसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका निभाई। वर्ष 2005 में जब बस्तर संभाग सहित समूचे छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद

### कर्मठ, जुझारू और निर्भीक नेता के रूप में कर्मा की पहचान : गोस्वामी

अपने चरम पर था तब स्व. कर्मा ने छत्तीसगढ़ में माओवादी समूह नक्सलियों के खिलाफसलवा जुडूम आंदोलन के आयोजन में एक शीर्ष भूमिका निभाई, इसलिए उन्हें सलवा जुडूम के प्रणेता के रूप में भी जाना जाता है।

नक्सलवाद के खिलाफ उनका सख्त रवैया एवं मुखर होने के कारण ही छत्तीसगढ़ की जनता के बीच स्व. कर्मा बस्तर टाईगर के नाम से जाने जाने लगे, कर्मठ, जुझारू और निर्भीक नेता के रूप में उनकी पहचान को सदैव याद किया जाएगा। 25 मई 2013 को नक्सलियों द्वारा झीरम घाट पर किये गए हमले में नक्सलियों से लोहा लेते हुये। उनकी शहादत हुई। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से सुनील गोस्वामी, मनोज जैन, नरेश बिछिया, दीपक शोरी, मतीन खान, रोशन आरा, शिवांकित श्रीवास्तव, खोमेंद्र उईके, सुरेश नाग, मुकेश तिवारी, चंद्रलोक सिंह ठाकुर, अमन गायकवाड़, विनय सिंह ठाकुर, सद्दाम हुसैन, अनमोल मण्डावी, मनीष साहू सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल हुए।

## राजेश मूणत ने ली भाजपा कार्यकर्ताओं की अहम बैठक

### कांवड़ यात्रा और स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रमों की तैयारियों पर की चर्चा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक राजेश मूणत ने चौबे कॉलोनी स्थित अपने निवास कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस बैठक में रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होने वाले आगामी दिनों होने वाले 2 महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की गई। ज्ञात हो कि इसके अलावा राजेश मूणत की अगुवाई में प्रतिवर्ष 14अगस्त को रायपुर पश्चिम विधानसभा, भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर साल स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर विशाल बाईक रैली के पश्चात भारत माता चौक पर भव्य महाआरती का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में यह आयोजन है। भारत माता की महाआरती में सैंकड़ों लोग हाथों में दीपक लेकर भारत मां की आरती उतरते हैं। महाआरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होते हैं। वहीं भाजपा के हज़ारों कार्यकर्ता और आम जनता हाथ मे तिरंगा लेकर विशाल बाइक रैली की शक्ल में शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेंगे। मूणत ने बताया कि 14 अगस्त को सर्वप्रथम साइंस कॉलेज के निकट पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम के सामने से तिरंगा रैली में महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या ने शामिल होंगे। यात्रा का अंतिम पड़ाव भारत माता चौक गुढ़ियारी होगा, जहां भारत माता की आरती का कार्यक्रम आयोजन होगा। मूणत ने बताया कि भारत माता का पूजन और आरती 51 पंडितों ने वैदिक मंत्रोचार और दीप, धूप, कपूर के साथ संगीत की धुन पर की जाएगी। इस दौरान रायपुर पश्चिम के भाजपा कार्यकर्ताओं, आम जनता के अलावा भाजपा के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। भारत माता की महाआरती के पहले 3:00 बजे दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम से निकलने वाली मोटर साइकिल रैली का नेतृत्व पूर्व मंत्री राजेश मूणत खुद करेंगे। इस दौरान यह खुद भी दुपहिया वाहन चलाएंगे। रैली में करीब 5000 मोटर साइकिल चालक हाथों में तिरंगा और भगवा पगड़ी (साफा)पहनकर शहर भ्रमण के लिए निकलेंगे।

### 18 अगस्त को निकलेगी कांवड़ यात्रा

मूणत ने बताया कि इसके बाद सावन के इस पवित्र माह में 18 अगस्त को भाजपा कार्यकर्ताओं और शहर के आम आम नागरिकों के द्वारा भगवान भोले नाथ की भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। गुढ़ियारी से सुबह नौ बजे निकलेगी, जो पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होते हुए महादेव घाट स्थित बाबा हटकेश्वर नाथ मंदिर के पास समाप्त होगी। जहां कांवड़ यात्रा में शामिल 25 हजार कांवड़ियों द्वारा जलाभिषेक किया जाएगा। इस भव्य कांवड़ यात्रा में बनारस की झांकी, ओडिशा का नर्तक दल आकर्षण का केंद्र रहेगा। पूर्व मंत्री मूणत ने बताया कि कांवड़ यात्रा की शुरुआत गुढ़ियारी स्थित मारुति मंगलम भवन से शुरू होगी। यहां से पवित्र गंगाजल भरकर से हज़ारों की संख्या में भक्त निकलेंगे। यात्रा गुढ़ियारी से प्रातः 9:00 बजे पहाड़ी चौक, कर्मा चौक, तेलघानी नाका ब्रिज, संत कबीर चौक, अग्रसेन चौक,सारथी चौक, लाखे नगर चौक, सुंदर नगर चौक होते हुए महादेव घाट पहुचेंगी। जहां श्रद्धालुओं द्वारा एक-एक कर जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लेंगे। मूणत ने बताया कि इन दोनो ही कार्यक्रमों को आयोजित करने की परंपरा सी बन चुकी हैं। शहर वासियों को इन दोनो भव्य आयोजनों का पूरे साल इंतजार रहता है,लिहाजा इसके लिए पूर्व से ही पर्याप्त तैयारियों की आवश्यकता होती है। की बैठक में कार्यक्रमों के संबंध में जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया है। बैठक में प्रमुख रूप से ओंकार बैस सत्यम दुवा प्रफुल्ल विश्वकर्मा गोवर्धन खंडेलवाल अशोक पांडे नवीन शर्मा अमित मैंशरी बजरंग खंडेलवाल मीनल चौबे चन्नी वर्मा प्रभा दुबे वंदना मुखर्जी शैलेंद्र परगनिया मनोरमा हनोतिया मोहन उपारकर अनिल सोनकर भूपेंद्र ठाकुर गजानंद साहू नवीन सिंह संजय सिंह राजू श्रीवास विकास सेठिया संतोष साहू दिनेश शर्मा सुमन सिंह अनिता पंडित सहित रायपुर पश्चिम के समस्त पार्षद छाया पार्षद उपस्थित थे।

## वक्फ संशोधन देश के मुसलमानो को न्याय देने वाला कानून : डॉ. सलीम राज

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं भाजपा नेता डॉ. सलीम राज ने केन्द्र की एन.डी.ए. सरकार द्वारा वक्फ अधिनियम में किये गये संशोधन का स्वागत करते हुए कहा कि, यह कानून देश के गरीब मुसलमानों को न्याय देने वाला कानून है। वक्फ एक्ट में संशोधन एवं सुधार समय के अनुसार होना चाहिये, वर्तमान में जो विसंगतिया है उसे दूर किये जाने के लिये यह कानून लाया जा रहा है, जिसका हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं एन.डी.ए. सरकार का स्वागत करते है। उन्होने कहा कि, वक्फ बोर्ड गरीब मुसलमानों के उत्थान के लिये बनाया गया था वक्फसंपत्ती को ईश्वर (अल्लाह) की संपत्ती माना जाता है। उसके विपरित वक्फएक्ट की शक्तियों का सिर्फ दुरूपयोग ही हो रहा है। देश के संघराज्य एवं राज्य वक्फबोर्डो को प्राप्त असीमित अधिकार एवं शक्तियों के कारण यह मजहबी जमींदारी, भ्रष्टाचार एवं भूमाफियाओ को संरक्षण दे रहा है। वर्तमान वक्फ एक्ट पूरी तरह से निरंकुश है और इससे आम मुसलमानों को कोई फायदा नही हो रहा है। संशोधित वक्फ कानून जमींदारी की दादागिरी तथा भूमाफिया एवं अतिक्रमणकारियों पर नकेल कसने वाला कानून है। वक्फ संपत्तीयों के मामलों में शासन को अधिकार व शक्तियां प्रदान करने वाला कानून है। उन्होने कहा कि, वक्फ अधिनियम की धारा 09 एवं 14 में बदलाव से बोर्ड और अधिक सशक्त एवं प्रभावशील होगा, वक्फ संपत्ति का पंजीयन सत्यापन से होगा जिससे वक्फ कानून 2013 के दुरुपयोग को रोका जा सकेंगा। कलेक्टर को वक्फ संपत्ति के मामले में शामिल किये जाने से वक्फ बोर्ड का कार्य और अधिक प्रभावशील होगा। नये संशोधन कानून से मुस्लिम समाज के गरीब, तलाकशुदा, विधवा के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिये वक्फ बोर्ड कार्य कर सकेगा। पूर्व में भी कॉंग्रेस सरकार द्वारा वक्फ एक्ट में समय समय पर संशोधन हुआ है। वक्फ बोर्ड के पास 8.7 लाख करोड़ की संपत्ती, 9.4 लाख एकड़ के लगभग जमीन है। इसका सदुपयोग होने से निःसंदेह देश के गरीब मुस्लिम समाज को सीधा फायदा होगा व उनकी शैक्षणिक एवं आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

# भारत स्काउट व गाइड ने संबलपुर में हाइक व महा शिविर ज्वाल का आयोजन किया

## छात्र-छात्राओं में राष्ट्रीयता की भावना जागृत हो सके : महेंद्र नाथ पांडे





**पायनियर संवाददाता ⟨ कोण्डागांव**
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट एंड गाइड छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य राज्य का राज्य डॉक्टर सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार व पदेन जिला संरक्षक एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत जिला आयुक्त स्काउट एवं जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक के मार्गदर्शन में भारत स्काउट व गाइड जिला संघ कोंडागांव ने चतुर्थ दिवस संबलपुर शिविर में हाइक एवं महाशिविर ज्वाल कार्यक्रम का अयोजन किया गया। शिविर के चतुर्थ दिवस स्काउट एवं रोवर वर्ग का प्रतिनिधित्व मुख्य परीक्षक ऋषि देव सिंह, जिला सचिव चमन लाल सोरी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट श्याम लाल कोर्राम व गाइड टीम का नेतृत्व नीलम श्रीवास्तव जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड, संगीता सोरी, संजना हरमीट के नेतृत्व में 5 किलोमीटर का हाइक गतिविधियों का पालन करते हुए, प्राकृतिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण के तहत स्काउट गाइड को प्रकृति के सभी प्रकार के जीव जंतु पेड़ पौधों प्रति जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के तहत बिना बर्तन के भोजन बनाने सिखाया गया और खोज चिन्ह के सहारे से पता लगाते हुए लगाते हुए, गीत संगीत के माध्यम से मनोरंजन पूर्वक हाइक गतिविधियों को पूर्ण किया गया। तत्पश्चात महाशिविर ज्वाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर कब-बुलबुल, स्काउट गाइड एवं रोवर रेंजर टीम के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी शिवरात्रि छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सभी संचालक मंडल व व्यवस्था प्रभारी को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर मंचासिन अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोड़ागांव द्वारा सम्मानित किया गया।

# ग्रामीण युवाओं को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने होगा बस्तर खेल 2024 का आयोजन

**पायनियर संवाददाता ⟨ सुकमा**
www.dailypioneer.com

छतीसगढ़ सरकार की मंशानुरूप खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विशेष रूप से बस्तर संभाग के ग्रामीण आदिवासी युवाओं को खेल के माध्यम से मुख्यधारा में जोड़ने के साथ ही खेलों के प्रति रुचि पैदा कर इस क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण तैयार करने हेतु वृहद स्तर पर बस्तर खेल 2024 आयोजित किया जाना है। उक्त आयोजन संबंधी दिशा-निर्देश शीघ्र जारी किये जाएंगे। प्रभारी जिला खेल अधिकारी विरूपाक्ष पौराणिक ने बताया कि बस्तर खेल 2024 के अंतर्गत बैडमिंटन, बालीबॉल, तीरंदाजी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, वेट लिफ्टिंग, हाकी, खो-खो, रस्साकशी खेल विधाओं का आयोजन विकासखंड, जिला और संभाग स्तर पर दो आयु वर्ग 14 से 17 वर्ष और 17 से 21 वर्ष आयु के पुरुष-महिला दोनों वर्ग में आयोजित किया जाएगा। उक्त आयोजन अक्टूबर-नवम्बर 2024 में प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि उक्त जानकारी 02 अगस्त 2024 को संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ श्रीमती तनुजा सलाम द्वारा जगदलपुर में आयोजित संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में दी गई। उन्होंने कहा कि इसके अलावा प्रदेश सरकार द्वारा विशेष रूप से माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में अपनी महत्त्वाकांक्षी योजना के तहत आदिवासी युवाओं को रचनात्मक दिशा देने हेतु नियद नेल्लानार योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत चयनित 32 ग्राम में खेल मैदान का निर्माण मनरेगा योजना के तहत किया जाएगा ।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उच्च कुशल दैनिक वेतनभोगी कार्मिकों के लिए 13 अगस्त को होगी वॉक-इन-इंटरव्यू

**पायनियर संवाददाता ⟨ जगदलपुर**
www.dailypioneer.com

शहीद महेन्द्र कर्मा स्मृति चिकित्सालय डिमरापाल जगदलपुर में डायलिसिस टेक्नीशियन एवं सीटी स्कैन टेक्नीशियन पदों पर दैनिक वेतनभोगी उच्च कुशल श्रेणी के कार्मिकों की वर्तमान प्रचलित दर में निश्चित मासिक मानदेय पर कार्य करने हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन 13 अगस्त 2024 को प्रातः 11 बजे से कार्यालय अधिष्ठाता स्वर्गीय बलीराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल जगदलपुर के सेमीनार कक्ष में किया गया है। डायलिसिस टेक्नीशियन के पद हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता मान्यता संस्था से डायलिसिस टेक्नोलॉजी में बीएससी या डायलिसिस टेक्नोलॉजी में डिप्लोमाधारी होने सहित राज्य पैरामेडिकल काउंसिल में पंजीकृत होना चाहिए। सीटी स्कैन टेक्नीशियन पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक अर्हता मान्यता प्राप्त संस्था से सीटी स्कैन टेक्नीशियन में डिप्लोमाधारी होने सहित राज्य पैरामेडिकल काउंसिल में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

# अमृत सरोवरों के निकट किया जाएगा ध्वजारोहण

**पायनियर संवाददाता ⟨ कोण्डागांव**
www.dailypioneer.com

अमृत सरोवर, पर्यावरण की स्थिरता और सामुदायिक विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक होने के कारण स्वतंत्रता दिवस जैसे ऐतिहासिक समारोह के आयोजन हेतु यह उपयुक्त स्थल हैं। भारत सरकार की ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 77 वां स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक अमृत सरोवर स्थलों में विशेष उत्सव कार्यक्रम आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके तहत अमृत सरोवर स्थलों में ध्वजारोहण के आयोजन उपरांत राष्ट्रीय गान का गायन किया जाएगा। इसके साथ ही आमजन द्वारा ग्राम के मुख्य मार्गो से होते हुये अमृत सरोवर स्थलों को शामिल करते हुये तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। समुदाय के सदस्यों और स्थानीय स्कूल के बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक का मंचन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक दिन के प्रभाव को बनाये रखने एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु अभियान चलाकर व्यापक वृक्षारोपण किया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता और हरियाली को स्थायी बनाये रखने हेतु अमृत सरोवर स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा च स्वतंत्रता दिवस की महत्ता, पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास आदि बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए सामूहिक परिचर्चा, प्रश्नोत्तरी परिचर्चा आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण के माध्यम से दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**पायनियर संवाददाता ⟨ कोण्डागांव**
www.dailypioneer.com




न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष उत्तरा कुमार कश्यप की उपस्थिति में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी (पॉक्सो) कमलेश कुमार जूरी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चन्द्र, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट शिव प्रकाश त्रिपाठी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव गायत्री साय, लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोडागांव के अधिवक्तागण एवं जिला कोण्डागांव के समस्त अधिवक्ता, न्यायिक कर्मचारी एवं पैरालीगल वालिंटियर के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिला न्यायालय परिसर कोंडागांव में वृक्षरोपण किया गया। साथ ही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने संदेश दिया की पेड़ हमें जीवित रहने के लिए जरूरी कई लाभ प्रदान करते है, जिसमें स्वच्छ हवा, साफ पानी, छाया और भोजन तक पहुंच शामिल है। वे हमें उम्मीद और अंतदृष्टि भी देते है, और सबसे कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ रहने का साहस देते है। पेड़ हमें उंचाई पर चढ़ते समय अपनी जड़ों से जुडे रहना सिखाते है। इस अवसर पर समस्त अधिवक्ता एवं न्यायिक कर्मचारीगण को अपने-अपने घर पर पौधा लगाने के लिए जागरूक किया गया।

## बस्तर डिवीजन जेएनवी एलुमिनी एसोसिएशन द्वारा किया गया छाता वितरण



**कोंडागांव।** भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित बस्तर संभाग के जवाहर नवोदय विद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों द्वारा विकास नगर कोंडागांव में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत सभी बच्चों और स्टाफ को अपने बड़े होने के साथ छोटे भाई बहनों और विद्यालय के प्रति कर्तव्य का परिचय देते हुए बारिश और धूप से और धूप से बचाव के लिए छतरी वितरण किया गया नवोदय विद्यालय एलुमिनी द्वारा समय समय पर स्वास्थ्य शिविर कैरियर मार्गदर्शन कैंप का लगातार आयोजन किया जा रहा हैं। जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा सुविधा का लाभ मिल रहा हैं इस अवसर पर बड़जा से भूतपूर्व छात्र सचिन मिश्रा, डॉक्टर डीआर मांडवी, सुरेश देवागन,शिवचरण साहू विद्यालय के प्राचार्य संजय सिंह, एके मिश्रा, समीर देवांगन, प्रीति चौहान, आकांक्षा गर्ग, करतार सिंह केमरो, हेमंत गोडबोले सीए और बच्चे उपस्थित रहे हैं।

# श्रावण माह के तृतीय सोमवार को किरंदुल के शिवालयों में हुई विशेष पूजा



**पायनियर संवाददाता ⟨ किरंदुल**
www.dailypioneer.com

श्रावण माह के तृतीय सोमवार को भगवान महादेव के मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई।05 अगस्त सोमवार को लौहनगरी किरंदुल के अलग अलग स्थानों में स्थित शिवालयों और नगर के गांधीनगर नंदी पर्वत पर स्थित शिव मंदिर पर सुबह से ही शिवलिंग पर जल अर्पण करने हेतु भक्तों का तांता लगा रहा।साथ ही इस अवसर पर विभिन्न शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना कर नगर की सुख शांति समृद्धि एवम खुशहाली की कामना की गई।

# शहीद महेंद्र कर्मा के जयंती पर कांग्रेस ने श्रद्धांजलि

- कर्मठ, जुझारू और निर्भीक नेता के रूप में कर्मा की पहचान-गोस्वामी

**पायनियर संवाददाता ⟨ कांकेर**
www.dailypioneer.com



बस्तर टाईगर शहीद महेंद्र कर्मा के 05 अगस्त को जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया। जिला कांग्रेस महामंत्री सुनील गोस्वामी ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद महेंद्र कर्मा 2000 से 2004 में अजीत जोगी कैबिनेट में उद्योग और वाणिज्य मंत्री रहे, 2004 से 2008 तक छत्तीसगढ़ विधानसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका निभाई। वर्ष 2005 में जब बस्तर संभाग सहित समूचे छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अपने चरम पर था तब श्री कर्मा ने छत्तीसगढ़ में माओवादी समूह नक्सलियों के खिलाफ सलवा जुडूम आंदोलन के आयोजन में एक शीर्ष भूमिका निभाई, इस लिए उन्हें सलवा जुडूम के प्रणेता के रूप में भी जाना जाता है, नक्सलवाद के खिलाफ उनका सखूत रवैया एवं मुखर होने के कारण ही छत्तीसगढ़ की जनता के बीच श्री कर्मा बस्तर टाईगर के नाम से जाने- जाने लगे, कर्मठ, जुझारू और निर्भीक नेता के रूप में उनकी पहचान को सदैव याद किया जाएगा। 25 मई 2013 को नक्सलियों द्वारा झीरम घाट पर किये गए हमले में नक्सलियों से लोहा लेते हुये उनकी शहादत हुई। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से सुनील गोस्वामी,मनोज जैन, नरेश बिछिया, दीपक शोरी, मतीन खान,रोशन आरा, शिवांकित श्रीवास्तव, खोमेंद्र उईके, सुरेश नाग, मुकेश तिवारी, चंद्रलोक सिंह ठाकुर, अमन गायकवाड़, विनय सिंह ठाकुर, सद्दाम हुसैन, अनमोल मण्डावी, मनीष साहू सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल हुए।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस वर्ष से छत्तीसगढ़ के समस्त उच्च शिक्षा संस्थानों जैसे महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में लागू कर दी गई

# गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया गया दीक्षारंभ

**पायनियर संवाददाता ⟨ कोण्डागांव**
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस वर्ष से छत्तीसगढ़ के समस्त उच्च शिक्षा संस्थानों जैसे महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में लागू कर दी गई हैं, जिसमे अब स्नातक स्तर की पढ़ाई भी वार्षिक पद्धति से नही बल्कि सेमेस्टर पद्धति से होगी। शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव में नव प्रवेशित विद्यार्थियों, पालकों, नागरिकों को इसकी जानकारी देने के उद्देश्य से एक इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसे शासन ने दीक्षारंभ नाम दिया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जसकेतू उसेंडी, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न बिंदुओं को समस्त विद्यार्थियों में स्पष्टता से समझाने के उद्देश्य से महाविद्यालयीन छात्रों में से एनईपी एंबेसेडर बनाए गए हैं, जिनका मुख्य अतिथि ने तिलक लगाकर स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन में संस्था के प्राचार्य डॉ चेतन राम पटेल ने अतिथियों को इस कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। एनईपी 2020 के जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर और महाविद्यालय के वनस्पतिशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष शशिभूषण कन्नौज ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों और परिवर्तनों को स्पष्ट किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) की प्रस्तावना प्रस्तुत की, एनईपी के मुख्य प्रावधान, पूर्व की शिक्षा नीति और वर्तमान में लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अंतर, पाठ्यक्रम संरचना, एनईपी के बारे में फैले भ्रम और उन की वास्तविकता बताई। इसके पश्चात छात्रों में से एनईपी एंबेसडर विवेक कुमार गुप्ता तथा योगिता नेताम ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पांच आधार स्तंभों की विस्तार से व्याख्या की। विशिष्ट अतिथि दीपेश अरोड़ा ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को नौकरी करने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनने पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं नगर पालिका परिषद कोंडागांव के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने युवा शक्ति पर जोर देते हुए लक्ष्य की प्राप्ति तथा वैश्विक चुनौतियों पर विद्यार्थियों को खरा उतारने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के प्रतिनिधि के रूप में एमएससी रसायनशास्त्र की छात्रा मानसी ठाकुर ने कुछ मांगे भी अतिथियों के समक्ष रखीं, जिसमें महाविद्यालय के विज्ञान भवन को अधिग्रहण से मुक्त करना, जिम तथा खेलकूद सामग्री हेतु अनुदान देना, महाविद्यालय पुस्तकालय सह वाचनालय हेतु वर्तमान छात्र संख्या अनुरूप नवीन भवन का निर्माण, ऑडिटोरियम निर्माण, भव्य प्रवेश द्वार तथा महाविद्यालय में डोम के निर्माण हेतु मांग पत्र दिया गया।

# जिला कोंडागांव में पालक शिक्षक मेगा बैठक के लिए पालकों को निमंत्रण





**पायनियर संवाददाता ⟨ कोण्डागांव**
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 में राज्य के समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में पालक शिक्षक बैठक होना है। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने, उन्हें शाला से जोड़ने, समुदाय को शाला से जोड़ने, उन्हें बच्चे के प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का आकलन कर पालकों के साथ समन्वय साधते हुए संयुक्त रूप से परिणाम उन्मुखी प्रयास करने हेतु पालक शिक्षक बैठक अति आवश्यक है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
**निविदा सूचना सं.:** ई-आर-टी-55-24-25
दिनांक: 30.07.2024
**कार्य का नाम:** WRS कॉलोनी, रायपुर में 79 यूनिट क्वार्टरों (टाइप-II-61, टाइप-III-12, टाइप-IV-6) का निर्माण। **निविदा मूल्य:** ₹ 10,48,47,014/-, | **ईएमडी:** ₹ 6,74,200/-
**निविदा प्रस्तुत करना:** दिनांक **29.08.2024** के **11:00** बजे तक। **निविदा का खोला जाना:** दिनांक **29.08.2024** को **11:00** बजे।
विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजिनियर (समन्वय), एस.ई.सी रेलवे, रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन / डाउनलोड करें।
**मंडल अभियंता - II,**
PR/R/ENGG/FL/100 **द.पू.म. रेलवे, रायपुर**
South East Central Railway @secrail

# प्रशासन से आदिवासी किसान को राहत नहीं, राष्ट्रपति से मांगी इच्छा मृत्यु

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




एनएच अधिकारियों ने छीना आदिवासी किसान का अन्न ढाई एकड़ की खेत तालाब में तब्दील

10-10 हजार इंवेस्ट सरकार समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित

एसडीएम से गुहार पर नहीं मिली राहत

अपनी फसल की बरबादी देख डोहेल के किसान सिद्धेश्वर मरकाम ने अब महामहिम राष्ट्रपति को तहसीलदार के माध्यम से पत्रचार करते इच्छा मृत्यु की मांग किया है क्योंकि लगातार स्थानीय प्रशासन और एनएच विभाग ठेकेदार कर्मचारियों को अवगत कराने के बाद भी खेत से पानी निकासी की कोई पहल नही हो पाया जिससे परेशान किसान सिद्धेश्वर मरकाम ने अपने पत्नी और छोटे छोटे बच्चो के साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर इच्छा मृत्यु के ज्ञापन सौंपा उल्लेखनीय हो की राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा सड़क निर्माण के दौरान डोहेल के पुराने पुलिया को तोड़कर का पाट दिया जिसके कारण सड़क किनारे की सिदेश्वर मरकाम के खेती से पानी का बिल्कुल भी निकासी नही हो रहा मतलब बरसात के समय खेत तालाब में तब्दील हो जाता है और इस बार भी यही हालत है जिसे लेकर एसडीएम कलेक्टर तक गुहार लगाया गया ताकि अस्थाई तौर भी पुल लगाकर पानी निकासी का पहल किया जाए रहा लेकिन सिद्धेश्वर के गुहार पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका जिससे आहत सिद्धेश्वर मरकाम ने आज अपने छोटे छोटे बच्चो के साथ तहसील कार्यालय में पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति के ज्ञापन देते इच्छा मृत्यु की मांग किया है क्योंकि वर्तमान में भी 8 लोगो का भरण पोषण मुश्किल हो गया है सिद्धेश्वर ने बताया की जो खेत से 30 से 35 क्विंटल धान पैदावार कर परिवार का भरण पोषण किया जाता रहा लेकिन पिछले 2 साल से ढाई एकड़ के खेत में पानी का भराव होने के कारण धान का एक दाना उत्पादन नही हो रहा है ऐसे में परिवार किस तरह चलाया जा सकता है और ऐसे तमाम स्तिथि को अवगत कराने के बाद भी न्याय नहीं मिल पाया और अब इतनी हिम्मत नहीं की अधिकारियो के पीछे चक्कर काटा जा सकें इसलिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर इच्छा मृत्यु की मांग किया है।

### जमा पूंजी के साथ खाद धान बीज खत्म

सिदेश्वर की पत्नी गुरुवारी मरकाम ने बताया की रोजगार गारंटी मे काम कर बचाया पैसा से जैसे तैसे कर खेत की जोताई किया उसके अलावा सोसायटी से धान बीज और खाद लेकर का इस्तेमाल किया है जो वर्तमान तालाब में तब्दील के समान खेत को देख फिज़ूल नजर आ रहा है मतलब हर तरह से नुकसान उठाया जा रहा है ना फसल उत्पादन कर समर्थन मूल्य मे बेचा जा रहा है और ना लागत राशि की वसूली ऐसे में बच्चो की पढ़ाई लिखाई परिवार का गुजर बसर काफी ज्यादा मुश्किल हो रहा है यही वजह है कि ब्लॉक से लेकर जिला अधिकारियों सहित ठेकेदार के कर्मचारियों के बीच गिड़गिड़ाने को मजबूर है मगर अफसोस की बात है की आज भी खेत से पानी निकासी के लिए कोई ठोस कार्यवाही नही हो पाया है।

### अपने स्तर पर पहल करने का तहसीलदार ने दिलाया भरोसा

नवपदस्थ चितेश देवांगन ने मामला को गंभीरता से लेते हुए आदिवासी किसान सिद्धेश्वर को भरोसा दिलाया है की किस कारणवस पुल नही बन पाया वर्तमान में किस तरह राहत दिलाया जाए ऐसे तमाम बिंदु को लेकर एनएच अधिकारियों से चर्चा किया जाएगा और जितना भी हो अपने स्तर पर पहल करने की बात कही जिसके बाद सिदेश्वर मरकाम मे थोड़ी बहुत उम्मीद जगी है खेत से पानी की निकासी होगा और पहले की तरह फसल उत्पादन किया जाएगा।

### सोशल मीडिया पर न्याय की मांग

मामला उजागर होने के बाद समाज सेवक से लेकर राजनीति दल के नेताओ ने भी पार्टी विशेष से हट सिदेश्वर को न्याय दिलाने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से पेपर कटिंग को अपलोड कर मंत्रियों से कार्यवाही की मांग कर रहे हैं सबसे पहले युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप ने विभागीय अधिकारियों के अलावा ठेकेदार कर्मचारियों से चर्चा कर किसान की समस्या का निराकरण करने के लिए कहा रहा इसके अलावा भाजपा नेता देवेन्द्र ठाकुर ने एक्स पर प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवम् उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को टैग पोस्ट कर कार्यवाही की मांग किया है इसके अलावा रेपर आकाश प्रधान ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते आदिवासी किसान को इंसाफ दिलाने की बात कही है।

# अंतर्राज्यीय अवैध गांजा तस्करी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक द्वारा कानुन व्यवस्था एवं अपराधों के नियत्रंण एवं रोकथाम करने एवं समय समय पर पुलिस को आसूचना तंत्र को मजबूत करते हुए एवं संदिग्ध आचरण के व्यक्तियों पर सतत् निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में धमतरी पुलिस अर्जुनी थाना द्वारा हमराह के साथ शासकीय वाहन से पेट्रोलिंग डियूटी पर रवाना होकर ग्राम श्याम तराई रोड के तरफरवाना हुई थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली की दो व्यक्ति मोटर सायकिल में जगदलपुर की ओर से आ रहे हैं जिनके पास अवैध गांजा रखने की सूचना पर तत्काल श्यामतराई के पास पहुंचकर जगदलपुर की ओर से आने वाले मोटर सायकिल की चेकिंग किया जा रहा थी। उसी समय एक एच एफ डीलक्स मोटर सायकल क्रमांक एमपी 65 एमई 2515 जो जगदलपुर से धमतरी की ओर आ रही थी। जिसे रोककर पूछताछ करने पर मोटर सायकल चालक ने अपना नाम राजेन्द्र गुप्ता बताया जिनके पास से एक रैग्जीन बैग नीला काला रंग का जिसके अन्दर भूरा रंग के टेप से लिपटा एक पैकेट में 05 किलो 621ग्राम मादक पदार्थ गांजा किमती 56210 रू तथा दूसरे आरोपी विश्वनाथ पनिका से एक सफेद रंग की बोरी का बना अन्दर भूरा रंग के टेप से लिपटा एक पैकेट में 5 किलो 567 ग्राम गांजा एवं मोटर सायकल हीरो एचएफडिलक्स क्रमांक एमपी 65 एमई 2515 कीमती 30,000 रू एवं प्लास्टिक का थैला जिसके मादक पदार्थ 55,670 रूपये कुल वजन 11 किलो 188 ग्राम कुल जुमला कीमती 1,41,880 रूपये जब्त कर, आरोपियों को कृत्य अपराध धारा 20 (बी)। (बी) नारकोटिक्स एक्ट का घटित करना पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से आरोपी राजेन्द्र गुप्ता पिता स्व. छोटेलाल गुप्ता उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम चचाई थाना चचाई जिला अनुपपुर म.प्र. एवं विश्वनाथ पनिका पिता स्व. हीरालाल पनिका उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम बदौड़ी थाना जैतपुर जिला शहडोल मप्र. को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## रिसाईपारा में विराजमान नागेश्वर महादेव मंदिर में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना साहू ने किया जलाभिषेक, समस्त क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना



पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

श्रावण मास के तृतीय सोमवार में धर्मधरा धाम धमतरी में विराजमान नागेश्वर महादेव मंदिर रसाईपारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिव भक्तजन जलाभिषेक करने पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं धमतरी पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू कांवरिया शिव भक्तों की सेवा सत्कार करने एवं महादेव शिवलिंग पर जलाभिषेक करने पहुंचे। भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हुए रंजना साहू ने कहा कि भगवान भोलेनाथ अवघटदानी है जिनके शरण में आने वाले सभी भक्तों के दुखों को हर कर देवाधिदेव महादेव उनकी झोली को खुशियों से भर देते हैं। भक्तों की भक्ति आराधना उपासना के महापर्व श्रावण मास में बेलपत्र व एक लोटा जल से महादेव भगवान शिव जी प्रसन्न हो जाते हैं साहू ने आगे कहा कि बड़े दूर-दूर से कांवरिया भक्तजन जल लेकर भगवान भोलेनाथ में शिवलिंग में जल अर्पित करते हैं, यह श्रद्धा भक्ति विश्वास का अद्वितीय प्रतीक है। भाजपा महिला नेत्री पार्वती वाधवानी ने बताया कि सृष्टि के उद्धार एवं संहार भगवान भोलेनाथ की इच्छा पर निर्भर है, जो भोलेनाथ की शरण में आते हैं उनका दुख हर लेते हैं। जनसेविका उषा कौशिक ने कहा कि शिव भक्तों की सेवा सत्कार का अवसर मिलना सौभाग्य का पल है, इस साल श्रावण मास प्रथम सोमवार से प्रारंभ हुआ और अंतिम सोमवार में समाप्त होगा यह श्रावण मास का महीना शिव भक्तों के लिए विशेष माह है। इस अवसर पर मुख्य रूप से कांवरिया संघ के प्रमुख कृष्ण कुमार गुप्ता, मेघराज ठाकुर, डीपेंद्र साहू, पन्ना थवाईत सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

## डॉ. प्रफुल्ल चंद्र राय जैसे रसायनज्ञ बनें : अशोक वर्मा





पायनियर संवाददाता ◂ कसडोल
www.dailypioneer.com

विद्या भारती की योजना अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कसडोल में भारत के विश्व प्रसिद्ध रसायनशास्त्री, इतिहासकार, शिक्षाविद् डा.प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती पर बाल भारती, किशोर भारती, कन्या भारती, विज्ञान परिषद एवं गणित परिषद के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय रसायन शास्त्र दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सरस्वती शिक्षा समिति के प्रबंधकारिणी सदस्य एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय नंदनिया के प्रधानपाठक अशोक कुमार वर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष गंगाप्रसाद साहू,विशेष अतिथि के रूप में प्राचार्य जयलाल मिश्रा एवं रसायन शास्त्र के व्याख्याता हेमंत कुमार साहू उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, ओम, भारत माता तथा डा.प्रफुल्ल चंद्र राय के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पूजन किया गया तत्पश्चात् कक्षा दसवीं के छात्र योगेश साहू, तुलसी ठाकुर, खुशी साहू द्वारा डॉ.राय की जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि अशोक कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय भारत के प्रसिद्ध रसायन शास्त्री के साथ महान शिक्षाविद् एवं इतिहासकार थे। जर्मनी के एडिनबर्ग से इंडस्ट्रियल केमेस्ट्री में डाक्टर आफ साइंस की उपाधि प्राप्त करने वाले डॉक्टर राय कलकत्ता विश्वविद्यालय में प्राध्यापक रहे, इन्होंने उस जमाने में मिलने वाले बहुत ही कम वेतन से बचा कर बंगाल केमिकल्स के नाम से भारत की पहली फार्मास्युटिकल कंपनी स्थापित किया तथा भारत के स्वाभिमान को प्रदर्शित किया। उन्होंने 'ए हिस्ट्री आफ हिन्दू केमेस्ट्री' ग्रन्थ भी लिखा। श्री वर्मा ने बच्चों को डा प्रफुल्ल चंद्र राय जैसा वैज्ञानिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य जयलाल मिश्रा, हेमंत कुमार साहू ने भी डॉ राय के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्ष गंगाप्रसाद साहू ने भी देश के महान विभूतियों की जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों से प्रेरणा लेकर अपने परिवार, विद्यालय तथा देश का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडलों का प्रदर्शन एवं रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया। गणित परिषद के प्रभारी दानेश कुमार पटेल ने आभार व्यक्त किया। भारतीय रसायन शास्त्र दिवस का संयोजन उमा कर्ष ने किया। इस अवसर सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाओ की उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन विष्णु प्रसाद केंवट ने किया।

## भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा कांवरियों का स्वागत किया गया



**धमतरी।** पवित्र श्रावण मास की तृतीय सोमवार को भाजपा जिला धमतरी महिला मोर्चा के द्वारा ग्राम रुद्री आस्था सदन के पास भगवान शिव जी पर जलाभिषेक अभिषेक करने जा रहे कांवरियों का स्वागत जो जोरदार महादेव का जयकारा के साथ किया गया एवं उन्हें चाय पिलाई गई। इस अवसर पर महिला मोर्चा से प्रदेश कोषाध्यक्ष अध्यक्ष हेमलता शर्मा जिला उपाध्यक्ष श्यामा साहू महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रकला पटेल महामंत्री मोनिका देवांगन, गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू, जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सरिता यादव, महिला मोर्चा से संगीता जगताप, अनीता यादव, अनीता दमयंती, गजेंद्र संतोषी साहू, गीता शर्मा, रुक्मणी सोनकर, ममता सिन्हा, डॉली सोनी नीतू त्रिवेदी नम्रता पवार सुशीला तिवारी श्यामा साहू जनपद सदस्य पिंकू जागेन्द्र साहू रूपाली ध्रुव एवं बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां उपस्थिति रहीं।

## आंकाक्षा जगत एकलव्य में चयनित



**भंवरपुर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बसना में अध्ययनरत आंकाक्षादेवी का चयन एकलव्य आवासीय विधालय भोरिंग में हुआ है। आंकाक्षा बाराडोली के शिक्षक ओमप्रकाश जगत, माता मंजुलता जगत गृहणी के सुपुत्री है। आंकाक्षा के चयन होने पर सेजेश प्राचार्य एवं शिक्षक और गांव के मित्र, शुभचिंतको और दिशा कोचिंग सेंटर भंवरपुर के संचालक तरुण मोरी ने भी हर्ष व्यक्त किया हैं।

## संकुल स्तरीय पेरेंट्स टीचर मीटिंग को लेकर बैठक आयोजित



**भंवरपुर।** संकुल केंद्र खोकसा में प्राचार्य पंचानन ठाकुर की अध्यक्षता में मेगा पीटीएम की तैयारी हेतु बैठक रखी गई। जिसमें आगामी 6 अगस्त को होने वाले संकुल स्तरीय मेगा पैरेंट टीचर मीटिंग हेतु कार्य योजना बनाई गई। संकुल समन्वयक टी आर पटेल ने बताया कि राज्य शासन के आदेशानुसार प्रत्येक संकुल में संकुल स्तरीय मेगा पैरेंट टीचर मीटिंग का आयोजन किया जाना है। संकुल केंद्र खोकसा में बैठक का आयोजन दोपहर 1:00 बजे रखा गया है। जिसमें प्रत्येक स्कूल से आधे शिक्षक एवं पालकों को अपनी उपस्थिति देनी है। इस कार्य हेतु समस्त संस्था प्रमुखों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। संकुल समन्वयक टी आर पटेल ने आगे बताया कि आधे शिक्षक स्कूलों में रहकर अध्यापन कार्य करेंगे और आधे शिक्षक मीटींग में भाग लेंगे। इस मेगा पैरेंट टीचर मीटिंग में विभिन्न विषयों पर पालकों से चर्चा करने एवं जागरूक करने हेतु अलग-अलग शिक्षकों को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में रोहिना हाई स्कूल प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल, प्रधान पाठक नारायण प्रसाद नायक, डी पी बंजारे, बनखंडी सिदार, महावीर भोई, नंदकुमार चौहान, बोधन पटेल, मोहित बरिहा, लखनलाल चंद्रवंशी, गीता पटेल, उमा पटेल, पदमिनी भोई, रत्ना पटेल सहित संकुल के शिक्षकगण उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ योग विकास एवं जन कल्याण समिति के द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◂ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



हरेली के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ योग विकास जन कल्याण समिति के द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी जिलों को 50-50 पौधे रोपण के लिए जिला प्रभारियों को प्रेषित किया गया। जिसमें सर्व प्रथम महासमुंद जिले के द्वारा 50 पौधे रोपण किया गया। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की योजना छत्तीसगढ़ योग विकास जन कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष डिजेन्द्र कुर्रे, प्रदेश सचिव रोहित शर्मा, उपाध्यक्ष अमित राठौर, कोषाध्यक्ष शांतम कश्यप के द्वारा अनूठा प्रयास किया गया। पर्यावरण को हरा भरा बनाने के लिए अनुकरणीय प्रयास किया जो मानव समुदाय को प्रेरणा के संदेश बना है। सरकारी स्कूल परिसर में बच्चों के साथ पौधा जगाकर बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक भी किया। प्रदेश अध्यक्ष डिजेन्द्र कुर्रे ने बताया कि अपने जीवन में प्रति वर्ष एक वृक्ष लगाए इससे बड़ा पुण्य हो ही नहीं सकता। जितना ज्यादा पर्यावरण के प्रति सजग रहेंगे उतना ज्यादा शुद्ध प्राण वायु हमें प्राप्त होगा। ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए पर्यावरण कि सुरक्षा करना हम सबका दायित्व है। आने वाले समय में पर्यावरण को और हरियाली बनाने के लिए सतत रूप से पर्यावरण के क्षेत्र में और काम करने की आवश्यकता है। हम सब संकलिप है कि छत्तीसगढ़ योग विकास जन कल्याण समिति हमेशा जन कल्याण का करते रहेगी। इस पुनित कार्य में जिला प्रभारी प्रेमचंद साव महासमुंद, भागवत साहू सारंगढ़ बिलाईगढ़, गुलशन खम्हारी रायगढ़, प्रतिभा त्रिपाठी दुर्ग भिलाई, प्रेम सागर यादव जशपुर नगर, राजेन्द्र साहू गरियाबंद एवं अन्य जिले के सदस्यों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

## चाकू दिखा कर लोगो को डरा धमका रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



थाना सिटी कोतवाली धमतरी को मोबाईल के माध्यम से मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति जो नीला रंग के शर्ट व स्लेटी रंग के पेंट पहना है जिसकी उम्र लगभग 20 से 22 वर्ष है बिलई माता मंदिर के पीछे गौशाला के पास आम जगह पर अपने हाथ में एक लोहे धारदार बटंची चाकु हथियार लेकर हवा में लहराते हुए आने जाने वाले लोगो को डारा धमका रहा है की सूचना पर तत्काल हमराह स्टॉफ के रवाना होकर मुखबिर के बताये स्थान पहुँचकर गवाहों के घटना स्थल बिलाई माता मंदिर के पीछे गौशाला के पास गये देखे एक व्यक्ति जो नीला रंग के शर्ट व स्लेटी रंग के पेंट पहना है जिसकी उम्र लगभग 20 से 22 वर्ष है अपने हाथ में एक लोहे धातु का धारदार बटची चाकु हथियार लेकर हवा में लहराते हुए आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा था। जिसे पुलिस एवं गवाहों के द्वारा घेरा बंदी कर उस व्यक्ति को पकड़कर उस व्यक्ति का नाम पता पुछने पर वह अपना नाम मनीष कुमार साहू उर्फ मनी रोकड़ा पिता चेतन लाल साहू उम्र 23 वर्ष देवांगन चौक हटकेशर वार्ड धमतरी थाना सिटी कोतवाली जिला धमतरी का निवासी बताया जिसके कब्जे से एक लोहे धातु का धारदार बटंची चाकू हथियार को गवाहों के समक्ष जब्त कर आरोपी मनीष साहू उर्फ मनी रोकड़ा के द्वारा सदर अपराध का घटित करना तथा पर्याप्त सबूत साक्ष्य पाये जाने से आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली धमतरी मेंअप क्र 303/24 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरी राजेश मरई, प्रआर गोपी चन्द्राकर, देवेंद्र राजपूत, सौरभ पटेल, दीपक साहू, आर विकास द्विवेदी, अंकुश नंदा, आनंद कटवार, चंदर जमदार, डायमंड यादव, मुकेश सिन्हा सहित थाना कोतवाली एवं सायबर टीम का विशेष योगदान रहा।

# पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 230 नग मोबाईल किया रिकवर

## अभियान में लगभग 32 लाख रुपये कीमत मूल्य के विभिन्न कंपनियों के मोबाइल किये गये रिकवर

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिले के विभिन्न थानों में विगत कुछ समय से दर्ज मोबाइल गुमने की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुये जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा गुम हुए मोबाइलों को रिकवर करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें सीसीटीएनएस प्रभारी प्रधान आरक्षक विनोद सिंह, आरक्षक मुकेश तिवारी, प्रशांत दीवान, धर्मेद्र यादव, प्रवीण यादव, कमलेश श्रीवास, नारायण देवांगन, अमीर राय की टीम द्वारा विशेष अभियान के तहत जिले के विभिन्न थानों में दर्ज गुम मोबाइल की रिपोर्ट पर तत्परतापूर्वक अथक प्रयास, लगन एवं मेहनत से खोजबीन करते हुए 230 नग गुम मोबाइलों को रिकवर करने में सफलता प्राप्त हुई है। रिकवर किये गये विभिन्न कंपनियों के मोबाइल की अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 32 लाख रूपये है। अभियान में पुलिस टीम द्वारा जिला रायपुर, महासमुंद, दुर्ग, बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर चांपा, बेमेतरा, बालोद, धमतरी, शक्ति, कबीरधाम, कोरिया आदि जिलों के सांथ-सांथ दीगर उड़ीसा, गोंदिया महाराष्ट्र से भी मोबाइल रिकवर किया गया है। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह एवं हेमसागर सिदार द्वारा जिला पंचायत बलौदाबाजार सभागृह में उक्त सभी मोबाइलों को उनके मालिकों के सुपुर्द किया गया। मोबाइल गुम होने पर उसके मिलने की आस खो चुके लोगों को उनका खोया हुआ मोबाइल वापस मिलने पर उन सभी के द्वारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित कर प्रसन्नता व्यक्त किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा चर्चा करते हुए बताया गया कि पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी निरंतर चलता रहेगा। साथ ही उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को कहीं भी लावारिस मोबाइल पड़ा हुआ मिले या कोई व्यक्ति बिना रसीद के कम कीमत में मोबाइल उपलब्ध करा रहा है, तो ऐसा मोबाइल चोरी का अथवा किसी अपराध में उक्त मोबाइल का प्रयोग किया गया, हो सकता है। ऐसी परिस्थिति में तुरंत अपने निकटतम थाने में इसकी सूचना देकर एक सच्चे नागरिक होने का कर्तव्य निभावे। सांथ ही उन्होंने अपील किया कि, अपना मोबाइल सुरक्षित रखें। किसी व्यक्ति का मोबाइल पाने वाला, दीगर व्यक्ति उस मोबाइल का गलत उपयोग कर सकता है, इसलिए अपना मोबाइल संभाल कर रखें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को नवीन कानून के विषय, साइबर अपराध एवं यातायात नियमों के संबंध में भी जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में निरीक्षक शशांक सिंह द्वारा नवीन कानून में निहित प्रावधानों, प्रक्रिया तथा साइबर अपराध से बचाव सतर्कता एवं बचाव के संबंध में जानकारी दिया गया। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा यातायात नियमों का पालन करते हुए सुगम एवं सुरक्षित परिवहन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया।

## जिले के अमृत सरोवर स्थलों पर 15 अगस्त 2024 को मनाया जाएगा विशेष उत्सव



**धमतरी।** देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का स्मरण कर उनकी स्मृतियों को जीवन्त बनाए रखने के जिले के अमृत सरोवरो में 15 अगस्त को विशेष उत्सव मनाया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक अमृत सरोवर स्थल पर ध्वजारोहण समारोह का आयोजन कर उपस्थितजनों द्वारा राष्ट्रगान गाकर राष्ट्रध्वज को सलामी देंगे। ग्राम समुदाय द्वारा तिरंगा जुलूस यात्रा निकालकर गांव/पंचायत की मुख्य सड़कों को कवर करते हुए अमृत सरोवर स्थल पर ही समाप्त करेंगे। स्थानीय स्कूली बच्चों और समुदाय के सदस्यों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य और नाटक प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर उल्लासपूर्ण वातावरण में खुशियां बिखेरेंगे। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और इस दिन को स्थायी प्रभाव के साथ मनाने के लिए वृक्षारोपण अभियान का आगाज करेंगे तथा पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे।

## पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 4 शराब कोचियों को किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले, शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 03.08.2024 को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम रवान ट्रक यार्ड, रायपुर रोड पेट्रोल पंप के पास एवं रिसदा रोड बलौदाबाजार में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बनाकर बिक्री करने वाले 04 शराब कोचियों को पकड़ा गया है। आरोपियों से कुल 19,250 कीमत मूल्य का 175 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। साथ ही एक प्रकरण में आरोपी से अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी क्र. सीजी 22-4145 भी जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में क्रमशः अपराध क्र. 507, 508, 509, 510/ 2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।



# सर्वे रिपोर्ट में नाम छूट जाने के कारण नहीं मिल पाया पट्टा, आवेदक ने कलेक्टर से लगाई गुहार

- शासकीय भूमि पर कब्जा कर की जा रही है कृषि, किसानों ने की शिकायत
- शासकीय घास भूमि से अतिक्रमण हटाने कृषकों ने दिया आवेदन, पशुओं के लिए चारागाह की समस्या
- जनदर्शन में प्राप्त हुए 135 आवेदन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 135 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंचे तितुरडीह निवासी ने अवैध अतिक्रमण की शिकायत की। उन्होंने कहा कि हनुमान नगर वार्ड-21 तितुरडीह हनुमान मंदिर के सामने से 60 फीट सड़क को अवैध रूप से अतिक्रमण कर मकान व बाउण्ड्रीवाल का निर्माण पक्की सड़क को तोड़कर बाउण्ड्रीवाल के लिए कालम उठाया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम डून्डेरा के किसानों ने ग्राम डून्डेरा में अवैध कब्जे की शिकायत की। उन्होंने बताया कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा कर कृषि कार्य किया जा रहा है, चूंकि वह जगह आम किसानों के आने जाने के लिए रखा गया था। उक्त शासकीय जगह को कब्जा करने के कारण किसानों को कृषि कार्य करने व कृषि उपकरण समान ले जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार रिसाली को निरीक्षण कर आवश्यक करने को कहा। दुर्ग निवासी ने पट्टा प्रदान करने आवेदन दिया। उन्होंने कहा कि 40 वर्ष से अधिक समय से वह लगातार निवासरत है। विगत दिनों शासन द्वारा उक्त क्षेत्र का सर्वे किया गया एवं सभी लोगों को पट्टा प्रदान किया गया। जिस समय घर का सर्वे किया जा रहा था उस समय उनका परिवार वहां उपस्थित नही था। बीमारी के चलते उन्हें अहमदाबाद जाना पड़ता है। बाहर होने के कारण सर्वे में उनका नाम छूट गया है, जिसके कारण पट्टा प्रदान नही हो पाया है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। गया नगर दुर्ग निवासी ने बताया कि वार्ड क्रमांक 5 गया नगर गली को विगत दिवस सीमेंटीकरण किया गया। सीमेंटीकरण हो जाने के कारण पानी निकासी नही हो पा रही है, जिसके कारण पानी गली में जमा हो रहा है, जमा पानी में मच्छर पनपने के कारण डेंगू, मलेरिया होने का खतरा बना रहता है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। चंगोरी ग्रामवासियों ने शासकीय घास भूमि से अतिक्रमण हटाने कलेक्टर से गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि घास भूमि में अतिक्रमण कर अवैध निर्माण होने के कारण गौवंश हेतु चारागाह नही है। ग्रामवासियों द्वारा इस संबंध में हल्का पटवारी के समक्ष अतिक्रमण जांच हेतु ज्ञापन भी सौपा गया था। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना, आर्थिक सहायता, अनुकंपा नियुक्ति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें अवैध कब्जा के अधिक आवेदन प्राप्त हुए। इन सभी आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। जनदर्शन के दौरान उपस्थित विभागीय अधिकारी द्वारा राशन कार्ड एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही भी की गई।

# महापौर ने की गोदभराई की रस्म

## गार्डन में तंबू बनाकर रहने वाली महिला अधिकारियों को देख भागी

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com





मैत्री नगर स्थित गार्डन में हो रहे अतिक्रमण को रिसाली निगम ने हटाया। दशहरा मैदान रिसाली में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में मैत्रीनगर निवासी महेन्द्र साहू ने शिकायत की थी। शिकायत का निराकरण करने गार्डन पहुंचे अधिकारियों को देख महिला भाग खड़ी हुई। बाद में निगम के तोड़ू दस्ते ने महिला द्वारा तैयार बांस बल्ली के तंबू को ध्वस्त किया। शिकायतकर्ता ने बताया था कि महिला वहीं रहती है। खाना बनाकर झूठा सड़क पर फेक गंदगी फैलाती है। मना करने पर मोहल्ले में अश्लील गाली देती है। निगम अधिकारियों ने इस आवेदन का तत्काल निराकरण किया। शिविर के आरंभ होते ही महापौर शशि सिन्हा और आयुक्त मोनिका वर्मा ने हितग्राहियों से मुलाकात कर उनके शिकायतों का निराकरण करने निर्देश दिए। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य चन्द्रभान ठाकुर, डॉ. सीमा साहू, सोनिया देवांगन, पार्षद सुनंदा चंद्राकर, जमुना ठाकुर, रमा साहू, धर्मेन्द्र भगत, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, टिकम साहू, सविता ढवस, ओमप्रकाश मिर्झा, सांसद प्रतिनिधि दीपक चंद्राकर, मण्डल महामंत्री राजू जंघेल आदि उपस्थित थे।

### शिविर में मिला मृत्यु प्रमाण पत्र

सोमवार को हुए शिविर में आयुक्त मोनिका वर्मा ने तत्काल मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया और पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराया। स्टेशन मरोदा निवासी कार्तिक राम साहू अपनी दिवंगत पत्नी तुलसी बाई और डुण्डेरा निवासी शांति बाई अपनी माँ उर्मिला सतनामी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने शिविर में पहुंची थी। इसके अलावा महापौर ने राशन कार्ड का वितरण किया। जनसमस्या निवारण शिविर में 171 मांग में 105 और 35 शिकायत में 2 का निराकरण किया। इसके अलावा लगभग 100 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में जनप्रतिनिधियों ने गर्भवती महिला का गोदभराई करते हुए उसे पौष्टीक आहार से भरे टोकरी दिया।

### शिविर रूआबांधा डोम शेड, दशहरा मैदान में

मंगलवार को जनसमस्या निवारण शिविर रूआबांधा डोम शेड, दशहरा मैदान में लगाया जाएगा। इस शिविर में वार्ड-2 रूआबांधा उत्तर, 03 रूआबांधा दक्षिण, 04 रूआबांधा पूर्व, 05 एचएससीएल कालोनी एवं रूआबांधा सेक्टर के नागरिक समस्या मूलक आवेदन कर सकते है।

# प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, सफाई जैसी समस्याओं का किया गया निराकरण

- जन समस्या निवारण शिविर में मिले पीएम आवास,सड़क/नाली निर्माण एवं अतिक्रमण से संबंधित आवेदन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम द्वारा जन समस्या निवारण पखवाड़ा शिविर अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों में शिविर का आयोजन जारी है। बड़ी संख्या में नागरिक अपनी मांग वसमस्याओं को लेकर शिविर में पहुंच रहे हैं। जिनके विधिवत् निराकरण की पहल की जा रही है। वार्ड 50, 51, 52, 53, 54 एवं 55 के नागरिकों के मांगों व स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिए नगर निगम जोन कार्यालय बोरसी रेलवे क्रॉसिंग में जन समस्या निवारण पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया।जिसमे महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, पार्षद ज्ञानदास बंजारे, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, उपअभियंता हरिशंकर साहू समेत वार्डवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर महापौर व आयुक्त ने शिविर में पहुँचे सभी आवेदकों से उनकी मांगों एवं समस्याओं के बारे में जानकारी ली।उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।राज्य सरकार के नगरीय निकाय प्रशासन के तत्वावधान में जन समस्या निवारण पखवाड़ा शिविर नगरीय निकायों में मनाया जा रहा है। इसमें निगम प्रशासन द्वारा जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, नाली, सड़क साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था जैसी विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्राप्त हुए. इनमे कई समस्याओं को तुरंत निराकरण किया गया। शिविर में आज 257 आवेदन प्राप्त हुए।104 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।शेष बचे 153 आवेदनों को जल्द निराकरण के लिए अधिकारी को निर्देश दिए। आयुक्त ने बताया कि इस प्रकार शिविर सभी वाडों में लगाया जा रहा है। शिविर में आम जनता को हर संभव मदद की जा रही है। आगामी शिविर 06 अगस्त को वार्ड क्रमांक 38 मिलपारा पानी टंकी के सामने गणेश मंच में 36,37,38,39 एवं 40 के वार्डो के नागरिको के लिए लगाया जाएगा।

# राज्य स्तरीय बाल विज्ञान नाटिका में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा को मिला तृतीय स्थान

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com



राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा के छात्रों ने राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने जिले का परचम लहराया। राज्य स्तर पर होने वाले शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर जिला बस्तर में बाल विज्ञान नाटिका में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा कक्षा ग्रामीण अंचल से आने वाले नवमी के छात्र-छात्राओं ने अपनी बाल विज्ञान पर आधारित बहुत ही सुंदर प्रस्तुति के द्वारा अपने विद्यालय एवं एम सी बी जिले का नाम रोशन किया.इस बाल विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों के साथ-साथ व्याख्याता निर्मला अग्रवाल एवं व्याख्याता सुनीता मिश्रा भी उपस्थित थी. कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती ऐसे उम्दा विचार रखने वाले इस कार्यक्रम के लिए संस्थान के प्रेरणा स्रोत एवं मार्गदर्शक संस्था के प्राचार्य बलराज पाल भी उक्त कार्यक्रम में उपस्थित हुए .इस समय पूरे भारतवर्ष में मानसून आ चुका है ऐसी मुश्किल घड़ी में भी प्राचार्य ने दमखम के साथ बच्चों को बाल विज्ञान नाटिका में हिस्सा लेने के लिए जगदलपुर जिला बस्तर भेजा और राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया. जनजातीय क्षेत्र में रहने वाले इस अंचल के बच्चों में भी प्रतिभाएं छिपी रहती हैं बस उन प्रतिभाओं को निखारने का नजरिया होना चाहिए। पूर्व में प्राचार्य बलराज पाल अपनी सेवाएं जिला भैरमगढ़ के एकलव्य विद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरमगढ़ में दे चुके हैं. विद्यालय परिवार के छात्रों को मिली इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए शिक्षकों ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है.

# जिले के 177 संकुलों द्वारा चिन्हांकित विद्यालयों में मेगा पीटीएम का आयोजन प्रातः 10 बजे से

- कलेक्टर चौधरी ने मॉनिटरिंग हेतु 177 अधिकारियों की ड्यूटी लगाई

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिले के 177 संकुलों द्वारा चिन्हांकित विद्यालयों में 06 अगस्त 2024 को प्रथम पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया जा रहा है। उक्त बैठक प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगी। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने बैठक की सुचारू संचालन एवं मॉनिटरिंग हेतु 177 अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। उक्त अधिकारी बैठक की कार्य गतिविधियों पर नजर रखेंगे और संपूर्ण जानकारियां संबंधी प्रतिवेदन शिक्षा विभाग को प्रस्तुत करेंगे। पालक शिक्षक बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी पालकों में उनके बच्चों एवं विद्यालय की संपूर्ण गतिविधियों के संबंध में जागरूकता लाना है, ताकि पालकों एवं शिक्षकों के सामूहिक प्रयास से बच्चों के बेहतर भविष्य के नींव गढ़ी जा सकें। शिक्षकों एवं पालकों के मध्य समन्वय स्थापित करना। पालकों को उनके बच्चों की पढ़ाई में मदद हेतु समाधानकारक, उपाय एवं सुझाव से अवगत कराना तथा शासन द्वारा बच्चों हेतु संचालित योजनाओं एवं शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु जिले में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों से पालकों को अवगत कराना है। संकुल प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में समस्त सम्मानीय जनप्रतिनिधि, समस्त एस.एम.डी.सी. एवं एस.एम.सी. के सदस्य, समस्त पालकगण, मेधावी छात्र एवं उनके पालक और शिक्षकगण सम्मिलित होंगे। चर्चा हेतु मुख्य 12 बिन्दु निर्धारित है।

# कौशल विकास अंतर्गत जैविक खेती पर 6 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा (अ) द्वारा ग्रामीण युवा कौशल विकास योजनांतर्गत ग्राम चंगोरी पाटन दुर्ग के जैविक खेती हेतु चयनित 28 युवाओं को जैविक खेती विषय पर प्रशिक्षण 30 जुलाई 2024 से 05 अगस्त 2024 तक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में चयनित ग्रामीण युवक एवं युवतियों को जैविक खेती की आवश्यकता लाभ एवं व्यवसायीकरण पर विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। प्रशिक्षाणार्थियों को जैविक खेती में लगने वाले विभिन्न घटक जैसे जीवामृत, बीजामृत, पंचगव्य, नीमास्त्र आदि बनाने का जीवंत प्रदर्शन एवं हरी खाद का जैविक खेती में महत्व केंचुआ खाद बनाने की कम लागत तकनीक के बारे में प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण में विभिन्न जैव-कारकों का कीड़े एवं बिमारियों के प्रबंधन में प्रयोग विधि तथा उत्पादित जैविक उत्पाद का प्रसंस्करण एव मूल्य संवर्धन तकनीक के बारे में बताया गया जिससे कि खेती में कम लागत कर अधिक मुनाफा लिया जा सके। प्रशिक्षण में जैविक खेती हेतु चयनित कृषकों को जैविक प्रमाणीकरण की विधि एवं ध्यान में रखने वाले सभी बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई। जैविक खेती को व्यवसाय के रूप में स्थापित करने हेतु जैविक प्रमाणीकरण, जैविक उत्पादक के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन पर विशेष जोर दिया गया। इस प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा (अ) के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. विजय जैन, विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. नीतू स्वर्णकार (सस्य विज्ञान), डॉ. कमल नारायण (उद्यानिकी), डॉ. ललिता रामटेके (मृदा विज्ञान), डॉ. विनय कुमार नायक (कृषि अभियांत्रिकी) द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया।

# महापौर ने नगर निगम परिसर माँ दुर्गा मंदिर में श्रावण मास के तीसरे सोमवार को भगवान शिव का विधि-विधान के साथ किया रुद्राभिषेक

- ऋतु पुष्पों से हुआ श्रृंगार, भक्तों की भीड़ उमड़ी, नगर निगम में भोलेनाथ के जयकारे गूंजे

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम परिसर में लगातार पांच वर्षो से श्रावण मास कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है।इस क्रम में आज नगर निगम परिसर स्थित माँ दुर्गा मंदिर में सावन मास के तीसरे सोमवार भगवान शिव की महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा निगम परिवार के साथ विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की।पंडित द्वारा महापौर को भगवान शिव का रुद्राभिषेक कराया।सबसे पहले भगवान को जल और दूध से अभिषेक कर पूजा-अर्चना की गई. इसके बाद मंत्रोचार के साथ रुद्राभिषेक पूजन किया गया.इस अवसर महापौर धीरज बाकलीवाल कहा कि प्रदेश एवं शहर की जनता की खुशहाली, सामान्य वृष्टि, किसानों को अच्छी फसल, रोग-दोष से मुक्ति के लिए प्रार्थना की।महापौर के साथ सभापति राजेश यादव एमआईसी सदस्य दीपक साहू, संजय कोहले, जमुना साहू, मनदीप सिंह भाटिया, पार्षद बृजलाल पटेल, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर, पोषण साहू, प्रकाश अहीर, हेमलता वर्मा, लता यादव, साक्षी वर्मा, योगेंद्र वर्मा, दामिनी भुवाल, चित्रलेखा चन्द्राकर, प्रिंसी शर्मा, अन्य भक्त नगर निगम परिवार द्वारा भगवान शिव का विधि विधान से पूजन कराया गया,जहां सबसे पहले भगवान शंकर का दूध,दही, शहद, घी से अभिषेक किया गया। इसके बाद फूल, बेलपत्र आदि से भगवान शिव का दिव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद आरती की गई। ऋतु पुष्पों से भगवान शिव का श्रृंगार हुआ. भोलेनाथ के जयकारो से निगम परिसर गूंज उठा।

# सभी प्रकार के समस्याओं का समाधान हो रहा है जनसमस्या निवाराण शिविर में

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत जनकल्याणकारी योजनाओ को नागरिको तक पहुचाने के लिए जन समस्या निवारण पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसमें जनता की मूलभूत समस्याएँ शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधा नवीन राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना, लाईट, पानी, बिजली, सफाई की शिकायत आदि के काउन्टर लगाये गये है। शिविर जोन-03 दुर्गा मंदिर वार्ड कार्यालय वार्ड 11,12, सूर्यकुण्ड डोम शेड हाउसिंग बोर्ड वार्ड 24,25, सड़क 33 डोम शेड वार्ड 52, 53, पम्प हाउस ग्राउण्ड वार्ड 46,47,48 एवं मनिकम्मा मंदिर के समीप डोम शेड वार्ड 66,67,68 में शिविर में लगाया गया है। शिविर के दौरान 35 वर्षीय ज्योति झा ने बताया जब मै नगर निगम में आकर संपर्क की तब मुझे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत 10 हजार रूपया का लोन आसानी से मिल गया। बैंक से मेरा लेनदेन अच्छा था। मेरा लेडिस गारमेंट सिंलाई का कार्य अच्छे से चलने लगा है। अब व्यापार आगे बढ़ाने के लिए 20 हजार रूपया लोन लेकर व्यापार को आगे बढ़हाउगी। इससे मेरे परिवार को बहुत बड़ा सहारा मिला है। पहले मै इधर उधर काम के लिए भटक रही थी, मै बहुत परेशान थी खुद को रोजगारमुखी बनाकर दुसरो को भी काम दे रही हूँ। यह सब मेरी मेहनत और पीएम स्वनिधि योजना के सहारे से हुआ है। इसके लिए शासन को बहुत बहुत धन्यवाद देती हूँ। भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने नागरिको से अपील की है, कि इस शिविर में नागरिको की सभी प्रकार के जरूरतो का समाधान किया जा रहा है।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग संभाग दुर्ग

### // निविदा निरस्तीकरण सूचना //

क्रमांक 6656/2024-2025/निरस्तीकरण दुर्ग, दिनांक 02/08/2024

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा एन.आई.टी. (**NIT**) क्रमांक 3/व.ले.लि. दिनांक 01/08/2024 में टेंडर **T0003,** आपके द्वारा प्रकाशित Reference ID No. 242508002004 एवं Advt. No.-242501543 दिनांक 01.08.2024 को अपरिहार्य कारण से निरस्त किया जाता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग दुर्ग**

G-242501589/3

# युवोदय स्वयंसेवको द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन एवं नगर निगम भिलाई कमीश्नर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में युवोदय स्वयंसेवकों द्वारा सोमवार को दोपहर 2.30 बजे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर मुक्तिधाम, भिलाई में नशामुक्ति, डायरिया एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत एक रैली का आयोजन किया गया, इसमें लगभग 250 बच्चों ने भागीदारी निभाई। इस कार्यक्रम में तीन विद्यालयों के बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। रैली का शुभारंभ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर मुक्तिधाम से किया गया, जहां बच्चों ने नशामुक्ति, डायरिया की रोकथाम एवं स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए नारे लगाए और पोस्टर प्रदर्शित किए। इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में नशे की लत को रोकना, डायरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम करना और स्वच्छता के विभिन्न थीम सिंगल यूज प्लास्टिक, गिला कचरा-सुखा कचरा, होम कंपोस्ट बनाने की विधि के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्कूलों के नाम इस प्रकार हैं - शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर, महारानी लक्ष्मीबाई माध्यमिक विद्यालय, शहीद वीरनारायण सिंह विद्यालय। इस अवसर पर जोन कमिश्नर ऐशा लहरे के द्वारा प्राचार्य एवं स्कूल शिक्षको के उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। रैली भिलाई नगर निगम के रामनगर क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए गुजरा। नगर निगम टीम के द्वारा बच्चों को जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। इस प्रकार के अभियान समाज को स्वस्थ और स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को किए गए और उनके प्रयासों की सराहना की गई। युवोदय स्वयंसेवकों ने भी इस सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस जागरूकता अभियान के माध्यम से न केवल बच्चों में बल्कि समुदाय के सभी लोगों में भी नशामुक्ति, डायरिया की रोकथाम और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है। भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान जारी रखने का संकल्प लिया गया है।

# अनुविभागीय अधिकारी पाटन, न.पा. अमलेश्वर के प्रशासक पदस्थ

**दुर्ग।** राज्य शासन के राजपत्र (असाधरण) में प्रकाशित नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिसूचना के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन को नगर पालिका अमलेश्वर की परिषद के कर्त्तव्यों के निर्वहन हेतु प्रशासक पद पर पदस्थ किया गया है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने नगर पालिका अधिनियम 1901 की वैधानिक प्रावधानों में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए नगर पालिका अमलेश्वर की परिषद के कर्त्तव्यों के निर्वहन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन को प्रशासक नियुक्त किया है।

मोर Raipur SMART CITY

## OFFICE OF THE RAIPUR SMART CITY LIMITED

e-Procurement Tender Notice
Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

NIT NO. : 654/RSCL/2024 RAIPUR, DATED 02.08.2024

Online bids are invited for the following of works up to 23/08/2024 at 17:30 hours.

| Sl. No. | System Tender | Name of work/ Description of Work | Tender amount | EMD Amount | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 157157 | Selection of Agency for Operation & Maintenance of Various Talab and Gardens at Raipur (C.G.) for 2 Years. | ₹ 368.81 Lakhs | ₹ 2.76 Lakhs | 24 month O&M Period |

The details can be viewed & downloaded online directely from the Government of Chhattisgarh e-Procurement portal https://eproc.cgstate.gov.in and website of Raipur Smart City Limited https://www.smartcityraipur.org from 02/08/2024 17:30 Hours (IST).

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

***Note :*** *1. All eligible / interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement Portal. (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 1800 419 9140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in. (3) For More Details please download NIT details.*

**MANAGING DIRECTOR**
**RAIPUR SMART CITY LIMITED, RAIPUR (C.G.)**

## CHHATTISGARH REAL ESTATE REGULATORY AUTHORITY

Shastri Chowk, Raipur (C.G.) PIN-492001
Phone No.:-0771-4918927
Email-office.rera.cg@gov.in, website- https://rera.cgstate.gov.in/

No. 1981/RERA/ACC./2024/A Raipur, Dated: 05/08/2024

### SECOND TENDER NOTICE

Chhattisgarh Real Estate Regulatory Authority (CG-RERA), intends to select a Chartered Accountants Firm to assist and act as its banking consultant.

The detailed Terms of Reference and scope of work is given in the RFP document. The RFP document can be downloaded from the website https://rera.cgstate.gov.in between Dated 05-08-2024 to 28-08-2024.

A non-refundable amount of Rs. 1000/- (Rs. One Thousand Only) as RFP document fee and Earnest Money deposit of Rs. 1,00,000 (Rs. One Lac only) shall be accompanied with the Proposal.

The proposal should be submitted on or before Dated 28-08-2024 at 1:00 PM in the office of the Registrar, Chhattisgarh Real Estate Regulatory Authority. Only the CA firms eligible as per the pre-qualification criteria given in the RFP, should participate in the bid.

**Registar**
**Chhattisgarh Real Estate Regulatory Authority Raipur (C.G.)**

Samvad-41072/3

## संपादकीय

# आरक्षण प्राविधान सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**सुप्रीम कोर्ट** ने एससी-एसटी आरक्षण में उप-वर्गीकरण को अनुमति देकर ज्यादा समावेशन का मार्ग खोल दिया है। एक उल्लेखनीय फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने घोषणा की कि अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों में उप-वर्गीकरण की अनुमति है। जस्टिस पंकज मिथल ने जोर दिया कि आरक्षणों से एक श्रेणी में केवल पहली पीढ़ी को लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर समीक्षा का आह्वान किया कि क्या बाद की पीढ़ियां सामान्य श्रेणी के बराबर पहुंच गई हैं। इस फैसले से ईवी चिन्नैया मामले में निर्णय उलट गया है जिसमें कहा गया था कि एक समूह में सभी जातियां समान हैं, इसलिए उनका उप-विभाजन नहीं हो सकता है। इस निर्णय का ऐतिहासिक रूप से हाशियाकृत समुदायों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान व राजनीतिक प्रतिनिधित्व पर काफी प्रभाव पड़ेगा। इस फैसले में एक जाति के भीतर 'क्रीमी लेयर' के मुद्दे को भी संबोधित किया गया है। तर्क दिया गया है कि जातीय आरक्षण पर अक्सर एक जाति के भीतर क्रीमी लेयर द्वारा कब्जा कर लिया जाता है क्योंकि एक जाति के भीतर कुछ लोगों का उत्थान होने के साथ वे शिक्षित होते हैं तथा बाकी लोगों की तुलना में उनके पास बेहतर साधन और संपर्क होते हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 341 और 342 कुछ समुदायों को हाशियाकृत मानते हैं। सरकार को ऐतिहासिक रूप से वंचित इन समुदायों के उत्थान के लिए विशेष प्राविधान करने की अनुमति है। इन उपायों में शिक्षा संस्थानों, सरकारी नौकरियों व विधायी संस्थाओं में आरक्षण भी शामिल है। पिछले वर्षों में इन लाभों के असमान वितरण पर चिन्ता प्रकट की जाती रही है। व्यापक एससी-एसटी समुदायों के भीतर कुछ उप-जातियों या उप-समूहों ने अधिकांश लाभों पर कब्जा कर लिया है, जबकि बाकी पीछे छूट गए हैं। इस स्थिति के कारण उप-वर्गीकरण की मांग होती रही है।



याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि ऐसे उप-वर्गीकरण से इन समुदायों की एकता को नुकसान पहुंचेगा तथा यह समानता व गैर-भेदभाव के संविधान में वर्णित सिद्धान्तों के विपरीत होगा। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में जोर दिया कि आरक्षण नीतियों का प्रमुख उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक न्याय है। एक जाति में उप-वर्गीकरण कर सरकार ज्यादा बेहतर नीतियां बना कर एससी-एसटी श्रेणियों के सभी उप-समूहों तक समान रूप से लाभों का वितरण सुनिश्चित कर सकती है। इस निर्णय से एससी-एसटी में उप-समूहों का बेहतर राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सकता है। इससे ज्यादा समावेशी नीतियों का मार्ग खुल सकता है जो इन समुदायों की विविधतापूर्ण आवश्यकताओं तथा महत्वाकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करेंगी। लेकिन कुछ कमियां दूर करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में कुछ अतिरिक्त प्राविधान होने चाहिए। 'क्रीमी लेयर' या विशिष्ट समूह की अवधारणा का संबंध खासकर दूसरी पीढ़ी के लिए होता है, पर स्पष्ट रूप से परिभाषित न होने के कारण इसकी अनेक व्याख्यायें हो सकती हैं। 'क्रीमी लेयर' की स्पष्ट परिभाषा न होने से समस्या पैदा होती है जिसकी विविधतापूर्ण व्याख्याओं को अदालत में चुनौती दी जा सकती है। सर्वोच्च न्यायालय ने 'क्रीमी लेयर' परिभाषित करने का काम राज्यों पर छोड़ दिया है। देखना होगा कि विभिन्न सरकारें इस निर्णय की व्याख्या और क्रियान्वयन कैसे करती हैं। हालांकि, अदालत ने एससी-एसटी के लाभ हेतु 'सकारात्मक कार्रवाई' को ज्यादा समावेशी व समतापूर्ण बनाने की पृष्ठभूमि तैयार कर दी है, पर इसके समुचित क्रियान्वयन के चरण तक पहुंचने में अभी कुछ समय लगेगा।

# कमला हैरिस की स्थिति मजबूत

पहली महिला उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस अब एक नई सीमा तोड़ कर संयुक्त राज्य अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव अब महत्वपूर्ण मोड़ पर आ गया है। देश की पहली महिला उप-राष्ट्रपति बनी कमला हैरिस अब एक नई सीमा तोड़ कर संयुक्त राज्य अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। वे आशा और उत्साह से भरी हैं। अमेरिकी उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस ने इस सप्ताह घोषणा कर दी, 'मैं कमला हैरिस हूं और मैं राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ रही हूं।' अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में यह ऐतिहासिक क्षण वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन के राष्ट्रपति चुनाव से अलग रहने की घोषणा के बाद आया। उन्होंने कमला हैरिस की राष्ट्रपति उम्मीदवारी का समर्थन भी किया। यह अमेरिकी राजनीति में एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय है। इस प्रकार आधिकारिक घोषणा के बाद अब वर्तमान उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस आधिकारिक रूप से डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति उम्मीदवार हैं। अनेक प्रभावशाली डेमोक्रेटों ने भी कमला हैरिस की उम्मीदवारी का समर्थन किया है। इनमें पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, स्पीकर नैंसी पैलोसी, दानदाता जार्ज क्लूनी, आदि शामिल हैं। कमला हैरिस के पीछे अब पूरी डेमोक्रेटिक पार्टी मजबूती से खड़ी है इससे हैरिस में अपने नेतृत्व के प्रति आत्मविश्वास बहुत बढ़ गया है। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के 248 साल के इतिहास में इसके पहले कभी कोई महिला राष्ट्रपति नहीं रही है। यहां तक कि 2008 और 2016 में राष्ट्रपति की उम्मीदवार रही हिलेरी क्लिंटन को भी सफलता नहीं मिली थी। चार साल पहले कमला हैरिस ने उस समय भी इतिहास रचा था जब वे संयुक्त राज्य अमेरिका की पहली महिला उप-राष्ट्रपति बनी थीं।

ऐसे समय यह सवाल उठता है कि क्या वे राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में इतिहास बनाएंगी? क्या वे यह चुनाव जीत सकती हैं? हालांकि, उनकी स्थिति अच्छी मानी जा रही है, पर उनको दो महत्वपूर्ण काम करने होंगे। पहला, उनको डेमोक्रेटिक पार्टी का नामांकन प्राप्त करना है और इसके बाद उनको चुनाव में विजय प्राप्त करनी है। अब अमेरिकन राष्ट्रपति चुनाव के लिए समय बहुत कम है। कमला हैरिस के पास केवल चार महीने का समय है क्योंकि 5 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव होगा। भारतीय मूल की सुश्री हैरिस के पास अनेक सकारात्मक उपलब्धियां हैं, पर उनकी कुछ कमजोरियां भी हैं। वर्तमान समय में वे देश की उप-राष्ट्रपति हैं और आपातकाल में राष्ट्रपति के रूप में काम करने की उनकी क्षमता असंदिग्ध तथा उनके लिए लाभदायक है। चार साल पहले उप-राष्ट्रपति सुश्री कमला हैरिस को उम्मीद थी कि राष्ट्रपति जो बाइडेन राष्ट्रपति के रूप में एक कार्यकाल पूरा करने के बाद चुनाव में नहीं उतरेंगे और व्हाइट हाउस को अलविदा कह देंगे। लेकिन जो बाइडेन अपनी जिद पर अड़ गए कि वे दूसरे कार्यकाल के लिए भी राष्ट्रपति उम्मीदवार बनेंगे।

हालांकि, उनकी शारीरिक और मानसिक क्षमताओं पर लगातार सवाल उठ रहे थे तथा अनेक डेमोक्रेटिक नेताओं का दबाव था कि वे चुनाव मैदान से हट जाएं। आखिरकार बाइडेन ने कुछ समय पहले अपनी उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। कमला हैरिस के साथ एक महत्वपूर्ण लाभ की स्थिति इस कारण है कि वे महिलाओं के लिए निर्धारित परंपरागत सीमायें तोड़ कर इस बार पहली महिला राष्ट्रपति बन सकती हैं। अब कमला हैरिस को अश्वेत, एशियाई और महिला मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित कर उनका तथा अन्य अल्पसंख्यक समुदायों का समर्थन प्राप्त करना होगा। उनको अब तक किसी पार्टी से मजबूती से नहीं जुड़े, यानी अनिर्णीत व युवा मतदाताओं का समर्थन भी प्राप्त करना होगा। इससे 'स्विंग स्टेट्स' में रिपब्लिकन उम्मीदवार व पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में उनकी स्थिति ज्यादा मजबूत हो सकती है।

यह तथ्य निश्चित रूप से कमला हैरिस के पक्ष में है कि उनको वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन का मजबूत वारिस माना जाता है। हालांकि, इस स्थिति के कुछ नकारात्मक तत्व हैं, पर यह पूरी तरह नकारात्मक नहीं है। बाइडेन से उनके जुड़ाव ने अंततः कमला हैरिस की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कमला हैरिस अपने व्यक्तित्व के चलते अपनी पार्टी के मध्यमार्गी और कट्टरपंथी सदस्यों का समर्थन प्राप्त कर उनको एकजुट कर सकती हैं। इस प्रकार वे एकीकरण करने वाली शक्ति का काम कर सकती हैं। डोनाल्ड ट्रंप को पराजित करने के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी को एकजुट हो कर कमला हैरिस का समर्थन करना होगा। अमेरिका के इतिहास पर गौर करे तो स्पष्ट होगा कि जहां ओबामा पहले अश्वेत राष्ट्रपति तथा जान एफ. कैनेडी पहले कैथोलिक राष्ट्रपति थे। ये दोनों पूर्व राष्ट्रपति कमला हैरिस के लिए 'रोल माडल' का काम कर सकते हैं और इस प्रकार वे अनेक लोगों के दिल में उम्मीद जगा सकती हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उनका न केवल पुरजोर समर्थन किया है, बल्कि उनके लिए चुनाव प्रचार का वादा भी किया है। महत्वपूर्ण रूप से कमला हैरिस केवल 59 वर्ष की हैं और आयु का यह अंतर 78 वर्षीय ट्रंप की तुलना में उनके लिए लाभदायक है। इस प्रकार उनकी आयु किसी प्रकार बाधक नहीं है और इससे युवा मतदाताओं में उनके प्रति आकर्षण बढ़ता है। कमला हैरिस अपनी उपलब्धियों का प्रचार कर अनिर्णीत मतदाताओं को अपने पक्ष में ला कर उनका समर्थन प्राप्त कर सकती हैं। उनको बाइडेन का 100 मिलियन डालर का 'वार चेस्ट' मिल सकता है। कमला हैरिस ने अपनी उम्मीदवारी के पहले सप्ताह में 200 मिलियन डालर एकत्र किए हैं और 1700 स्वयंसेवक तैयार किए हैं। इसके बावजूद उनको चुनाव में होने वाले भारी खर्च के लिए अन्य दानदाताओं में विश्वास पैदा करना होगा। हालांकि, यह तथ्य उल्लेखनीय है कि अपने राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत से ही कमला हैरिस के 'सिलिकान वैली' से मजबूत संबंध हैं और वे इसका प्रयोग फंड एकत्र करने में कर सकती हैं।

हालांकि, कमला हैरिस को डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ संघर्ष में अच्छा समर्थन मिल रहा है, पर उनको अभी बहुत कुछ करना है। सबसे पहले उनको अपने उप-राष्ट्रपति के लिए उचित उम्मीदवार चुनना होगा। सही जोड़ी से उनको ट्रंप-वांस टीम पर विजय की संभावना और मजबूत होगी। कमला हैरिस ने वादा किया है कि 'मैं डेमोक्रेटिक पार्टी और देश को एकजुट करने के लिए तथा डोनाल्ड ट्रंप व उनके अतिवादी 2025 एजेंडे को पराजित करने के लिए यथासंभव सारे कदम उठाऊंगी।' कमला हैरिस का राष्ट्रपति बनने और इसके लिए संघर्ष करने का मिशन तात्कालिक और महत्वपूर्ण है। उनको अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए उन मतदाताओं का समर्थन प्राप्त करना होगा जिन्होंने अभी डेमोक्रेटिक या रिपब्लिकन उम्मीदवार के पक्ष में अपना मन नहीं बनाया है। अनिर्णीत मतदाताओं पर विजय प्राप्त करना हैरिस के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। 'वाल स्ट्रीट जर्नल' द्वारा कराए हालिया जनमत सर्वेक्षण के अनुसार, कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच राष्ट्रपति पद के वर्तमान मुकाबले में फिलहाल 'कांटे की टक्कर' जैसी स्थिति बनी हुई है। यह टक्कर महत्वपूर्ण है। जनमत सर्वेक्षणों ने दिखाया है कि कमला हैरिस के लिए गैर-श्वेत लोगों में समर्थन बढ़ा है। इसके साथ ही डेमोक्रेटों में उनके लिए प्रचार करने का जोश भी काफी बढ़ा है। लेकिन कमला हैरिस को इस कारण चुनौती का सामना करना पड़ रहा है कि वे 2020 में राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने में विफल रही थीं। इस तथ्य को देखते हुए उनको अपनी 'अप्रूवल रेटिंग' या समर्थन बढ़ाने के साथ ही अपने चुनाव प्रचार के लिए भारी मात्रा में फंड भी जुटाना होगा।

हालिया एनबीसी न्यूज़पोल के अनुसार, ट्रंप बाइडेन से 43 के मुकाबले 45 प्रतिशत से आगे थे और हैरिस तथा उनके बीच भी 45 के मुकाबले 47 का अंतर था। लेकिन धीरे-धीरे यह स्थिति बदल रही है। लेकिन समय कम है और अब केवल 100 दिन बचे हैं। नवंबर के पहले हैरिस की टीम को ट्रंप को पराजित करने की रणनीति बनानी होगी। ट्रंप की टीम हैरिस को अनुभवहीन व खतरनाक बता रही है। उनको ट्रंप के अभियान में 'नस्लवाद' का सामना करना पड़ सकता है। यह चुनाव अमेरिका के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। बाइडेन के पीछे हटने से डेमोक्रेटों में जोश है। अब कमला हैरिस की जिम्मेदारी है कि वे इसका लाभ उठाएं। आने वाले दिनों में तय होगा कि वे सफलता की दिशा में आगे बढ़ती हैं या नहीं।

# कारगिल में भारतीय वायु सेना की जांबाज़ी

"इस ऑपरेशन ने भारतीय वायुसेना की बहादुरी, सरलता और रणनीतिक महत्व को उजागर किया, जिसने आधुनिक युद्ध में इसकी विरासत को मजबूत किया।"

**दीपक कुमार पांडेय**
(लेखक वायुसेना के सेवानिवृत्त ग्रुप कैप्टन हैं)



वर्ष 1999 का कारगिल युद्ध भारतीय वायु सेना के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जिसने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद पहली बार बड़े पैमाने पर युद्ध में भाग लिया। अप्रैल 1999 में, लगभग 1500 पाकिस्तानी सैनिकों ने कश्मीर और लद्दाख के बीच संबंध तोड़ने के लिए जम्मू और कश्मीर के कारगिल में भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की।

भारतीय वायुसेना द्वारा कारगिल क्षेत्र में हवाई अभियानों को ऑपरेशन सफेदसागर नाम दिया गया था। 1990 के दशक में, उच्च ऊंचाई वाली चोटियों पर तैनात पाकिस्तान के गुप्त घुसपैठियों ने भारतीय सेना और ह्रस्व के लिए जम्मू और कश्मीर के चुनौतीपूर्ण पहाड़ी इलाकों में सैन्य अभियान चलाना मुश्किल बना दिया था क्योंकि उनके सटीक स्थानों को इंगित करना असंभव था। ऑपरेशन सफ़ेदसागर ने एक अलग और चुनौतीपूर्ण सेटिंग में हवाई क्षमताओं के क्रांतिकारी उपयोग को चिह्नित किया। कारगिल संघर्ष में वायुसेना द्वारा वायु शक्ति का सफल उपयोग भारत के लिए गर्व का विषय है। युद्ध में वायु शक्ति की रणनीतिक तैनाती आवश्यक हो गई, क्योंकि इसने जमीनी सैनिकों को प्रभावी रूप से प्रत्यक्ष हवाई सहायता प्रदान की और दुश्मन के ठिकानों पर अत्यधिक सटीक बमबारी की, जिससे युद्ध के अंतिम परिणाम पर काफी प्रभाव पड़ा। भारतीय वायुसेना को अपने परिचालन क्षेत्रों के भौगोलिक और पर्यावरणीय कारकों के कारण उल्लेखनीय चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

कारगिल क्षेत्र अपनी बहुत ही जटिल स्थलाकृति के लिए जाना जाता है। उच्च ऊंचाई पर ऑपरेशन में शामिल होने से हमेशा कई कठिन बाधाएं आती हैं, जैसे कि विमान और हथियार दोनों की प्रभावकारिता में उल्लेखनीय गिरावट। लक्ष्य तक हथियार की डिलीवरी उच्च ऊंचाई पर मौसम से काफी प्रभावित होती है। हवाएं आमतौर पर



शक्तिशाली और मूल उपकरण निर्माताओं द्वारा आवश्यक 'न्यूनतम' से अधिक होती हैं। इसे देखते हुए, आवश्यक प्रक्षेपण को पूरा करने के लिए युद्धाभ्यास आवश्यक है। चुनौतीपूर्ण भौगोलिक और मौसम संबंधी स्थितियों के बावजूद, ऑपरेशन ने असाधारण बहादुरी, दृढ़ता और प्रतिबद्धता का उदाहरण पेश किया। 23 जुलाई, 1999 तक भारतीय सेना ने कारगिल की पहाड़ियों पर सफलतापूर्वक कब्ज़ा कर लिया, जो उनकी अटूट प्रतिबद्धता और बहादुरी का प्रमाण है, जो निश्चित रूप से प्रेरणादायी है। भारतीय वायुसेना ने कारगिल संघर्ष के दौरान कई अद्वितीय नवाचारों को सफलतापूर्वक तैनात करके असाधारण सरलता और संसाधनशीलता का प्रदर्शन किया। भारतीय वायुसेना का लक्ष्य कई हथियार प्रक्षेपण रणनीतियों को विकसित करना और उनका उपयोग करना था। भारतीय वायुसेना ने मिराज-2000 विमानों से तैनात लेजर-निर्देशित बमों का प्रभावी ढंग से उपयोग किया, ताकि विरोधी के रसद मार्गों को महत्वपूर्ण रूप से बाधित किया जा सके, जो उनकी अभिनव रणनीति का प्रमाण है। लेजर-निर्देशित मिसाइल पॉड्स को द्वितीय विश्व युद्ध के समय के 1000 किलोग्राम के बम ले जाने के लिए संशोधित किया गया था, विशेष रूप से अजीत विमान पर भंडारण के लिए।

मिराज-2000 विमानों ने तत्काल संशोधन करने के बाद पहली बार इन बमों का इस्तेमाल किया। कथित तौर पर भारतीय वायुसेना ने हथियार-प्रभाव वाले क्षेत्रों को चुना, जो डोमिनोज़ प्रभाव को ट्रिगर कर सकते हैं, जिससे हिमस्खलन या भूस्खलन हो सकता है। उच्च ऊंचाई पर रॉकेट और हथियारों के लिए फायरिंग सीमा निर्धारित करने के लिए, दुश्मन की किलेबंदी की ऊंचाई से मिलते-जुलते विशिष्ट पर्वत शिखरों को निर्धारित करने के लिए एक सावधानीपूर्वक प्रक्रिया की आवश्यकता होती है। ऐसी स्थितियों में वास्तविक समय पर शूटिंग परीक्षण करने से इन हथियारों की दक्षता को बढ़ाने और बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण डेटा प्राप्त करने में मदद मिलती है।

मिराज-2000 लड़ाकू विमानों द्वारा छोड़े गए गोला-बारूद को निर्देशित करने के लिए मिग-29 विमानों पर स्थापित लेजर डिज़ाइनर का उपयोग करना एक अविश्वसनीय उपलब्धि थी। इस अभिनव पद्धति का उपयोग करके, प्रभावों की सटीकता और दक्षता में काफी सुधार हुआ।

मिराज-2000 विमानों को लाइटनिंग पॉड्स से सुसज्जित किया गया था, जो लक्ष्य का पता लगाने में सुधार करते थे और निर्देशित मिसाइलों की सटीक लॉन्चिंग की सुविधा प्रदान करते थे। यह लड़ाकू अभियानों में ह्रस्व द्वारा अत्याधुनिक लक्ष्यीकरण तकनीक की पहली तैनाती थी।

कारगिल युद्ध में हवाई अभियानों के दौरान, सटीक हमलों की क्षमताओं ने वायू सेना को संपार्श्विक क्षति की मात्रा को कम करने और शत्रुतापूर्ण ठिकानों को बेअसर करने में मदद की। वायु शक्ति के कुशल उपयोग ने अधिक हताहतों को टाला है और युद्ध के मैदान पर भारतीय सेना की अवधि को काफी कम कर दिया है। कारगिल अभियान की गहन समझ एयरोस्पेस शक्ति में भारत के बदलते स्वरूप को समझने के लिए महत्वपूर्ण है। यह युद्ध अत्यंत पहाड़ी क्षेत्रों में संयुक्त मुठभेड़ों में वायुशक्ति के उपयोग का विश्लेषण करने के लिए एक असाधारण केस स्टडी के रूप में कार्य करता है।

## आप की बात

### जाति-केन्द्रित विमर्श

**आज** देश का समग्र राजनीतिक चिन्तन और विमर्श सम्प्रदाय और जाति केन्द्रित हो गया है। इस महामारी की नींव उन्हीं विपक्षी दलों ने रखी है जिन्होंने संसद में जाति पूंछने पर हंगामा खड़ा कर रखा है। इस जातिवाद को समाप्त करने के लिए महर्षि दयानन्द सरस्वती और डॉ अम्बेडकर जैसे महापुरुषों ने प्राणपण से अपना सारा जीवन लगा दिया। इसी दोष के चलते महान व गौरवशाली सनातन समाज मध्यकाल में कमजोर हुआ और देश को सैंकड़ो वर्षों तक विदेशियों की दासता सहनी पड़ी। हमने अतीत से भी कुछ नहीं सीखा। जो राहुल गांधी पिछले 10 वर्षों से देश के इस कोने से उस कोने तक जाति आधारित जनगणना की अलख जगा रहे हैं और जाति पूछते कैमरे पर कई बार रिकार्ड हुए हैं। लेकिन जब संसद में अनुराग ठाकुर ने बिना नाम लिए अपनी बात रखी तो उन्होंने हंगामा खड़ा कर दिया। जब जाति जनगणना वाले राहुल गांधी के घर जाएंगे तब भी तो वे राहुल से जाति पूछेंगे और उन्हें बतानी होगी। प्रश्न है कि जाति पूछना बाहर वैध और संसद में अवैध कैसे हो सकता है? सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के बाद तो विभिन्न जातियों की उप-जातियों में भी टकराव जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। ऐसे में जातिवाद कैसे समाप्त होगा और जाति-विहीन समाज कैसे बनेगा?

**- नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

### प्राकृतिक आपदायें

**केरल** के वायनाड में इन दिनों भूस्खलन की वजह से तबाही का मंजर बना हुआ है। लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 200 पार हो गई है और कई लोग लापता हैं। केरल, हिमाचल और उत्तराखंड पर्यावरण सेंसिटिव क्षेत्र हैं। लेकिन इसके बावजूद यहां पर बड़ी तादाद में निर्माण गतिविधियां कई वर्षों से चालू है जिनमें पर्यटकों के लिए बड़े होटल, सड़कें, सुरंगें आदि शामिल हैं। इनके लिए बड़े पैमाने पर पहाड़ों की खुदाई हो रही है और बड़ी संख्या में पेड़ काटे गए हैं। गत 7 दशकों में सिर्फ केरल में 65 प्रतिशत वन गायब हो गए हैं और अभी भी पेड़ों की कटाई जारी है। नए वृक्ष लगाने पर उनके विकसित होने में 10 वर्ष से अधिक समय लगता है, फिर भी वे पुराने घने जंगलों और विशाल पेड़ों जितने मजबूत नहीं होते। जिसके चलते पहाड़ी भूमि कमजोर होती जा रही है। मानवीय गतिविधियों और पर्यटन सुविधायें बढ़ाने के बावजूद इनका निर्माण इस प्रकार किया जाए कि उस क्षेत्र की मिट्टी का कटाव ना हो और इकोसिस्टम मजबूत बना रहे। प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए विकास और पर्यावरण संरक्षण में संतुलन जरूरी है। गांधीजी का कथन याद रखें कि प्रकृति के पास सबके लिए सब कुछ है, पर किसी के लालच के लिए कुछ नहीं।

**- सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### भ्रष्टाचार का प्रकोप

**विपक्ष** ने कहा कि अंदर नए संसद की छत लीक हो रही है और संसद के बाहर पेपर लीक हो रहे हैं। लेकिन आरोप लगाने वाले स्वयं भ्रष्टाचार में गले तक डूबे रहे हैं। इंडिया नामक विपक्षी गठबंधन की अधिकाँश पार्टियां केंद्र अथवा राज्यों में लम्बे समय तक सत्तारूढ़ रही हैं। कुछ पार्टियों को भ्रष्टाचार के कारण सत्ता से हाथ धोना पड़ा। बिहार में लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद, दिल्ली में केजरीवाल की आप व अन्य पार्टियां भ्रष्टाचार का पर्याय बन गई हैं। ऐसा लगता है कि भ्रष्टाचार पूरी व्यवस्था में घुन की तरह लग गया है। लेकिन विडंबना है कि हर पार्टी स्वयं को दूसरे की तुलना में ज्यादा ईमानदार और दूसरे को भ्रष्ट ठहराने में ही समय बरबाद करती है, जबकि भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति जरूरी है। जब तक संकुचित व दलगत राजनीति से ऊपर उठकर भ्रष्टाचार-उन्मूलन के प्रयास नहीं होते तब तक यह बना रहेगा और फलता-फूलता रहेगा। विडंबना है कि आज अनेक पार्टियां अपने नेताओं के भ्रष्टाचार आरोपों में जेल जाने और सुप्रीम कोर्ट से भी राहत न मिलने के बावजूद उनको सर्वशुद्ध तथा उनके खिलाफ कार्रवाई को बदले की भावना बताती हैं। इस संकुचित दृष्टिकोण से भ्रष्टाचार कभी समाप्त नहीं होगा।

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### सराहनीय निर्णय

**शिक्षा मंत्रालय** ने हाल में एक आदेश जारी किया है जिसमें देश के सभी स्कूलों में 10 दिन तक बच्चों को बैगलेस यानी बिना बैग के स्कूल जाना होगा। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों के बस्ते का बोझ कम करने की मांग होती रही है जो अब जाकर फलीभूत होती नजर आ रही है। इस आदेश के अनुसार बैगलेस वाले दिनों में बच्चों को विभिन्न स्थानों जैसे पंचायत, ऑफिस, गांव, बैंक, पार्क और विभिन्न तरह के शिक्षा संस्थानों में ले जाया जाएगा। वहां उन्हें विभिन्न तरह की जानकारियां मिलेगी। इससे उनका बौद्धिक विकास होगा। इसके अलावा उन्हें खिलाड़ियों, डिजाइनरों और अपने क्षेत्र के दिग्गज लोगों से मिलवाया जाएगा। इससे बच्चे न केवल खुश होंगे बल्कि निश्चित रूप से उनसे प्रेरणा भी ले सकेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान परिषद द्वारा इस संदर्भ में उठाया गया यह कदम वास्तव में ऐतिहासिक और सराहनीय है। इसके साथ ही बच्चों की शिक्षा को मनोरंजक बनाने तथा प्राथमिक कक्षाओं में शारीरिक दंड न देने की संस्तुतियां की जाती रही हैं। विडंबना है कि ऐसी अनेक चीजें जमीन तक नहीं पहुंचती हैं।

**-अंकित सोनी,** मनावर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# छत्तीसगढ़ समन्वय समिति के द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रथम त्योहार हरेली धूमधाम मनाया गया

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली को बड़े धूमधाम से मनाने के लिए छत्तीसगढ़ समन्वय समिति की ओर से छत्तीसगढ़ी परंपरा को बनाए रखने के लिए पौराणिक काल से चले आ रहे गेंड़ी दौड़ नारियल फेंक, रस्सी खींच जैसे खेल का आयोजन किया गया। समिति के सदस्यों ने सबसे पहले छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना की गई। उसके बाद खेती किसानी में काम आने वाले कृषि समान की पूजा अर्चना हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसपी अधिकारी सियाराम ध्रुव थे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ समन्वय समिति के तोरण लाल साहू ने कहा कि हरेली को छत्तीसगढ़ अंचल का सबसे महत्वपूर्ण और प्रथम त्योहार माना जाता है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान प्रदेश है। यहां किसानों के द्वारा धान का फ सल की बुआई करने के बाद उसमें बीयासी होने के उपरांत अपने कृषि औजार को साफ सफाई कर इस दिन पूजा अर्चना की जाती है तथा धरती मां से अच्छी फसल की दुआएं भी मांगी जाती है। गांव में किसानों के द्वारा चावल के आटे तथा गुड से बनी रोटी जिसे छत्तीसगढ़ में चिला कहा जाता है। खेतों में ले जाकर पूजा अर्चना के बाद धरती मां को अर्पित करते हैं। यह त्योहार हम खुशहाली का पर्व के रूप में मनाते हैं। मुख्य अतिथि सियाराम धुर्वे ने उपस्थित लोगों को हरेली महापर्व की बधाई दी। छत्तीसगढ़ समन्वय समिति के अध्यक्ष रामदास मानिकपुरी ने समिति के कार्य क्षेत्र पर प्रकाश डाला तथा कहा कि छत्तीसगढ़ समाज की लगभग 22 जातियों को मिलाकर छत्तीसगढ़ समन्वय समिति बना है। छत्तीसगढ़ समन्वय समिति बनाने का हमारा मकसद छत्तीसगढ़ के सभी जातियों को एकता के सूत्र में पिरोकर उन्हें एक करना है। इस समिति के माध्यम से छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार जिसमें छत्तीसगढ़ की स्थापना दिवस, हरेली, तीजा एवं होली महापर्व को छत्तीसगढ़ के परंपरा के अनुसार मानते हैं। 2015 से छत्तीसगढ़ समन्वय समिति के द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ समन्वय समिति की महिला अध्यक्ष ममता मानकर ने कहा कि आज बड़ा अच्छा माहौल है की बचपन में जो खेल खेले थे फिर से खेलने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। सभी महिलाएं एक होकर छत्तीसगढ़ के संस्कृति को सहेज कर रखने के लिए एक हुए हैं। यही चाहते हैं कि हमेशा एक होकर छत्तीसगढ़ के संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखा। कार्यक्रम में तोरण लाल साहू, लैलन साहू, राकेश सोनाबोईर, चेतन लाल साहू विष्णु चंद्रवंशी पूरन भंडारी, घनश्याम पारकर, संतोष यादव, विजयसिंह, संतराम सेन, चंद्र कुमार भट्ट, चैतराम सर्वा, दीपक सहारे, भूपेंद्र दिल्लीवार, गोपी निषाद, दीनदयाल देशलहरे, गोरेलाल मिश्रा, वीणा साहू, द्रौपदी साहू, नंदा पसीने, पुरोबी वर्मा, रेखा पारकर, माया कौशिक, राखी देश लहरे, पुष्पा संडीलया, मीना दास मानिकपुरी, सुनीता भांडेकर, रागिनी तारम, सोनम भूआर्य, सुनीता यादव, रेखा देशमुख, निर्मला चुरेंद्र, माधुरी कृपाल, कुंती पटेल, अनीता साहू, लता दास, शीतल नायक, गौरी मंडावी, धनेश्वरी, जागेश्वरी तारम, सोनम भूआर्य, झमित सहारे, यमुना राउत, गीतांजलि सेन, सीमा साहू, निर्मला साहू, दामिनी साहू, चंदन परगनिया, अनसूया खरे, रेखा साहू, निर्मला चुरेंद्र, कीर्ति लता उइके, आशा साहू, यमुना रावटे, अनुष्का मालेकर, सुनीता यादव, पुष्पा, ममता मानकर अहिल्या पूर्णिमा राठौर, मीनादास मानिकपुरी पूर्णिमा राठौर माया कौशिक, सावित्री सोनबोईर, नारद भूआर्य राकेश सोनबोईर कमल साहू, कुसुम आर्य राजिम कुंजाम जगत पाटिल घणाराम साहू तनुश्री दास मानिकपुरी क्रांति पाटिल कमल साहू माया कौशिक रेखा पारकर सुनीता भानडेकर दामिनी साहू संतोषी सिन्हा कुसुम आर्य आदि लोगों उपस्थित रहे।





# कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा द्वारा मनाया गया हरेली तिहार

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा द्वारा हरेली तिहार मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर समस्त कृषि उपकरणो एवं गौ माता की विधिवत पूजा अर्चना कर उल्लासपूर्वक हरेली तिहार मनाया गया। हरेली तिहार के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा में विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं पारंपरिक खेल जैसे फुगड़ी, रस्सा कस्सी, फौरा, नारियल फेक प्रतियोगिता का अयोजन किया गया एवं छत्तीसगढ़ी परंपरा के व्यंजन जैसे- ठेठरी, खुरमी, फरा बनाकर लोगो में पराम्परिक व्यंजनो के प्रति जागरूकता लाने की दिशा में पहल की गई तथा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बी.पी. त्रिपाठी ने जिले के किसानों को हरेती तिहार के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुये कहा कि यह त्यौहार सभी किसानों के जीवन में सुख समृद्धि एवं उन्नती लाये। कार्यक्रम में विषय वस्तु विशेषज्ञ (सस्य विज्ञान), बी. एस. परिहार तथा अधिकारी-कर्मचारी एवं कृषक उपस्थित थे।

## किसान अब फसल बीमा करा सकेंगे 16 अगस्त तक

**कवर्धा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वर्ष 2024 के लिए ऋणी और अऋणी किसान खरीफ फसलों का बीमा करा सकेंगे। छ.ग. सरकार के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार ने फसल बीमा कराये जाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई को बढ़ाकर अब 16 अगस्त, 2024 तक कर दिया गया है। प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से किसानों को राहत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। उप संचालक कृषि अमित कुमार मोहंती द्वारा फसलों के बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए जिले के ऋणी एवं अऋणी किसानों को फसल बीमा कराने की सलाह दिया गया। मार्गदर्शन देने तथा उनका पंजीयन कराने हेतु कृषि विभाग के मैदानी अमलों, बैंक, सेवा सहकारी समिति एवं च्वाईस सेंटर के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक कृषकों को बीमा आवरण में शामिल करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# एमएसएमई पीसीआई के प्रांत एवं जिला के पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




समृद्धि विहार स्थित समाधान महाविद्यालय में एमएसएमई पीसीआई द्वारा प्रेस वार्ता कर एमएसएमई पीसीआई के प्रांत एवं जिला के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें डॉ अवधेश पटेल, सुमन मुथा, यश मनहर, गोपी कश्यप एवं रमाशंकर को एमएसएमई पीसीआई छत्तीसगढ़ के स्टेट वाइस चेयरमैन एवं मनोज वैष्णव को बेमेतरा जिला, आनंद राय जिला बिलासपुर, अभिषेक सोनी जिला मुंगेली, नवीन जायसवाल जिला जी पी एम. मृदुल मूंदड़ा जिला बलौदा बाजार का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। उक्त घोषणा एमएसएमई पीसीआई छत्तीसगढ़ के स्टेट चेयरमैन भीमशंकर यादव की घोषणा के बाद पदाधिकारियों ने उद्यमों को नई ऊंचाईयों पर ले जाने हेतु निरंतर कार्य करने का निश्चय किया। एमएसएमई पीसीआई आगामी समय में देश भर के उद्यमियों को निशुल्क ट्रेनिंग प्रोग्राम का प्रशिक्षण प्रदान करेगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त उद्यमी सम्मिलित हुए। इस प्रशिक्षण को गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु दिल्ली से एमएसएमई पीसीआई के एलईएएन प्रशिक्षण प्रमुख आंबेडकर कासनियां रहे। भारत सरकार द्वारा देश भर के सभी उद्योगपतियों को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय द्वारा एलईएएन प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें उद्योगपति कैसे अपने उद्योग का विस्तार कर सके, ऐसे सभी विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। घोषणा के पश्चात वाइस चेयरमैन, दुर्ग संभाग डॉ अवधेश पटेल ने कहा कि मेरे लिए सौभाग्य का विषय है कि मुझे एमएसएमई पीसीआई द्वारा मुझ पर विश्वास दिखाते हुए इतने बड़े दायित्व के योग्य समझा। इस हेतु मैं एमएसएमई पीसीआई के केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं एवं विश्वास दिलाता हूं कि मैं उनके विश्वास पर खरा उतर कर बेमेतरा जिले के साथ साथ पूरे प्रदेश में उद्यम को आगे बढ़ाने का कार्य करूँगा। इस प्रेस वार्ता के दौरान वाइस चेयरमैन सुमन मुथा रायपुर संभाग, वाइस चेयरमैन यश मनहर बिलासपुर संभाग, रमाशंकर सरगुजा संभाग बेमेतरा जिला चेयरमैन मनोज वैष्णव, जिला वाइस चेयरमैन केशव साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले में 1 से 7 अगस्त 2024 तक मनाया जा रहा विश्व स्तनपान सप्ताह

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के समन्वय से जिले में 1 से 7 अगस्त 2024 तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान स्तनपान को बढ़ावा देना एवं स्तनपान करने वाली माता को सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिला नोडल अधिकारी डॉ सलिल मिश्रा ने बताया की सभी स्वास्थ्य केंद्रों एवं पोषण पुनर्वास केंद्रों में स्तनपान करने की सही विधि का प्रदर्शन कर जन्म के तुरंत बाद 1 घंटे के भीतर स्तनपान के लिए बताया जा रहा है। प्रसव के तुरंत बाद आने वाला माता का दूध बच्चे के विकास के लिए सबसे जरूरी होता है। इस पीले गाढ़े दूध में विभिन्न प्रकार के जरूरी पोषक तत्व होते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी. एल. राज ने बताया की डायरिया होने पर मां का दूध बंद ना करें, 6 माह तक केवल मां का दूध पिलाया जाना है। उसके बाद 2 साल तक मां के दूध के साथ अन्य पूरक आहार दिया जाना है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में स्तनपान के लिए ब्रेस्टफीडिंग कॉर्नर अलग से स्थापित किया गया है, जिसमें आसानी से माताओं द्वारा बच्चों को स्तनपान कराया जा सकता है। स्तनपान से स्तन कैंसर का खतरा भी कम होता है। स्तनपान कराने से मां का चिंता एवं तनाव भी कम होता है।

# शिवसेना छत्तीसगढ़ प्रदेश सचिव ने जिला बेमेतरा शिवसेना के समस्त बॉडी को भंग किया

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शिवसेना पार्टी के प्रदेश सचिव व जिला बेमेतरा, कवर्धा, मुंगेली प्रभारी दाऊ राम चौहान ने बताया कि शिवसेना जिला बेमेतरा इकाई की समस्त पदाधिकारी को भंग किया गया है यह आदेश छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेशन अनुसार किया गया है आगे चौहान ने बताया कि पार्टी के कुछ पदाधिकारी जिसमें मनीष वर्मा एवं उनके अन्य साथियों के द्वारा पार्टी में अनुशासनहीनता व पार्टी का कार्य नहीं करना संगठन में काम नहीं करना संगठन विद्रोह करना एवं अन्य शिकायतें लगातार मिलते रहा जिसकी जानकारी चौहान ने शिवसेना प्रदेश कार्यालय रायपुर राजधानी में दी गई जिसकी प्रदेश कार्यालय में 05,08,2024 मीटिंग बैठक लिया गया जहां जिला बेमेतरा पार्टी के पदाधिकारी द्वारा अनुशासनहीनतों को देखते हुए तत्काल प्रभाव से छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख परिहार ने जिला बेमेतरा मैं पार्टी संगठन को तत्काल भंग करने का आदेशित किया एवं जिला बेमेतरा में 15 दिवस के भीतर पार्टी में संगठन को मजबूती बनाने के लिए नए पदाधिकारी की नियुक्ति कर प्रदेश कार्यालय को सूचित करने कहा आगे चौहान ने बताया कि जिला बेमेतरा नगर एवं विधानसभा व ब्लॉक स्तर व बेमेतरा जिला के समस्त पदाधिकारी को पद मुक्त करते हुए जिले में शिवसेना पार्टी का नई पदाधिकारी नियुक्त किया जाएगा आगे चौहान ने बताया कि यह छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय व जिला बेमेतरा प्रभारी चौहान के आदेश की विपरीत कोई भी शिव सैनिक जिले में अपनी अपनी गाड़ियों से शिवसेना का बोर्ड नेम प्लेट से तत्काल हटाए एवं पार्टी के नाम से कोई भी पदाधिकारी अवैध वसूली किया जाता है तो तत्काल पार्टी के द्वारा

# तहसील साहू संघ द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाने की गई बैठक



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

तहसील साहू संघ द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्ष उल्लास के साथ मनाने स्थानीय साहू सदन में बैठक किया गया। तहसील साहू संघ अध्यक्ष युवराज साहू ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस मनाना है। सुबह 7.30 बजे माँ कर्मा मंदिर में ध्वजारोहण किया जायेगा, उसके बाद सुबह 8 बजे साहू सदन में ध्वाजारोहण किया जायेगा तथा देश के वीर सपूतों शहीद जवानों को नमन किया जायेगा। लैलन कुमार साहू ने सामाजिक संगठन के विषय में विचार दिया। तोरण लाल साहू ने परिक्षेत्रीय साहू समाज रचनात्मक कार्य करके सामाजिक गतिविधी में सक्रिय भागीदारी बनाये रखने की अपील की। बैठक में मोहन लाल साहू, रेखू राम साहू, घना राम साहू, संत राम साहू, विजय साहू, पीयूष साहू, अजीत साहू, रामेश्वर साहू, खूब लाल साहू, दीपक साहू, रामखिलावन, राधा साहू, दामिनी साहू, दौपती साहू, किशोर साहू, विमला साहू, उषा, गायत्री, निर्मला, गजेंद्र, नवीन, सुनील, गंगाधर, आनंद, कृपाराम, रुपसिंग, अतूल, दिनेश, कुंदन, शंकर साहू , सुशील, हेमंत, राजकिशोर सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में तकनीकी सहायक की मृत्यु के बाद मनरेगा कर्मचारियों का फिर छलका दर्द

## नियुक्ति और अनुदान राशि 10 लाख की मांग

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



मनरेगा योजना में कार्यरत जनपद पंचायत कोंटा के तकनीकी सहायक जयराम पोयाम की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार स्व. जयराम पोयाम प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्य में अधिक दबाव के कारण शनिवार अवकाश के दिन कोन्टा ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 120 किलोमीटर दूर आंध्रप्रदेश के सीमा से लगे ग्राम गंगलेर, गोलापल्ली का आवास निरीक्षण कर वापस आ रहे थे। वापसी के दौरान दुर्घनाग्रस्त हो गए। जिससे जयराम पोयाम के सर में गहरा चोट आया। उसे वहां के स्थानीय लोंगो द्वारा भ्रद्रचलम हास्पिटल ले जाते समय रास्ते मे ही निधन प्रति दुख तो सिस्टम के प्रति क्रोध की मिली जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। जिले में भी मनरेगा कर्मचारियों ने अपने बीच के एक होनहार साथी को खो जाने पर संवेदना देखी जा रही है। छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष मुकेश साहू, जिला उपाध्यक्ष दामनी चंद्रवंशी, जिला सचिव दीपक श्रीवाश, सुमन मोहले ने बताया कि मनरेगा कर्मचारियों पर मनरेगा योजना के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना सहित पंचायत विभाग के निर्माण का बोझ बढ़ गया है किंतु मनरेगा योजना के 18 मात्र 1 लाख रुपए देने का प्रावधान की है जो 12 वर्ष पुराना शासन का निर्धारण राशि है किंतु वह भी मनरेगा में किसी जिले में मिलता है तो किसी जिले में नहीं मिलता। विगत वर्षो में एवं कोरोना काल में सैकड़ों की संख्या में मनरेगा के कर्मी शहीद हुए है, किंतु उनके परिवार के सामाजिक सुरक्षा का कोई उपाय नहीं किया गया है, परिवार वालों को आज भी न्याय का इन्तजार है। सरकार को मनरेगा कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील पूर्वक विचार करते हुए मृतक की पत्नी को अनुकंपा नौकरी देने के साथ 10 लाख अनुदान राशि दी जानी चाहिए। समस्त मनरेगा कर्मचारियों के लिए एक बेहतर मानव संसाधन नीति लागू किया जाना चाहिए।

# जिला भाजपा नेता विशाल मोटवानी ने किया छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

जिला भाजपा नेता विशाल मोटवानी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट कर लौह अयस्क नगरी दल्ली राजहरा की पुरानी लंबित मांगो को लेकर चर्चा करते हुए मुख्मंत्री से राजहरा को गोद लेकर उसके विकास कार्य की सौगात देने की अपील की। जिन मांगो को पूरा होने को लेकर कई सालों से राजहरा की जनता आस लगाए बैठी है उन मांगो को पूर्ण करने का आग्रह किया। भाजपा नेता विशाल मोटवानी ने कहा लौह नगरी दल्ली राजहरा में एक दशक से जनता, कांग्रेस की कमजोर सरकार के शासन में राजहरा के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया गया है जो की निंदनीय है। कांग्रेस ने जनता की मांगो को कभी पूरा नहीं किया। जिससे राजहरा का विकास कार्य पूरी तरह इन पांच वर्षो से बाधित है। अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार जो विकासशील योजनाओं की सरकार है, इससे नगर वासियों को उम्मीद बंधी है कि प्रदेश की भाजपा सरकार राजहरा का चौमुंखी विकास करेगी और आमजनता की हर लंबित मांग पूरी होगी।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला धमतरी, (छत्तीसगढ)

### // संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक-पुअ/धम/एसी/निविदा/01/2024-25 दिनांक 29.7.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्यों के लिए मुहरबंद निविदाएं दो लिफाफा पद्धति से पुलिस कार्यालय धमतरी के कार्यालय में निर्माण कार्य हेतु नीचे दर्शाये गये प्रभावशील दर अनुसूची पर प्रपत्र ''अ'' में विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से दो लिफाफा पद्धति में (निविदा दर तथा अमानत राशि लिफाफा) एकल निविदा पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों (श्रेणी डी से ए तक) से प्रतिशत आधार पर पंजीकृत पावती युक्त, डाक स्पीड पोस्ट, हाथो-हाथ आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य प्राक्कलन पीडब्ल्यूडी एसओआर 2015 दर है। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु 750/- है।

1. निविदा प्रपत्र की कय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 14.8.2024 अपरान्ह 16.00 बजे तक
2. फर्म/ठेकेदारों द्वारा निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 26.8.2024 अपरान्ह 16.00 बजे तक
3. निविदा खोले जाने की तिथि - 28.8.2024 अपरान्ह 12.00 बजे

| क्र. | कार्य/ स्थल का नाम | कार्य की अनुमानित लागत/ अमानत राशि |
|---|---|---|
| 1. | पुलिस कैम्प बहीगांव में 01 किचन शेड निर्माण मय विद्युतीकरण | 5.14 लाख 5000/- |
| 2. | पुलिस लाईन में 01 महिला बैरक निर्माण मय विद्युतीकरण | 9.00 लाख 6750/- |

**शर्तें:-** निविदा के संबंधित शर्तें एवं विस्तृत विवरण पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रूद्री जिला धमतरी में देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र कय करने हेतु टेंडर फार्म राशि रू 0055, पुलिस 800 अन्य प्राप्तियों में जमा कराकर चालान की मूल प्रति कॉपी इस कार्यालय में जमा करावें। एफडीआर पुलिस अधीक्षक धमतरी के नाम से बनाया जावेगा। अंतिम तिथि के पास प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा के संबंध में समस्त निर्णय लेने का अधिकारी पुलिस अधीक्षक जिला धमतरी का होगा।

पुलिस अधीक्षक
जिला-धमतरी

G-242501620/1

# जनचौपाल में कलेक्टर ने किया समस्याओं का निराकरण, 52 आवेदन हुए प्राप्त

## नीरज का होगा स्कूल फीस माफ, गुलाब बाई बरेठ का बना नया राशन कार्ड

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनचौपाल में अपने नाती नीरज का स्कूल से फीस माफ कराने के लिए आवेदन देने वाली वृद्धा केरोबाई के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर अजीत वसंत ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल प्रबंधन से चर्चा कर विद्यार्थी की फीस माफ कर उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने नीरज को फीस की वजह से स्कूल से अनुपस्थित न होने और ध्यान लगाकर अच्छे से पढ़ाई करने कहा। जनचौपाल में नया राशन कार्ड बनाने का आवेदन लेकर पहुंची वार्ड क्रमांक 18 की गुलाब बाई बरेठ ने जब अपनी समस्याएं बताई तो कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश के पश्चात् गुलाब बाई का नया राशन कार्ड बनाकर प्रदान किया गया। इसी तरह जनचौपाल में किसान पुस्तिका बनवाने आवेदन देने वाले पाली के किसान हनुमान सिंह के आवेदन का निराकरण करने के निर्देश तहसीलदार को दिए गए। कलेक्टर जनचौपाल में कलेक्टर अजीत वसंत ने दूर दराज के इलाकों, पहाड़ी क्षेत्रों, वनांचलों से अपनी समस्याओं, शिकायत लेकर आने वाले लोगों की परेशानियों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनचौपाल में आर्थिक सहायता, नया राशन कार्ड बनाने, पेंशन, स्कूल फीस माफ करने, त्रुटि सुधार कराने, मुआवजा, अतिक्रमण हटाने सहित अन्य समस्याओं के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें ग्राम राहाडीह पाली के किसान हनुमान सिंह ने किसान पुस्तिका, नोनबिर्रा के किसान दुकालु सिंह ने अपनी पुत्रियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने ग्राम भरूहामुड़ा, चैतमा के किसान मुरीतराम ने त्रुटि सुधार, नक्शा काटने, ग्राम करतला के इंदलमति राठिया ने फोरलेन निर्माण के दौरान राखड़ खेत में बहने से हुए नुकसान का मुआवजा देने, बुधवारी बाजार बस्ती में खंभे से तार खिंचवाने, भिलाई बाजार से छेदुराम महिलांगे ने वृद्धा पेंशन दिलाने, ग्राम पड़निया के किसान बनवारी लाल ने मानदेय भुगतान, उरगा निवासी ग्रामीणों ने होटल रिलैक्स इन से निकलने वाले विषैले पानी पर रोकथाम और आवश्यक कार्यवाही के संबंध में आवेदन दिया। जनचौपाल में गेवरा बस्ती के गंगाराम ने डीएवी पब्लिक स्कूल कुसमुंडा में आरटीई के तहत प्रवेश में गड़बड़ी होने, बेलगिरी बस्ती के धनकुंवर ने बारिश से मकान गिरने पर मुआवजा, ग्राम पण्डरीपानी गोपालपुर के सरपंच ने साप्ताहिक बाजार लगाने के संबंध में कलेक्टर को आवेदन दिया। जनचौपाल में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 52 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान अपर कलेक्टर दिनेश नाग, सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग श्रीकांत कसेर, जिला खाद्य अधिकारी घनश्याम सिंह कंवर, डीएमसी मनोज पाण्डेय, कृषि अधिकारी देवेन्द्र कंवर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

**स्कूली बच्चों को लेकर न आए अभिभावक** -जनचौपाल में ग्राम हरनमुड़ी के नाकापारा प्राथमिक शाला से शिक्षिका की शिकायत करने अपने बच्चों के साथ पहुचने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए पालकों को समझाइश दी कि वे किसी भी स्थिति में जनचौपाल में अपने बच्चों को लेकर न आएं। उन्होंने पालकों से कहा कि जो भी समस्याएं हैं, उसे एक-दो अभिभावक आकर भी बता सकते हैं। आवेदन की गंभीरता के अनुसार जो भी निराकरण किया जा सकता है, वह किया जाएगा। उन्होंने स्कूल से जुड़ी समस्याओं के लिए सभी पालकों से अपील की है कि वे बच्चों को लेकर जनचौपाल में न आएं।

# एयरगन से फायर कर प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



एयरगन से फायर कर प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार। प्रार्थी/आहत रामकुमार देवांगन निवासी मँझली तालाब चाम्पा जो परसुराम चौक चाम्पा में सब्जी बेचने का काम करता है जो 04.08.24 के शाम 05.30 बजे बैगा के ठेला में आमलेट खाने गया था तो आरोपी पिन्टू थवाईत द्वारा आहत को यहाँ से भाग जा नहीं तो तुम्हें जान से मार दूंगा कहकर अपने सब्जी बेचने के तख्त के नीचे रखे एयरगन बंदूक को चलाया पहला आहत को कान को छूते निकल गया दूसरा छर्रा पेट मे लगा जिसे बीडीएम अस्पताल लेकर गए जहाँ से रिफर किया गया था जिसकी सूचना थाना चाम्पा में अपराध क्रमांक 323/24 धारा 351 (2),109 BNS का अपराध दर्ज कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रक्रण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तारी हेतु विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर के निर्देशन में थाना स्तर पर तत्काल टीम गठित किया गया। विवेचना दौरान मुखबिर सूचना मिला कि प्रकरण के आरोपी पिन्टू देवांगन घटना के पश्चात अपने भाई के घर मे छिपा था तथा भागने के फिराक में था कि सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर एवं एस डी ओ पी चांपा यदुमणि सिदार के कुशल मार्गदर्शन में आरोपी को घेरा बंदी कर पकड़े पूछताछ में बताया कि आहत के साथ पुरानी रंजिश थी जो आये दिन गाली गलौच करता था जो आहत को जान से मारने के नियत से अपने घर मे रखे एयरगन में पहले से छर्रा भरकर अपने सब्जी बेचने के तखत के नीचे छिपा कर रखा था तथा आहत के आने पर पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौच कर जान के मारने के नियत से अपने एयरगन को आहत पर चला दिया जिसके झुकने से गोली उसके कान पास से निकल गया दूसरी गोली आहत के पेट मे लगा तथा खून निकलने पर डर कर एयरगन को अपने बड़े भाई के निर्माणधींन मकान के गेट पास छुपा दिया था जिसके निशानदेही पर गवाहों के समक्ष एयरगन व गोली (छर्रा) को बरामद किया जाकर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 05.08.2024 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक डॉक्टर नरेश पटेल थाना प्रभारी चाम्पा, ASI बेलसेज्जर लकड़ा, मुकेश कुमार पाण्डेय, अरुण सिंह, प्र.आर. प्रकाश राठौर, आरक्षक शंकर राजपुत, माखन साहु, नितिन द्विवेदी, खेम राठौर, घनश्याम मिरी व अन्य थाना चाम्पा स्टॉप का सराहनीय योगदान रहा।

# सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच ने श्रावणी मास पर किया श्री महावीर गौशाला में सहस्त्रधारा अभिषेक कार्यक्रम का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच द्वारा भगवान भोलेनाथ की कृपा से सावन माह के द्वितीय सहस्त्र धारा का आयोजन श्री महावीर गौशाला में किया गया,सस्वर मंत्रों उच्चारण के साथ वैदिक रीति रिवाज से भोले नाथ की पूजा एवं दूध और जल से अभिषेक किया गया , तत्पश्चात भोले बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया,सहस्त्र धारा में मंच के सरंक्षक सियाराम अग्रवाल अग्रवाल ( राष्ट्रीय चेयरमैन अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, अध्यक्ष महावीर गौशाला), विष्णु गोयल, कन्हैया अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, क्षितिज अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, पुष्परंजन जैन, संतोष बजाज, प्रभात अग्रवाल, कमल गुप्ता, आनंद अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, विष्णुस्वरूप अग्रवाल, योगेश शर्मा, विकास तिवारी सपरिवार पहुंच कर इस धार्मिक आयोजन में सहभागी बनें, एवम आरती के बाद सभी ने प्रसाद ग्रहण कर स्वल्पाहार का आनंद लिया,तत्पश्चात मारवाड़ी युवा मंच के सभी सदस्यों ने आज अमावस्या पर गौशाला में गौ माता को चारा एवं गुड खिलाया गया।

# सेंट्रल लायब्रेरी का शुल्क दुगना करने के खिलाफ छात्र छात्राओं ने लायब्रेरी में लगाया ताला

## कलेक्टर को ज्ञापन सौप शुल्क वृद्धि वापस लेने की मांग की

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





शहर के नूतन चौक में नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी के फंड से निर्मित कराए गए सेंट्रल लायब्रेरी में शुल्क को दुगना से भी ज्यादा कर देने के विरोध में छात्र छात्राओं ने लायब्रेरी में ताला जड़कर कलेक्ट्रेट पहुंचे और वृद्धि की गई राशि को वापस लेने की मांग की। छात्र छात्राओं की मांग का समर्थन करते हुए पूर्व विधायक शैलेष पांडेय ने कहा कि पंडित शिव दुलारे मिश्र सेंट्रल लाइब्रेरी की फ़ीस दुगने से भी ज्यादा करना ग़लत है। युवा पढ़ने वाले बच्चों पर आर्थिक बोझ बढ़ाने से परेशानी होगी- शैलेश बिलासपुर में सरकार के पढ़ाई के लैंडमार्क चाहे स्वामी आत्मानंद स्कूल हो या सेंट्रल लाइब्रेरी,सभी पर बीजेपी सरकार की कुदृष्टि है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय बनी सेंट्रल लाइब्रेरी जो कि पंडित शिव दुलारे मिश्र जी के नाम पर बनी है जो कि प्रथम विधायक थे बिलासपुर के और बीजेपी की सरकार उनके नाम को बदनाम कर रही है। सेंट्रल लाइब्रेरी बिलासपुर का शिक्षा का एक लैंडमार्क है और वहाँ पर युवा अपनी पढ़ाई करते है जिसकी फीस केवल पाँच सौ रुपये रखी गई थी ताकि युवाओं पर आर्थिक बोझ न आए और वे अपनी पढ़ाई को अच्छे से कर सके लेकिन बीजेपी सरकार ने आज वहाँ की फीस को दुगने से भी ज्यादा कर दिया है जो कि गलत है इससे उनपर बोझ पड़ेगा और वो शासन की इस सुविधा का उपयोग सही से नहीं कर सकेंगे। श्री पांडेय ने राज्य शासन से माँग किया कि लाइब्रेरी के शुल्क में वृद्धि को वापस ली जाए और छात्र हित में फैसला किया जाए ।

# सभी हितग्राहियों से पौधा लगाने की अपील की



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम सोढ़ार में विधायक पुन्नूलाल मोहले ने प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही समारू साहू के घर के परिसर में जामुन का पौधा लगाया और सभी हितग्राहियों से पौधा लगाने की अपील की। उन्होंने हितग्राही साहू को बधाई दी और कुशलक्षेम भी पूछा। इस दौरान हितग्राही साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 01 लाख 20 हजार रूपए स्वीकृत हुआ था, जिसके तहत उनका आवास बनाया गया है। उन्होंने बताया कि पहले कच्चा मकान होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। घर की आर्थिक परिस्थिति कमजोर होने के कारण पक्का आवास का सपना पूरा नहीं हो पा रहा था। उन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, जनपद पंचायत मुंगेली के उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के उपसंचालक भूमिका देसाई, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अग्रवाल महिला समिति की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन, रीना केडिया अध्यक्ष अंजू अग्रवाल बनी सचिव



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

अग्रवाल समाज के तीज महोत्सव में सावन तीज का कार्यक्रम हरियाली थीम पर अकलतरा अग्रवाल महिला समिति द्वारा लिखमानिया भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया,जिसमे अग्रवाल महिला समिति नवीन कार्यकारिणी की घोषणा भी किया गया,अध्यक्ष पद पर रीना केडिया, उपाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, सचिव अंजू अग्रवाल,सह सचिव किरण तुलस्यान, कोषाध्यक्ष ममता अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष वर्षा अग्रवाल चुनी गईं, सभी पदाधिकारियों को निवर्तमान अध्यक्ष सुनीता गोयल एवं सरक्षक राखी अग्रवाल, रेखा अग्रवाल द्वारा बैच पहना कर स्वागत किया गया, शुभकामनाएं दी गई, नव नियुक्त अध्यक्ष रीना केडिया ने बताया कि सावन तीज पर समाज की वरिष्ठ महिलाओं का आशीर्वाद भी मिला सभी आगंतुकों का ढोल बजाकर स्वागत किया गया। महिलाओं के लिए विभिन्न गेम्स एवं प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें सभी ने बढचढ कर हिस्सा लिया,सचिव अंजू अग्रवाल ने आज के कार्यक्रम की जानकारी दी जिसमे नई बहुओं का सिंधारा किया गया, हाऊजी,1 मिनट गेम, नृत्य ,सावन का झूल जैसे अनेक आयोजन हुए, उपाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने बताया उक्त कार्यक्रम में पदाधिकारियों सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे!

# पारंपरिक त्योहार हरेली और मित्रता दिवस के अवसर पर नीम, कदम, बादाम आदि के 20 पौधों का रोपण

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी एक ऐसा नाम जो मुंगेली शहर और आसपास के हरियाली के संरक्षण और संवर्धन की जिमेदारी बखूबी निभाते हुवे पर्यावरण संतुलन के लिए विगत सात वर्षों से पौधरोपण करते आ रही है। पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित युवाओं की टोली द्वारा पौधारोपण व संरक्षण के लिए संचालित हरियर मुंगेली-सुघ्घर मुंगेली अभियान के आठवें वर्ष के अंतर्गत लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से संस्था ने छत्तीसगढ़ की पहली पारंपरिक त्योहार हरेली और मित्रता दिवस (फ्रें डशिप डे) के अवसर पर नीम, कदम, बादाम आदि के 20 पौधों का रोपण कर मित्रस्वरूप उन्हें ही फ्रेंडशिप बैल्ट बांध मित्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर संस्था के सचिव विनोद यादव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के साथ मित्र भी है, जिस प्रकार सच्चा मित्र की मित्रता निस्वार्थ होती है ऐसी ही पेड़-पौधे होते है जो निस्वार्थ रूप से हमको आक्सीजन, शुद्ध वातावरण, फल, लकड़ी, गर्मी में शीतलता, बारिश आदि प्रदान करते है। भारत जैसे प्रकृति पूजक देश में पर्यावरण पर गंभीर संकट खड़े हैं और इससे निपटने में पौधारोपण एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जाहिर है इसका समाधान प्रदूषण कम करने के साथ ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पेड़ लगाने में है। संस्था के वरिष्ठ सदस्य गौरव जैन ने पौधों के महत्व को बताते हुवे कहा कि किस प्रकार पौधों का प्रभाव मौसम पर होता है ये बात अब लोगों को समझ आ रही है अगर पौधें नही होंगे तो बारिश भी नही होगी। इसलिए हम आप सभी से अपील करते हैं कि इस मानसून कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। इस दौरान संस्था के संयोजक रामपाल सिंह, सह संयोजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, सचिव विनोद यादव, दिनेश गोयल, सतपाल मक्कड़, गोखलेश सिंह, दीपक जैन, श्रेणिक पारख, देवेंद्र परिहार, गौरव जैन, अनुराग सिंह, विकास जैन, कोमल चैबे, राहुल साहू, मुकेश पांडेय, रॉकी सलूजा, हरिओम सिंह, यश शर्मा, रघुराज सिंह।

# जुआ सट्टा, अवैध शराब एवं नशीले पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



क्षेत्र में चल रहे अवैध जुआ सट्टा, आबकारी एक्ट एवं अन्य नशीले पदार्थों के कारोबार पर लगाम लगाने थाना सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तेजनाथ सिंह द्वारा थाना स्टाफके साथ लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिससे जुआ सट्टा,अवैध शराब एवं नशीले पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाया जा सके। इसी कडी वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन एवं निर्देशन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली मुंगेली निरीक्षक तेजनाथ सिंह के द्वारा अवैध रूप से चल रहे थाना क्षेत्र में जुआ खेलने वालो के विरूध मुखबीर की सूचना पर- चातरखार में अपराध क्रमांक 306 / 2024 धारा छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) आरोपीगण सुनील कोसले परमेश्वर लहरे, तुलाराम सतनामी, प्रमोद काठले से कुल 3900 रू. , बडा बाजार मुंगेली में अपराध क्रमांक 307 / 2024 धारा छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) आरोपीगण सोनू यादव, सुमीत निर्मलकर, दिलीप यादव, शत्रुहनदेवागन, परमेश्वर जायसवाल, चन्द्र शेखर यादव, मनीष ठाकुर, सागर सोनी, रोहित ठाकुर, गोलू वास कुल रकम 25210 एवं कालीमाई वार्ड में अपराध क्रमांक 308 / 2024 धारा छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) आरोपीगण अरूण सोनकर, राजेश देवागन, खुमान कुम्भकार, कमलेश कुम्भकार, अनिल देवागन, संजय सोनकर, दुर्गेश सारथी, कृपाल कुम्भकार, गणेश कुम्भकार कुल 9350 रू जप्त किया गया है। अलग-अलग स्थानों से कुल 23 जुआ खेलने वाले आरोपीगण से कुल पास एवं फडं से नगदी रकम 38460 रूपये जप्त कर छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही किया गया है।


**ई–नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट – IVA) (नियम 8(6))**

आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में जिसे इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल–एचएफएल) कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज–IV, गुड़गांव –122015 (हरियाणा) के पास बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री और शाखा कार्यालय "पहली मंजिल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी, रालपुर के सामने, सीजी 492001" वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद "अधिनियम") के तहत जबकि आईआईएफएल–एचएफएल के प्राधिकारी अधिकारी ("एओ") ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नलिखित ऋण खातों/प्रोसपेक्ट सं. में जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया था, जिसमें आईआईएफएल–एचएफएल की बकाया राशियों की वसूली के लिए "जहां है जैसा है और बिना किसी आधार के बेचा जा रहा है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट www.iiflonehome.com पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार(रों)/ सह–कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों) | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | अचल संपत्ति/ सुरक्षित संपत्ति का विवरण | सांकेतिक कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री विनय पारेख 2. श्रीमती ज्योति पारेख (प्रोस्पेक्ट नं. 854084) | 02.07.2020 रु. 12,03,318/– (रु. बारह लाख तीन हजार तीन सौ अट्ठारह मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि अरन्या रियल स्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड, अरन्या सिटी ऑफ वुडलैंड, प्लॉट नं. 81, क्षेत्रफल 1500 वर्ग फीट, खसरा नं. 707, ब्लॉक नं. सी, ग्राम पचेड़ा, पी.एच.एन. 81/2, आर. एन.एम.मंदिर हसौद, तहसील–आरंग, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 | 20.07.2020 | रु. 6,90,000/– (रु. छह लाख नब्बे हजार मात्र) |
| | बोली वृद्धि राशि | | कुल बकाया दिनांक 04.07.2024 तक रु. 19,06,815/– (रु. उन्नीस लाख छह हजार आठ सौ पद्रंह मात्र) | जमा धरोहर राशि (ईएमडी) |
| | रु. 20,000/– (रु. बीस हजार मात्र) | | | रु. 69,000/– (रु. उनहत्तर हजार मात्र) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि | ई–नीलामी की तिथि / समय |
|---|---|---|
| 21.08.2024 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपोह्न 1400 बजे | 23.08.2024 को अपोह्न 05.00 बजे | 28.08.2024 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपोह्न 1300 बजे |

भुगतान का प्रकारः– ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड द्वारा किया जाएगा। भुगतान करने के लिए आपको https://www.iiflonehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। टिप्पणीः प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं।
शेष राशि भुगतान के लिए – Login https://www.iiflonehome.com >My Bid >Pay Balance Amount.

**नियम और शर्तेः–**

1. ई–नीलामी में भाग लेने हेतु, इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता https://www.iiflonehome.com के साथ अपना विवरण पंजीकृत करना आवश्यक है, को पहले से ही लॉगिन अकाउंट, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति के साथ अपना "निविदा फॉर्म" उपरोक्त शाखा कार्यालय में जमा/भेजना होगा।
2. बोलीदाताओं को "बोली वृद्धि राशि" कॉलम के तहत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपने प्रस्ताव में सुधार करना होगा। यदि नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में बोली लगाई जाती है, तो समापन समय स्वचालित रूप से 5 मिनट के लिए बढ़ाया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) जमा करना होगा और बोली राशि का शेष 75% सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा। सभी जमा और भुगतान के निर्धारित भुगतान के मोड से होंगे।
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टांप शुल्क, व्यय, और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित बकाये का वहन करना होगा।
5. क्रेता को बिक्री राशि के लेनदेन/भुगतान पर टीडीएस आवेदन देना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के पास टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करना होगा।
6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखें। ई–नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोली फॉर्म जमा करने से पूर्व।
7. विवरण के लिए, ई–नीलामी पर सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता ईमेल आईडी : care@iiflonehome.com सहायता हेल्पलाइन नं. 1800 2672 499 से संपर्क कर सकते हैं।
8. संपत्ति के विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए सोमवार से शुक्रवार 09:30 बजे से 18:00 बजे तक आईआईएफएल एचएफएल के टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल पर care@iiflonehome.com लिखें
9. उपरोक्त उधारकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को वापस ले लें। अन्यथा आईआईएफएल–एचएफएल किसी भी परिस्थिति में संपत्ति के नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अलावा ऋणी को नोटिस दिया जाता है, यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
11. उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा किसी भी स्तर पर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ के पास बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी के नियमों और शर्तों को स्थगित/रद्द करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद के मामले में, आईआईएफएल–एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 के उप नियम (1) के तहत 15 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना**

उधारकर्ता को निविदा/नीलामी की तारीख से पहले उपरोक्त उल्लिखित राशि का भुगतान दिनांकित ब्याज और सहायक खर्चों के साथ करने के लिए सूचित किया जाता है। ऐसा न करने पर संपत्ति को नीलाम/बेच दिया जाएगा और शेष बकाया, यदि कोई हो, ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा

**स्थान : रायपुर, तिथि : 06.08.2024** — **हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी,** आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड


## मंदिर परिसर में लगाया आम का पौधा, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पर्व हरेली त्यौहार जिले में उत्साह के साथ मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पर्व हरेली त्यौहार जिले में उत्साह के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर मुंगेली विकासखंड के ग्राम पंचायत सोढ़ार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आवास एवं शहरी मंत्रालय केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कृषि उपकरणों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर पूरे प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री साहू ने कहा कि हमारी परम्परा और संस्कृति में हरेली त्यौहार का विशेष महत्व है। हरेली छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार भी है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह त्यौहार परंपरागत् रूप से उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन किसान खेती-किसानी में उपयोग आने वाले कृषि यंत्रों की पूजा करते हैं, गांव में बच्चे और युवा गेड़ी का आनंद लेते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों के कल्याण लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और लाभ उठाने प्रेरित किया। मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि हरेली पर्व के दिन पशुधन के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए औषधियुक्त आटे की लोंदी खिलाई जाती है। घर के द्वार पर नीम का पत्ता लगाया जाता है, इससे कई प्रकार की बीमारियां दूर होती है। घर में अनेक प्रकार के पकवान बनाए जाते हैं। आज से अनेक त्यौहारों का सिलसिला शुरू हो जाता है। उन्होंने प्राचीन परम्परा के अनुरूप इस त्यौहार को मनाने और इसे बरकरार रखने अपील की। उन्होंने ग्राम में महिला सदन और सीसी रोड बनाने की घोषणा की। कलेक्टर ने कहा कि सावन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को हरेली पर्व मनाया जाता है। लोग इस त्यौहार को परम्परागत रूप से बड़े ही उत्साह के साथ मनाते हैं। इस त्यौहार से ही खेती-किसानी की शुरूआत होती है। उन्होंने किसानों की समृद्धि के लिए फसलों की अच्छी पैदावार की कामना की। कार्यक्रम को जनपद पंचायत मुंगेली के उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। 'मंदिर परिसर में लगाया आम का पौधा, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश' केंद्रीय राज्य मंत्री साहू ने ग्राम के मंदिर परिसर में आम का पौधा लगाया और लोगों से पौधा लगाने की अपील की। परिसर में विधायक मोहले ने आम, कलेक्टर ने अमरूद और जिला पंचायत सीईओ ने जामुन का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया।

# शिक्षक की कमी के चलते प्रयास विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने किया चक्का जाम, एक घण्टे के बाद आश्वासन मिलने पर वापस विद्यालय लौटे

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com



शिक्षकों की कमी है को ले एक बार फिर प्रयास आवासीय विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने बायपास सड़क में चक्का जाम कर धरने पर बैठ गये काफी मशक्कत व आश्वासन के बाद छात्रों ने सड़क छोड़ी। ज्ञात होकि शिक्षा सत्र शुरू होने के बाद से ही प्रयास विद्यालय में विषयवार शिक्षक की कमी से छात्रों को जुझना पड़ रहा है जिसके कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। सोमवार को प्रयास आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं का आक्रोश फूट पड़ा। स्वस्फूर्त होकर यहां के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने सड़क पर उतरे और बायपास सड़क में एक घंटे चक्काजाम किया। छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन के चलते बायपास मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गयी और सड़क पर आवाजाही ठप हो गयी। मौके पर पुलिस के आला अधिकारी दल बल के साथ पहुंचे। पुलिस कर्मियों ने छात्र-छात्राओं को सड़क से हटाने प्रयास किया लेकिन वे नहीं मान रहे थे। प्रदर्शनकारी छात्र कलेक्टर को मौके पर पहुंचने की जिद कर रहे थे। जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। शिक्षक पदस्थ करने का आश्वासन मिलने के बाद छात्र छात्राओं ने सड़क खाली किया।

जिलेभर से प्रतिभावन चयनित छात्र-छात्राओं को प्रयास प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने पर ही प्रवेश दिया जाता है।

दूर दराज गांवों से छात्र अच्छे भविष्य की तलाश में पढ़ाई करने आते हैं। लेकिन यहां पर भी उन्हें सिर्फ मायूसी हाथ लग रही है। क्योंकि प्रयास आवासीय विद्यालय में भी शिक्षकों की बेहद कमी है। यही वजह है कि छात्र छात्राओं को अपनी पढ़ाई छोड़कर आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। छात्र छात्रा स्वयं ही सड़क जाम करने पहुंचे थे। जबकि उनके कोई पालक भी साथ नहीं थे।

ऐसे में यह समझा जा सकता है कि अपने भविष्य को लेकर छात्र-छात्राओं में चिंता है। छात्राओं ने मीडियाकर्मियों के द्वारा पूछे जाने पर कहा कि विलंब से शिक्षक पदस्थ होने पर वे विषयों को अच्छे ढंग से समझ नहीं पायेंगे। अब देखना यह है कि शहर के इमलीपारा में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय में शिक्षकों की कमी दूर करने प्रशासन पहल करती है या नहीं। आदिवासी विकास शाखा के सहायक आयुक्त एलआर कुर्रे ने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है, शीघ्र ही शिक्षक ज्वाईनिंग करेंगे।

# विकास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स का इंडक्शन प्रोग्राम




■ स्मार्ट सिटी के जी.एम. आशीष मिश्रा एवं शिक्षाविद् जवाहर सुरीशेट्टी ने कहा- क्षमता व रुचि अनुरूप लक्ष्य तैयार कर अपने कैरियर को दिशा दें स्टूडेंट्स

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

विकास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के नए स्टूडेंट्स के इंडक्शन प्रोग्राम में बतौर अतिथि वक्ता पहुंचे रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के महाप्रबंधक आशीष मिश्रा ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासित होकर अपनी क्षमता व रूचि अनुरूप कठिन परिश्रम से अपने कैरियर को दिशा दें। उन्होंने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार, रायपुर जिला प्रशासन व शहरी सरकार ने युवाओं का भविष्य गढ़ने राजधानी रायपुर में नालंदा व तक्षशिला जैसे अध्ययन केन्द्र संचालित कर रहे है, साथ ही युवाओं को कैरियर से जुड़ी उपयोगी जानकारी व मार्गदर्शन देने गुड गवर्नेंस सेंटर व आरंभ जैसे परिसर शुरू किए गए हैं, जिसका पूरा लाभ विद्यार्थियों को लेना चाहिए। प्रख्यात शिक्षाविद् जवाहर सुरीशेट्टी, कॉलेज प्राचार्य सीमा अग्रवाल, डी.एन. देवांगन, चंचल दीप कौर, विभागाध्यक्ष एस.एन. पांडा व विभाग प्रमुख, फैकल्टी मेंबर्स सहित नवप्रवेशी छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्रेरक सत्र की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवल कर हुई एवं नव प्रवेशी छात्राओं ने स्वागत गीत व नृत्य की प्रस्तुति दी। प्राचार्य सीमा अग्रवाल ने नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को अनुशासित होकर अपने समय का सदुपयोग कर कॉलेज की शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ उठाने हेतु उनका मार्गदर्शन किया। शिक्षाविद जवाहर सुरीशेट्टी ने अपनी प्रतिभा व सामर्थ्य को निखारते हुए अपने बेहतर प्रदर्शन से अपने जीवन को संवारने के जरूरी टिप्स दिए, वहीं प्रो. पांडा ने शिक्षा के साथ-साथ कला के जरिए भी अपनी बौद्धिक क्षमता को विकसित करने का सुझाव विद्यार्थियों को दिया। अतिथि वक्ता आशीष मिश्रा ने शैक्षणिक गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन के साथ ही अपनी भूमिका सामाजिक दायित्वों को पूरा करने में निर्वहन करने की अपील विद्यार्थियों से की। उन्होंने कहा कि उनकी शिक्षा केवल रोजगार पाने तक सीमित न रहें, बल्कि सामाजिक बदलाव व सेवा के स्वरूप में सामने आए, यह शिक्षा का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने संस्था में उपलब्ध संसाधनों विशेषकर विद्वान शिक्षकों के मार्गदर्शन में अपने कैरियर को तराशने पूरे मन से जुटने का आह्वान विद्यार्थियों से किया।

# स्व. बिन्देश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय में दीक्षारम्भ 2024 कार्यक्रम में नव प्रवेशियों का किया गया स्वागत-सम्मान

पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com




नगर स्थित स्व. बिन्देश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय में दीक्षारम्भ 2024 कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में रामाधार शर्मा सांसद प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। नव प्रवेशियों का स्वागत करते हुए उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने शासकीय महाविद्यालय को सजाया छात्राओं ने रंगोली बनाई। ज्ञात हो कि राजधानी रायपुर और भिलाई -दुर्ग के मध्य स्थित कुम्हारी के छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए दूरस्थ को रायपुर अथवा भिलाई जाना पड़ता था। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कुम्हारी क्षेत्र की जन आकांक्षाओं को प्राथमिकता प्रदान करते हुए सर्वप्रथम महाविद्यालय की मांग पूरी की जिससे आसपास के ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राओं को विद्यार्जन करने करना अत्यंत सहज और सरल हो गया क्योंकि जिस समय इस महाविद्यालय का शुभारंभ हुआ दुर्भाग्य से कोरोना (कोविड) की भयानक आपदा ने महाविद्यालय के विकास में बाधा उत्पन्न किया उस समय विद्यालय में छात्रों की संख्या अत्यंत कम थी, अब पुनः महाविद्यालय में छात्राओं और छात्रों की संख्या में बराबर वृद्धि हो रही है। महाविद्यालय के लिए हमने अपने कार्यकाल में नगर के समीप ही भूमि अधिग्रहण करने का प्रयास किया जिसमें विलंब हुआ अब क्योंकि रामपुर चौराहा ग्राम में भूमि का चयन किया गया है जिसे आवंटित तो कर दिया गया है पर भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई है क्योंकि छात्रों की संख्या क्रमशः बढ़ती ही जा रही है इससे प्रसन्नता हो रही है और इस विचार से कम से कम उक्त आवंटित भूमि के अतिरिक्त 10 एकड़ भूमि भविष्य की स्थितियों को देखते हुए राज्य शासन व्यवस्था करें ताकि सभी प्रकार की सुविधा यहां अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ाई पूरी कर अपने माता-पिता के सपनों को साकार करते हुए जागरूक नागरिक बन देश की उन्नति में सहभागी बनें। संवाददाताओं से बात करते हुए जब उनसे पूछा गया कि सात माह की भाजपा सरकार के विषय में कुछ कहें तो उन्होंने संक्षिप्त उत्तर दिया सरकार है कहां। महतारी वंदन के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ बहुतों को नहीं मिल पा रहा है इसमें अनेक कमियां हैं।

# शांतिनिकेतन महाविद्यालय चंगोराभाठा रायपुर में नवप्रवेशित छात्र एवं छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



शांतिनिकेतन महाविद्यालय चंगोराभाठा रायपुर में नवप्रवेशित छात्र एवं छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह दोपहर 1-00 बजे से प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉलेज के एम डी मुकेश गुप्ता, प्रिंसिपल डॉ. देवाहुती तिवारी, प्रिंसिपल डायरेक्टर ऋषभ गुप्ता एवं डॉक्टर अनिरुद्ध तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर माता सरस्वती को माल्यार्पणन कर, सहायक प्राध्यापक प्रो शिखा शर्मा एवं छात्रों द्वारा द्वारा सरस्वती वंदना के साथ राज्य गीत ''अरपा पैरी के धार'' का प्रस्तुतिकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी नव प्रेषित छात्र छात्राओं का स्वागत तिलक लगाकर सहायक प्राध्यापक संजू साहू एवं पूर्णिमा साहू एवं प्रियंका चंद्राकर, सुरभि शर्मा के द्वारा किया गया। मंच का संचालन डॉ. अलका मिश्रा एवं सहायक प्राध्यापक. अजय पटेल द्वारा किया एवं नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं एवं उनके पालको को शैक्षणिक सत्र 2024-25 से लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों से अवगत कर विस्तृत जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक प्रदीप घोष ने बच्चों को नई शिक्षा प्रणाली की खासियत से अवगत कराया। सहायक प्राध्यापक दीक्षा ठाकुर एवं योगेश साहू द्वारा सभी छात्र-छात्राओं के मनोरंजन के लिए रोचक गेम एवं प्रतियोगिताएं लर्निंग स्किल एवं कम्यूनिकेशन पर रखी गई रखी गई।

नव प्रेषित छात्राओं में पंकज ने छत्तीसगढ़ी गीत गाकर अपनी प्रस्तुति दी और सब का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में सभी विषय के छात्र-छात्राओं सहित कॉलेज के सभी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर्स, शांतिनिकेतन कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का समापन स्वल्पाहार के द्वारा हुआ।

# तीज महोत्सव में कुछ नया करेंगी महाराष्ट्र मंडल के तात्यापारा, बूढ़ापारा केंद्र की महिलाएं



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

सावन का महीना, हरियाली और तीज महोत्सव की बात हो तो महिलाएं हमेशा सबसे अच्छा उत्सव करने की सोचती हैं। महाराष्ट्र मंडल के तात्यापारा और बूढ़ापारा केंद्र की महिलाएं भी इस सावन अपने तीज महोत्सव में कुछ नया करने की सोच रहीं है। इसके लिए केंद्र की संयोजिकाओं ने सभी सदस्यों से विचार मंगवाए हैं। इन विचारों पर चर्चा बाद तीज महोत्सव की योजना बनाई जाएगी। तात्यापारा और बूढ़ापारा केंद्र की मासिक बैठक तात्यापारा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में शनिवार शाम संपन्न हुई। बैठक में वर्षभर होने वाले सामाजिक कार्यों और उन कार्यों में सभी की सहभागिता पर चर्चा हुई। उसके बाद तीज महोत्सव में नया क्या कर सकते हैं, इस पर सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में सुरेखा हिशीकर, अलका लेले, नमिता शेष, सुरभि शेष, मालती मिश्रा, आराधना शेष, दमयंती देशपांडे, अपर्णा मोघे, सुचिता देशपाडे उपस्थित रहीं।

# विप्र कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों और पालकों के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सर्वप्रथम नवप्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए अपार संभावनाओं का द्वार खोलता है। 4 वर्षीय पाठ्यक्रम में आपने प्रवेश लिया है जो सेमेस्टर सिस्टम पर आधारित है। इस पद्धति के अनुसार आपका एक वर्ष का अध्ययन भी व्यर्थ नहीं जाएगा। प्रथम वर्ष पूर्ण करने पर आपको सर्टिफिकेट दिया जाएगा। 2 वर्ष का कोर्स होने पर आपको डिप्लोमा मिल जाएगा और 3 वर्ष मे आप डिग्री के पात्र होंगे। साथ ही कौशल विकास राष्ट्रीय शिक्षा नीति का महत्वपूर्ण अंग है। सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति अध्ययन करते हुए किसी न किसी क्षेत्र में पूर्णता कुशलता अर्जित करने का अवसर देगा। जिससे आप स्वरोजगार द्वारा खुद आय अर्जित करके दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर प्रदान कर सकते हैं। एनईपी एम्बेसडर विद्यर्थियों को प्राचार्य ने परिचय पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके उपरांत महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधा और विभागों की जानकारी डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. कैलाश शर्मा, डॉ. दिव्या शर्मा एवं मोहित श्रीवास्तव ने प्रदान किया। खेल प्रभारी राजेश तिवारी ने विप्र कॉलेज में उपलब्ध खेल सुविधाओं की जानकारी दी। लाइब्रेरियन प्रणिता शर्मा ने लाइब्रेरी में उपलब्ध

# एक पेड़ मां के नाम पर शासकीय प्राथमिक बालक व आत्मानंद कन्या शाला स्कूल कुम्हारी में किया गया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक बालक व आत्मानंद कन्या शाला स्कूल कुम्हारी में अनेकों पेड़ माता पिता के नाम से स्कूल प्रांगण में रोपण किया गया। कार्यक्रम शाला परिवार, पालक गण की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से शिक्षिका ऋतु शिक्षक लेखराम गेंड्रे, जी.एस टण्डन, आरिफ खान, मदन साहू, चौधरी, पारसमणि चंद्राकर खिन्नी वर्मा, ध्रुव, प्रधान, पालकगण गोल्डी गोस्वामी, फिंगेश्वर साहू, राजू निषाद, गिरीश सोनी, रामेश्वर सोनकर, अनुराग गुप्ता, इमरान रिजवी, जितेन्द्र जोशी, नीलेश देवांगन, उमाकांत, जे.पी.बैस, अश्वनी देशलहरे आदि उपस्थित रहे।

# मवेशियों को बीमारी से बचाने के लिए औषधियुक्त आटा के लोदी खिलाई लोंदी नमक खामर पाता खिलाया जाता है

**महासमुंद।** श्रावण अमावस्या को मनाया जाने वाला छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार हरेली अंचल में धूमधाम से मनाया गया। खासकर, ग्रामीण क्षेत्र में इस त्योहार का अपना अलग ही महत्व है। किसान खेती-किसानी में उपयोग आने वाले कृषि यंत्रों की पूजा कर अच्छी फसल की कामना करते हैं और गांव के बच्चे, युवा गेड़ी का आनंद उठाते हैं। बता दें कि फसलों में किसी प्रकार की बीमारी न लग सके, पर्यावरण संरक्षण को लेकर किसानों द्वारा हरेली का त्योहार मनाया जाता है। हरेली यानि हरियाली का पर्व मुख्यतः खेती-किसानी से जुड़ा त्योहार है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज किसानों ने नागर, गैंती, कुदाल, फावड़ा समेत कृषि काम में आने वाले औजारों की साफ-सफाई कर पूजा की और अच्छी फसल की कामना के साथ बैल, गाय और भैस को बीमारी से बचाने के लिए औषधियुक्त लोंदी खिलाई। परसठ्ठी के किसान जगत यादव, पितम यादव, रेखराज साहू, राज बघेल ने बताया कि हरेली तक किसान अपनी फसलों की बोआई और रोपाई पूर्ण कर लेते हैं और फसलों की रक्षा के लिए अपने खेत व फसल की धूप-दीप और अक्षत से पूजा भी करते हैं इस दिन लोग घर के मुख्य द्वार पर नीम के पत्ते लगाते हैं। मान्यता है कि इससे परिवार के लोगों की

# लक्ष्य तय करते हैं, तो अनुशासन लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है : शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com



विद्यार्थी जीवन में अनुशासन जरूरी है। अनुशासन से ही हमें ज़िंदगी में सफलता की राह मिलती है। जब हम लक्ष्य तय करते हैं, तो अनुशासन ही हमें उन लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। यह बात उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नाकोत्तर महाविद्यालय के दिक्षारंभ एवं राष्ट्रीय शिक्षा 2020 कार्यक्रम में कहीं। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने कहा कि अनुशासन हमें अपने समय का सदुपयोग करने में मदद करता है। जब हम अनुशासित होते हैं, तो हम अपना समय ज़रूरी कामों में लगाते हैं और व्यर्थ की गतिविधियों में समय बर्बाद नहीं करते हैं। अनुशासन हमारी एकाग्रता को बढ़ाने में मदद करता है। जब हम अनुशासित होते हैं, तो हम अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर पाते हैं और आसानी से विचलित नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि अनुशासन से हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है। जब हम अनुशासित होते हैं, तो हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं और सफलता प्राप्त करते हैं। अनुशासन हमें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने में मदद करता है। जब हम अनुशासित होते हैं, तो हम नियमित रूप से व्यायाम करते हैं, स्वस्थ भोजन करते हैं और पर्याप्त नींद लेते हैं। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि याद रखें, अनुशासन एक आदत है, इसे बनाने में समय लगता है। यह एक ऐसी आदत है जो आपको ज़िंदगी में सफलता प्राप्त करने में मदद करेगी। कॉलेज के दिन आपके जीवन के सबसे यादगार दिनों में होंगे। अनुशासन के साथ, आप इन दिनों का भरपूर आनंद ले सकते हैं और ज़िंदगी में सफलता भी प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल कूद, संस्कार, संस्कृति, अध्यात्म योग प्राणायाम के साथ ही गीत संगीत मे भी शामिल होना चाहिए, यह विद्यार्थियों के बहुआयामी विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने रुचि के अनुसार कैरियर का चुनाव करना चाहिए। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का सपना देखा है।

# छत्तीसगढ़ की बेटी रीबा बेनी को अदाणी फाउंडेशन ने किया सम्मानित

**तलवार बाजी के खेल को प्रोत्साहित करते हुए की एक लाख एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता**

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर में रहने वाली छत्तीसगढ़ की बेटी रीबा बेनी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का मान बढ़ाने के लिए अदाणी फ ाउंडेशन ने प्रोत्साहित किया और खेल में बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक खेल सामग्री के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की। विगत दिनों क्राइस्ट चर्च न्यूज़ीलैंड में आयोजित 2024 कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप के एपी (Epee) इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रीबा बेनी ने टीम इवेंट में हिस्सा लिया था। इसमें रीबा बेनी ने एपी के व्यक्तिगत इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। अदाणी फाउंडेशन लगातार सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करता आया है। अभी हाल ही में अदाणी समूह ने पुलिस स्कूल के लिए लगभग 30 लाख की लागत की बावन सीटों वाली वातानुकूलित बस अमलीडीह स्थित पुलिस कालोनी समिति को मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के हाथों द्वारा प्रदान किया। वहीं अब रीबा को अदाणी फाउंडेशन द्वारा एक लाख एक हजार की आर्थिक सहायता दी। अब रीबा स्पोर्टस किट, ग्लव्स और फेंसिंग शूज़ खरीद कर आगामी खेलों की बेहतर तैयारी कर सकेगी। रीबा और उनके माता पिता ने अदाणी फाउंडेशन को धन्यवाद दिया है। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर के चैंपियनशिप के सेमी फाइनल में भारत ने मेजबान न्यूज़ीलैंड को पैतालीस- सैंतीस से पराजित किया, जिसमे रीबा ने 17 अंक लेकर टीम को जीत दिलाई। फाइनल में भी रीबा ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए अकेले ही 22 अंक लेकर टीम का स्कोर सम्मान जनक स्थिति में ला दिया। रीबा ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, भाई और प्रशिक्षक को दिया। अदाणी समूह के कॉर्पोरेट अफेयर प्रमुख डॉ. प्रतीक पांडे शनिवार को रीबा बेनी और उनके परिवार से मिलकर उनके प्रयासों को सराहा और रीबा को रुपए एक लाख एक हजार का चेक देकर सम्मानित किया। रीबा ने सात साल की उम्र से तलवारबाजी खेलना शुरू किया। छत्तीसगढ़ के अलावा गुजरात, गोवा, केरला, उड़ीसा, असम, महाराष्ट्र और अब न्यूजीलैंड में अपना परचम लहरा चुकी हैं। रीबा बेहद ही सामान्य परिवार से आती हैं। उनके पिता इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाते हैं, वहीं मां गृहणी हैं, भाई की कॉलेज में पढ़ाई जारी है। रीबा भविष्य में ओलंपिक्स में खेलना चाहती हैं और देश का गौरव बढ़ना चाहती हैं। न्यूज़ीलैंड के क्राइस्टचर्च में 2024 कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप में एपी (Epee) इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली रीबा बेनी ने टीम इवेंट में रजत पदक हासिल किया। उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के सम्मान में और उनकी निरंतर सफलता का समर्थन करने के लिए, अदाणी समूह की इस सहायता से रीबा ने ऑल स्टार एपी कम्प्लीट वेपन FIE, ऑल स्टार फेंसिंग सूट FIE, ऑल स्टार ग्लव्स, फेंसिंग शूज़, ऑल स्टार एपी मास्क, ऑल स्टार एपी बॉडी वायर और ऑल स्टार स्टॉकिंग्स जैसे आवश्यक फेंसिंग उपकरणों से वह अब अपनी प्रतिभा को और निखार सकेगी। रीबा को उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए अदाणी समूह ने बधाई दी और भविष्य की प्रतियोगिताओं में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

## न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक साहेबलाल पिता बंशीधर निवासी ग्राम छिर्रापाली तहसीलदार सरायपाली द्वारा जिला महासमुन्द द्वारा स्वयं के पुत्री गणेशी का मृत्यु दिनांक 14/01/2015 को ग्राम छिर्रापाली में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथी में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 20/08/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 01/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली
जिला-महासमुंद

## कार्यालय कलेक्टर जिला गरियाबंद (छ.ग.) एवं पदेन उपसचिव छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

**// प्रारंभिक अधिसूचना //** गरियाबंद, दिनांक................

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 202112221800006/अ-82 ::

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनसूची के कालम (01) से (05) में दर्शित भूमि की अनुसूची के कालम (07) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है।

अतएव भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद द्वारा अधिनियम 2013 कहा जावेगा) की धारा 11 की धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सर्वसंबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद द्वारा अनुसूची के कालम (06) में उल्लेखित प्राधिकारी को उपरोक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है:-

**अनुसूची**

धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग गरियाबंद सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण रताखण्ड व्यपवर्तन योजना के भााखा नहर निर्माण हेतु अर्जित की जाने वाली भूमि का प्रकार जिला गरियाबंद, तहसील अमलीपदर, ग्राम डुमाघाट

| खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) | खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) | खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) | खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 419 | 0.140 | 417 | 0.130 | 414 | 0.090 | 412 | 0.220 |

**योग :- कुल खसरा नंबर 04 कुल रकबा 0.58 हेक्टेयर**

02/- यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल/उपयुक्तता/लोक प्रयोजन के औचित्य/सामाजिक समाघात निर्धारण के बारे में अपना दावा-आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम 2013 की धारा 15 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।

03/- भूमि का नक्शा/प्लान का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैनपुर जिला गरियाबंद (छ.ग.) के कार्यालय में देखा जा सकता है।

04/- प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है।

05/- प्रस्तावित प्रयोजन के भू-अर्जन के लिए कराये गये सामाजिक समाघात अध्ययन के अनुसार भूमि का अर्जन अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में सामाजिक लाभ अधिक होना पाया गया है।

06/- प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैनपुर जिला गरियाबंद (छ.ग.) को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया गया है।

**छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
कलेक्टर गरियाबंद एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

G-242501606/2

# प्रदेश पदाधिकारी ही भाजपा को कर रहे बदनाम पेड़ कटाई और मारपीट में भी पदाधिकारी दागदार

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

## शहरनामा

पांच साल विपक्ष में रहने के बाद सत्ता में आये भाजपाई अब पैसा कमाने के चक्कर में इस तरह के कारनामे कर रहे हैं जिससे ना सिर्फ भाजपा की बल्कि डाक्टर रमन सिंह की भी छबि धूमिल हो रही है। भाजपाइयों के इस व्यवहार से सूचक भाई बहुत नाराज हैं। कार्यालय पहुँच कर ना सिर्फ उन्होंने इस मामले में अपनी नाराजगी जताई। सूचक भाई ने बताया की डोंगरगढ़ में हुए करोड़ों के रेत काण्ड में भी एक प्रदेश पदाधिकारी का नाम आया था और अब तो प्रदेश के ही एक पदाधिकारी का नाम सीधे तौर पर शराब के मामले में आया है। हम तो इस बात से अनभिज्ञ थे इसलिए सूचक भाई को कार्यालय के नीचे खुले जलाराम की दही कचौरियों का लालच दिया और बाकी बात जानने का प्रयास किया और कचौरियां अंदर जाते ही उन्होंने बताया कि प्रदेश भाजपा का एक पदाधिकारी जो बहुत कम वोटों से विधानसभा चुनाव हारा है उसका दामाद बीते दिनों शराब तस्करी के मामले में जेल चला गया था और उसको छुड़ाने के फेर में पदाधिकारी ने कई भाजपाइयों से दुश्मनी भी मोल ले ली है। सूचक भाई ने आगे खुलासा करते हुए बताया कि दो तीन महीने पहले चामारराय टोला नामक गाँव में उक्त नेता के पुत्र को बुरी तरह से कूटा भी गया था जब वो गाँव में दबंगई करने गया था। कुटाई भी कुछ इस तरह की हुई थी कि युवराज दो दिन ऐसी में भर्ती रहे थे। सूचक भाई को हमने कहा कि आप झूठ बोल रहे हैं पृकृति प्रेमी पदाधिकारी ऐसा नहीं कर सकते। सूचक भाई ने अब नया मामला खोला और कहा कि राम के नाम पर सिर्फ पैसों का भरत मिलाप चालू है और उक्त भाजपाई डोंगरगढ़ में ताबड़तोड़ पेड़ों की अवैध कटाई में भी लिप्त है।

इतना सुनने के बाद हमें लगा कि इतने डंके की चोट पर सूचक भाई झूठ नहीं बोल सकते।

### पैसे दे कर भक्ति साबित करने की होड़ में संस्कारधानी की जनता

संस्कारधानी की गलियों में इन दिनों बेरिकेड्स का कब्ज़ा है। बसंतपुर, गौरव पथ, कमला कालेज की और लोग बेरिकेड्स के कारण परेशान हैं और कारण हैं प्रदीप मिश्रा जी का शहर के बीच में होने वाला प्रवचन। प्रवचन भी ऐसा जिसमे भक्ति करने के पास ऊँचे दामों पर बेचे जा रहे हैं और शहर में पैसे दे कर भक्ति दिखाने की मानो होड़ सी मची हुई है। देश दुनिया के खबर बताने वाले सूचक भाई कार्यालय आ कर रोज नई खबर दे जाते हैं। धार्मिक प्रवृत्ति के सूचक भाई ने सोचा कि भक्ति की अविरल धारा बाह रही है तो क्यों ना वो भी जा कर शिव भक्ति में लीं हो जाएँ लेकिन जब वो वहां पहुंचे टगो पता चला कि यहाँ भक्ति करने का मतलब है तीन से चार हजार रुपये का पास खरीदना और फिर उसे वायरल करना। सूचक भाई बड़े नाराज हुए। इस बात से कम कि उन्हें भीतर जाने नहीं मिला बल्कि इस बात से ज्यादा कि चारों और बेरिकेटिंग के कारण उनकी गाडी फंस गई थी। सूचक भाई ने बताया कि इस तरह की उल जुलूल भीड़ के कारण सिर्फ वो ही नहीं बल्कि स्कूल कालेज के छात्र आम जनता सभी लोग इस पैसे वाले प्रवचन की अव्यवस्था से परेशान हैं। सूचक भाई के कहने के बाद हमने भी पंडित प्रदीप मिश्रा जी के कार्यक्रम का जायजा लिया और पाया कि किसी भाजपा नेता की अगुवाई में हो रहे इस कार्यक्रम में तो भाजपाइयों को ही दरकिनार कर दिया गया है और अब कुछ भाजपाई सोशल मीडिया में पास तलाशते घूम रहे हैं। सावन के महीने में शिवभक्ति के नाम पर किये जा रहे व्यापार का व्यापक विरोध है। खैर आम जनता जैसा चाहे वैसा करे लेकिन कुल मिला कर जनता परेशां तो है।

धीरे से हमने इतना जरूर पूछा कि अगला है किस पद में। सूचक भाई ने इशारों में कहा कि मंत्री हैं लेकिन मंत्री के पहले पता नहीं क्यों 'महा'

### लगातार बारिश, जलमग्न शहर नींद में निगम प्रशासन

बीते कुछ दिनों से शहर में लगातार हुई बारिश ने निगम प्रशासन की कलई खोल दी। शुरूआती दौर में एक से दो घंटे की हुई बारिश में ही शहर जलमग्न हो गया। लोंगों के घर डूबने के कगार पर आ गए और नगर निगम प्रशासन कुम्भकर्णी नींद में सोया रहा। भदौरिया चौक में घुटनों तक पानी, ममतानागर में टखने से ऊपर पानी, लखोली,मोतीपुर, तुलसीपुर, जमातपारा, बख्तावर चाल, इंदिरानगर, वर्धमान नगर, मिलचाल, सदर बाजार सहित अन्य सभी क्षेत्र की तमाम सड़कों पर घुटनों तक बारिश का पानी भरा रहा।नालियों का पानी घर के भीतर तक जा पहुंचा लेकिन शहर की जनता एहसानमंद है नगर निगम राजनांदगांव की कि कमसकम वो पानी में डूब कर मारी नहीं। गोमास्ता बनवाना है तो, लोन लेना है तो कोई भी काम हो तो नगर निगम को टैक्स की रसीद सबसे पहले चाहिए। हर महीने सफाई वाले एक तारीख को पैसे के लिए टेक देंगे लेकिन सुविधाओं के नाम पर शहर भगवान भरोसे है और जिम्मेदार गहरी नींद में।वो दिन दूर नहीं जब अपनी सुविधाओं के लिए जनता को जनक्रांति करनी पड़ेगी। और जब भीड़ अपना हक लेने निकलती है तो वो टोपियों और गमछों का रंग नही पहचानती।

सनद रहे कि जनता ने आपको चुना है और आपको अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी।

# डॉ. रमन ने भाजपा कार्यालय में बेल व नीम के पौधे रोपे



पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का दो दिवसीय प्रवास भाजपा कार्यालय में बेल व नीम के पेड़ लगाने के साथ ही संपन्न हुआ। डॉ. रमन सिंह दो दिवसीय प्रवास के दौरान कथा वाचक प्रदीप मिश्रा से आशीर्वाद लिया। वहीं महाकाल यात्रा में भी शामिल हुए। नई शिक्षा नीति पर आयोजित कार्यक्रम में भी भाग लिया तथा अपने निवास में सैकड़ो नागरिकों व विभिन्न संस्थाओं के लोगों से प्रत्यक्ष भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना-समझा व आवश्यक निराकरण भी किया।रायपुर प्रस्थान करने के पूर्व डॉ. सिंह ने जिला भाजपा कार्यालय में बेल व नीम के दो पेड़ लगाये तथा उसके आवश्यक संरक्षण का पार्टी कार्यकताओं को निर्देश भी दिया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल, सचिन सिंह बघेल, विक्रांत सिंह, भरत वर्मा, रघुवीर वाधवा, आभा तिवारी, आकाश चोपड़ा, किरण साहू, मधु बैद, रेखा मेश्राम, शिव वर्मा, त्रिगुण टॉक, दीनू गुप्ता, बंटी भाटिया, तरूण लहरवानी, गोलू सूर्यवंशी, हरीश सोनवानी, राजा माखीजा, गिन्नी चावला, शंकर पटेल, विठ्ठल पटेल, देवकुमारी साहू सहित पार्टी के अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# घनश्याम ब्लॉक अध्यक्ष व महेंद्र सचिव मनोनित



पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी, महासचिव विश्वदीपक राई, संभाग अध्यक्ष छगन साहू, संभाग अध्यक्ष मिर्ज़ा के मार्गदर्शन, जिला प्रभारी ललित साहू, जिलाध्यक्ष राम साहू के अगुवाई में प्रेस क्लब संरक्षक बालकृष्ण सिन्हा, प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी की मौजूदगी में ब्लाक इकाई का गठन हुआ।

छग श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक इकाई में वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम साहू को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनित किया गया। वहीं सचिव महेन्द्र लेझारे को मनोनित हुए। इस अवसर पर राजनांदगांव जिला प्रभारी ललित साहू, जिलाध्यक्ष राम साहू, गोविन्द गुप्ता, दिवाकर सोनी, टिकु देवांगन, टुम्मन साहु, प्रकाश गुप्ता सहित ब्लाक के समस्त पत्रकारगण उपस्थित थे।

# कांकेतरा में 5 नए मरीज मिले, 16 संक्रमित

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

विकासखंड के ग्राम कांकेतरा में डायरिया के मामले सामने आए हैं। वहीं सोमवार सुबह यहां एक महिला की मौत का मामला भी सामने आया है। हालांकि स्वास्थ्य महकमे का कहना है कि, उक्त महिला को क्या समस्याएं थी यह स्पष्ट नहीं है। लेकिन उसकी मौत डायरिया से नहीं हुई है। दोपहर तक परिजनों ने उनका अंतिम संस्कार कर दिया। शव का पीएम न होने के चलते इस मामले में कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवरतन कश्यप ने बताया कि ग्राम में 11 मरीज पहले और सोमवार को 5 नए मरीज मिले हैं। सभी की स्थिति सामान्य है। उन्हें दवाईयां दी जा रही हैं। यहां शनिवार से ही कैंप लगा हुआ है। सीएमओ ने कांकेतरा पहुंचकर हालात का जायजा भी लिया। उन्होंने कहा कि, अलग-अलग जगहों से डायरिया की शिकायतें आ रही हैं जरुरी है कि ग्रामीण एहतियात बरतें और पीने का पानी उबालकर ही इस्तेमाल करें। बताया गया कि सोमवार की सुबह फगनी बाई (45) घर पर मृत पड़ी मिली। वे जमीन पर पड़ी हुई थीं। परिजनों ने दोपहर तक उनका अंतिम संस्कार भी कर दिया। शव का पीएम न कराए जाने से मौत किस वजह से हुई यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

## 6 को रायपुर में मशाल रैली, शामिल होंगे अधिकारी-कर्मचारी

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फे डरेशन के जिला स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बताया कि 6 अगस्त 24 को इंद्रावती भवन (संचालनालय) से महानदी भवन (मंत्रालय) तक दोपहर 2 बजे से मशाल रैली एवं मंत्रालय के सामने प्रदर्शन होगा। मशाल रैली में छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फे डरेशन के घटक संगठनों के प्रांताध्यक्ष सहित प्रमुख पदाधिकारी, संभाग तथा जिला संयोजक सहित सभी पदाधिकारी शामिल होंगे।

# मेडिकल कॉलेज को मिले 14 डॉक्टर, विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी का आभार : मोनू बहादुर

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



विधानसभा अध्यकक्ष व पूर्व मुख्यकमंत्री डॉ. रमन सिंह जी ने पिछले दिनों मेडिकल कॉलेज अस्पकताल में डॉक्टनरों की कमी को लेकर स्वास्थ्व मंत्री की मौजूदगी में राजधानी में जिर्म्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी। इस बैठक में एक कमेटी का गठन किया गया था जो मेडिकल कॉलेज की समुचित व्यिवस्थाद हेतु रिपोर्ट देगी। इस बीच शनिवार की शाम स्वा स्थ्या महकमे ने मेडिकल कॉलेज अस्पथताल को 14 एमबीबीएस डॉक्ट्र्स दिए हैं। जिला भाजयुमो अध्य क्ष मोनू बहादुर सिंह इन नियुक्तियों का स्वाथगत करते हुए इस पहल के लिए विस अध्यटक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यूक्त किया है। भ ा ज य ु म ो अध्यटक्ष मोनू ने कहा कि, विपक्ष में रहते हुए पांच साल भाजपा और भाजयुमो ने मेडिकल कॉलेज अस्पुताल में मरीजों की सुविधाओं के लिए सड़क की लड़ाई लड़ी। जब 2023 में दोबारा जनता ने भाजपा के सुराज को चुना तो पहली प्राथमिकता के साथ मेडिकल कॉलेज को दोबारा पूरी ऊर्जा के साथ संचालित किए जाने के प्रयास शुरु हुए। विस अध्यिक्ष डॉ. रमन सिंह जी ने व्यकक्तिगत रुप से इस विषय को गंभीरता से लिया। उनके ही सुझाव पर व्यरवस्थ्ाओं की जांच-पड़ताल और जरुरत की समीक्षा के लिए कमेटी का गठन किया गया। उन्होंयने यहां डॉक्ट्रों की कमी पर भी चिंता व्यचक्ता की थी। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज अस्प ताल राजनांदगांव में नए डॉक्टडरों की नियुक्ति की कवायद शुरु हो गई थी। मोनू ने कहा कि, अविभाजित राजनांदगांव की जनता में इन नियुक्तियों से उत्साहि है। मेडिकल कॉलेज की सुविधाओं में पहले की अपेक्षा कई बेहतर सुधार हुए हैं। इन नए जूनियर रेसिडेंट डॉक्टसरों की ज्वाहईनिंग से भी अस्पधताल में चिकित्साक सुविधा और सुदृढ़ होगी। उन्हों ने कहा कि, इस उल्लेखनीय पहल के लिए विस अध्यवक्ष डॉ. रमन सिंह जी का जितना आभार व्यहक्ता किया जाए कम ही है।

# माँ बम्लेश्वरी के दर्शन करने डोंगरगढ़ पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव



पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

श्रावण मास के तीसरे सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में माता बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु पहुंचे जहाँ उन्होंने माता के दर्श कर पूजा अर्चना की व् प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय भाजपा नेताओं से मुलाक़ात कर उनसे सांगठनिक चर्चा की । डोंगरगढ़ प्रवास के दौरान पूर्व विधायक विनोद खांडेकर व वरिष्ठ भाजपा नेता हरविंदर सिंह मंगे के नेतृत्व में कार्यकताओं ने रोपवे में प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान अमित जैन, नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा, विजेंद्र ठाकुर, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस कक्क ड़, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सुषमा कोठारी, प्रकाश बिंदल, वीरेंद्र साहू, गिरेश साहू, मनीष चक्रवर्ती, विक्की भाटिया, अजय शर्मा, राहुल काड़े सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। डोंगरगढ़ प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव होटल राज इन भी पहुंचें व आम जनों से चर्चा की।

# बगैर दरवाजे तोड़े सराफा से लाखों की चोरी

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



सोमनी के एक बड़े कारोबारी की दुकान में शनिवार-रविवार की दरम्याधनी रात लाखों रुपए के जेवरात की चोरी हुए हैं। बताया गया कि, लगभग 10 लाख रुपए का माल चोर ले उड़े हैं। चोरी की इस वारदात में पुलिस के लिए सबसे बड़ी पहली बन गई है कि चोरों ने दुकान में घुसपैठ किस तरह की। दुकान का कोई शटर टूटा नहीं लेकिन भीतर के एक गेट में सेंधमारी हुई है। कपड़ा दुकान के साथ तीसरे माले में मौजूद सराफा से चोर जेवर ले उड़े हैं। पुलिस को शंका है कि, इस मामले में दुकान में कार्यरत कोई कर्मचारी संदिग्धो हो सकता है। पिछले भाग से दाखिल होने का साक्ष्य नहीं मिले हैं। पुलिस कारोबारी पिता-पुत्र के बयान में विरोधाभास स्थिति होने को लेकर वारदात को संदिग्ध मान रही है। पुलिस के मुताबिक, शाम 4 बजे से सीसीटीवी अचानक बंद हो गया। देर रात चोरी हुई और इसका कोई सुराग नहीं मिला। इसलिए भी इस मामले में कई संदिग्धक है जिन पर पुलिस की नज़र है। सोमनी थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने कहा कि, हमें कई लोगों पर शंका है। पुलिस को महत्व पूर्ण साक्ष्यर मिले हैं। सिर्फ संस्थ्ान के सीसीटीवी बंद होने का मतलब ये नहीं है कि दूसरी जगहों से साक्ष्यत न मिलें। उन्होंयने कहा कि, सायबर सेल की भी मदद ली जा रही है। सायबर टीम और डॉग स्क्वॉड की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की है। पुलिस चोरी से जुड़े साक्ष्यों को लेकर पतासाजी कर रही है। बताया जा रहा है कि व्यवसायी राकेश जैन सोने के व्यवसाय को बड़े स्तर पर करते हैं। ऐसे में पुलिस व्यवसायी के बयान के आधार पर अज्ञात चोरों की खोजबीन के लिए जुट गई है।

# दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न एम्बेसडर भी नियुक्त किए गए



पायनियर संवाददाता ‹ छुरिया
www.dailypioneer.com

रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय में दीक्षारंभ (प्रवेश उत्सव) कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित किए जाने के साथ हुआ व तिलक लगाकर नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत किया गया। जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कार्यक्रम संबोधित करते हुए दीक्षारंभ प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए नव प्रवेशी का बच्चों का अभिनंदन कर उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही अपने प्रेरणादायक विचारों से छात्राओं को प्रेरित किया और कहा कि जीवन में हमेशा चलते रहना चाहिये, दौड़ते रहना चाहिये तभी हम मंजिल तक पहुँच सकते है।

# छुरिया में भोजराज और अख्तर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

# किसानों से जमीन की लिखा पढ़ी करवा ली, गिरोह ने आदिवासी किसानों को भी फांसा

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



ग्रामीणों को 10 प्रतिशत की ब्याज पर रकम बांटकर जमीन हड़पे जाने के मामले में राजनांदगांव के कथित सूदखोर भोजराज ईसरानी (38) और उसके लिए काम करने वाले एजेंट अख्तर खान (40) के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। गोपालपुर के किसान पेमूराम गोड़ ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम ने किसान की शिकायत पर संबंधितों से बयान लेकर मामले की जांच की थी जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस चौकी चिचोला प्रभारी भूषण चंद्राकर ने बताया कि, उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्रवाई की जा रही है। एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम ने जांच में पाया कि भोजराज ईसरानी के पास ऋण देने की अनुज्ञाप्ति नहीं होना न ही छ.ग. साहूकर अधिनियम 1934 का पालन किया गया है। यही नहीं भोजराज ने अख्तर खान के साथ मिलकर धोखे से आदिवासी किसानों सहित अन्य ग्रामीणों की जमीनों की अवैध रुप से खरीदी बिक्री की लिखा पढ़ी करवा ली। कई किसानों की ऋण पुस्तिका भी भोजराज ने बंधक बनाकर रखी हुई है। इन मामलों पर धारा 417, 423, 34 एवं छग ऋणियों के संरक्षण अधिनियम 1937 की धारा 4-क घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## ईसरानी ने जमीनें हड़पने रैकेट बनाया, अख्तर ने साथियों के साथ ग्रामीणों को फंसाया


आदिवासियों की जमीनों का गैरकानूनी तरीके से पॉवर ऑफ अटार्नी बनवाया

■ गोपालपुर इलाके के दर्जनभर से ज्यादा किसान पीड़ित

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पुलिस चौकी चिचोला क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर के आसपास के लगभग दर्जनभर ग्रामीणों को सूदखोरी के जाल में फांस कर उनकी जमीनों के कागजात बंधक बनाने वाले, आदिवासियों की जमीन को धोखे से पॉवर ऑफ अटार्नी लिखाने वाले सूदखोर और उसके एजेंटों पर अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। पीड़ित ग्रामीणों ने इस मामले पर जिला प्रशासन, पुलिस तक गुहार लगा चुके है। जानकारी है कि, इस मामले में करवा लिए। पिनकापार के भादूराम, जैतगुड़ा की माला बाई, मोरकुटुंब के जुगल किशोर सहदेव, गोपालपुर के पेमूराम सहित अन्य पीड़ित किसानों ने बीते दिनों ही जिला मुख्यालय आकर इस पूरे मामले का

पायनियर लगातार

भोजराज ईसरानी की भूमिका को लेकर भी पुलिस की जांच जारी है। ग्रामीणों से बयान लिए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में पुलिस प्रकरण में बड़ा एक्शन ले सकती है। दर्जनभर से ज्यादा ऐसे मामले सामने आने के चलते पुलिस के लिए भी ये प्रकरण काफी गंभीर हो गया है। प्रशासनिक

गिरोह ने 35 एकड़ जमीन हड़प ली

सूदखोर भोजराज द्वारा अपने एजेंटों के साथ मिलकर हड़पी गई जमीन को लेकर ग्रामीणों का दावा है कि तकरीबन 35 एकड़ जमीन भोजराज ने हड़प ली है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि, आरोपी उनपर ली हुई रकम से दोगुना-तीगुना लौटाने का दबाव बना रहे हैं। बताया जा रहा है कि, सूदखोर राजनांदगांव के व्यवसायी भोजराज से एजेंटों ने ग्रामीणों के ही नाम पर बड़ी-बड़ी रकम उधार ली लेकिन लोगों को उन्होंने कम पैसे ही दिए। इसमें शामिल कई आदिवासी परिवारों

### अख्तर परिवार सहित फरार

पुलिस ने जैसे ही गोपालपुर इलाके में लाखों की सूदखोरी और जमीन हड़पने के मामलों की जांच शुरु की अख्तर खान परिवार सहित गांव से फरार हो गया। लालूटोला में पुलिस ने कई नोटिस उसके दरवाजे पर चस्पा कर रखें हैं। उसके कभी रायपुर तो कभी नागपुर में छिपे होने की जानकारी मिल रही है। भोजराज और अख्तर ने ही मिलकर ग्रामीणों को ऐसे जाल में फंसाया जिससे उनकी जमीनें हड़पीं जा सके। सभी किसानों से एग्रीमेंट भोजराज के नाम पर ही किए गए हैं।

### महापंचायत में सामने आए गिरोह के कारनामे

21 जून को छुरिया के गोपालपुर में आसपास के गांवों में फै ले सूदखोरी के जाल और जमीनों को हड़पे जाने के मामलों को लेकर महापंचायत बुलाई गई। इस बैठक में आदिवासी समुदाय किसानों सहित कई कईयों ने ग्रामीणों ने अपनी व्यथा पंचायत के सामने रखी। पेमूराम सहित दूसरे किसानों ने बताया कि, उन्हें जो रकम मिली उससे कई गुना ज्यादा रकम मांगी जा रही है। उनसे प्रतिमाह 10 प्रतिशत ब्याज वसूला जाता रहा। धोखाधड़ी करते हुए उनकी जमीनों की लिखा पढ़ी करवा ली गई। ऋण पुस्तिकाओं को भी कथित सूदखोर द्वारा बंधक बनाए जाने की बात किसानों ने बताई। इसके बाद क्षेत्र के पीड़ित किसान कलेक्टर-एसपी के पास पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई।

# हरियर अभियान के तहत व्यापारी वर्ग द्वारा पौधारोपण



पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन के मंशानुरूप प्रेस क्लब डोंगरगांव एवं व्यापारीवर्ग के सहयोग से नगर में जारी हरियर अभियान के दूसरे चरण में हरेली पर्व दिवस वृहद पौधारोपण किये गए। दूसरे चरण का पौधारोपण पुलिस थाना चौक तिराहा से लेकर आजाद चौक तिराहा मटियावार्ड तक किया गया है। व्यापारीवर्ग ने पौधारोपण कर पौधों को ट्रीगार्ड से सुरक्षित भी किया।

उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण व नगर को चहुंओर से वनाच्छादित करने के उद्देश्य से नगर के सभी वर्ग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए महती जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इसी तारतम्य में व्यापारीवर्ग ने पुलिस थाना चौक तिराहा से लेकर आजाद चौक तिराहा मटियावार्ड तक कदंब, पारिजात, अशोक, गुलमोहर, आंवला, करंज व नीम के अलावा विभिन्न प्रजाति के लगभग 200 फलदार, छायादार सहित औषधीय पौधों का रोपण कर ट्रीगार्ड से सुरक्षित किया। इस मौके पर जनप्रतिधिगण भी सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर प्रमुख तौर पर दिनेश गाँधी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, डॉ नीरेंद्र साहू, रामकिशन माहेश्वरी, स्वरूपचंद जैन, गुलशन हिरवानी, दिनेश नखत, ललित लोढ़ा, रामकुमार गुप्ता, किशोर बोहरा, सतीष वैष्णव, अमीर निर्वाण, सिद्दीक बडगुजर, डिकेश साहू, गोपाल टावरी, प्रियंक जैन, अमित गाँधी, सुनील टावरी, योगेश, लल्ला, प्रवेश, राजा के अलावा तहसीलदार पीएल नाग, सीएमओ डीएस पाल एवं सहित वनविभाग व निकाय के कर्मचारीगण तथा नगर के पत्रकारगण सम्मिलित हुए।

**हरेली पर्व पर पारंपरिक खेल** : हरेली पर्व के मौके पर नगर में पौधारोपण के अलावा गेड़ी प्रदर्शन एवं पारंपरिक खेल आयोजित हुए। व्यापारीवर्ग ने पौधारोपण उपरांत नारियल फेंक आयोजित किया। वहीं मटियावार्ड मंदिर परिसर में भी कुर्सी दौड़, रस्सा खींच, नारियल फेंक व मटका फोड़ व गोली चम्मच जैसे पारंपरिक खेल आयोजित किये गए। विजेताओं को आटा, शक्कर, तेल, साबुन प्रदान किये गए।

# जिला मनरेगा शाखा की जांच टीम पर जशपुर पीओ की शिकायत वापस

## लेने का आरोप कहा, तथ्यों को छिपाकर जांच प्रभावित करने की कोशिश

- कार्यक्रम अधिकारी और लेखापाल को लेकर शिकायत जनप्रतिनिधियों ने की है गंभीर शिकायत

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




आयुक्त महात्मा गांधी नरेगा योजना को जशपुर जनपद पंचायत में पदस्थ प्रोग्राम ऑफिसर और लेखापाल के द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार के संबंध में शिकायत पत्र दर्जनों सचिवों के द्वारा भेजा गया है। उनका आरोप है कि पंचायत ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित मनरेगा योजना मे जशपुर जनपद के लेखापाल द्वारा समग्री सप्लाई कर्ता वेंडरों, ग्राम रोजगार सहायको, ग्रामीणों एवं कार्यालयीन कर्मचारियों से किये जा रहे अभद्र व्यवहार, कार्य के लिए ग्रामीणों को भटकाना एवं कार्य करने के लिए पैसा वसुली करने के संबंध मे अवगत कराना चाहते हैं।

### दो के खिलाफ शिकायत

लेखापाल और बड़ी मैडम के द्वारा योजनातर्गत कोई भी कार्य समय पर नहीं किया जाता है ओर ना ही कार्य होने की जानकारी दी जाती है। कार्य पूर्ण करने के बाद बिल एम आई ऐस के लिए देने पर बिल राशि का जब तक 3त्र नहीं दिया जाता है तब तक बड़ी मैडम फाइल को देखती भी नहीं है। अगर पैसा नहीं दे तो महीनों तक फाइल पड़ा रहता है। महोदय मनरेगा मे भुगतान वर्ष मे 02 या 03 बार ही होता है उस पर मैडम के द्वारा महीनों तक टाला जाता है और भुगतान से पहले पैसा लिया जाता है।

### कलेक्टर को जांच के आदेश

आयुक्त मनरेगा की ओर से कलेक्टर जशपुर को जांच का आदेश दिया गया है। राजेश सिंह एवं अन्य, ग्राम रोजगार सहायक / सचिव, विकासखण्ड व जिला जशपुर से द्वारा महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत जनपद पंचायत-जशपुर के लेखापाल द्वारा राशि की मांग किये जाने संबंधी शिकायत करते हुए उनका अन्यत्र जगह स्थानांतरण करने का अनुरोध किया गया है। प्रकरण की सात दिवस के भीतर नियमानुसार जांच कराकर कार्रवाई करने की बात लिखी गई थी लेकिन 6 महीना बीत जाने के बाद भी कार्रवाई लंबित है।

### शिकायत वापस लेने का आरोप

साईं टांगर टोली के सरपंच दुबराज राम ने लिखिल में शिकायत किया है। उन्होंने यह भी बताया कि शिकायत वापस लेने के लिए जिला जांच टीम के सदस्य के द्वारा उन्हें फोन किया जा रहा है। उन्होंने कहा, शासकीय पदों पर बैठकर ग्रामीणों को जनप्रतिनिधियों को परेशान करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि जांच टीम जांच रिपोर्ट सौंपने में देरी कर रही है, जिससे तथ्यों को छिपाने और बदलने का सीधा संदेह जाता है।

### लंबी पदस्थापना पर सवाल

मैडम कई वर्षो से जनपद जशपुर मे पदस्थ है और वो यहाँ की लोकल रहने वाली है जिसके कारण नेतागिरी करती है। लेखापाल के द्वारा ग्राम रोजगार सहायकों का वेतन बनाने के लिए भी पैसा मांगती है। अगर पैसा ना दे तो वेतन भी नहीं बनाती जिसके कारण रोजगार सहयकों को 03-04 माह तक पैसा नहीं मिलता।

> जनपद पंचायत जशपुर में पदस्थ प्रोग्राम ऑफिसर के संबंध में की गई शिकायत की जांच रिपोर्ट जिला पंचायत सीईओ के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।
> **-अभय सिन्हा, मनरेगा जिला लेखा अधिकारी**

# भारतीय मानक ब्यूरो तथा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के मध्य 'मानकीकृत कृषि प्रदर्शन फार्म' के विकास हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय (आईजीकेवी), रायपुर ने 'मानकीकृत कृषि प्रदर्शन फार्म' (एसएडीएफ) के विकास के लिए एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर 05 अगस्त 2024 को किया गया। इस समझौते ज्ञापन पर भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से दिव्येंदु चक्रवर्ती, उप महानिदेशक (पूर्वी क्षेत्र) और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर की ओर से डॉ गिरीश चंदेल, उप कुलपति ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो एवं इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। समझौते ज्ञापन के संभावित लाभों के बारे में जानकारी देते हुए, दिब्येंदु चक्रवर्ती, उप महानिदेशक (पूर्वी क्षेत्र) ने बताया की इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी भारतीय मानकों को कृषि प्रथाओं के साथ एकीकृत करने, किसानों को लाभान्वित करने और कृषि नवाचार को आगे बढ़ाकर कृषि प्रथाओं को बढ़ाने के लिए एक बड़ा कदम है। इस साझेदारी का कृषि क्षेत्र और व्यापक समुदाय पर दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय के साथ भारतीय मानक ब्यूरो की यह साझेदारी मानकीकृत कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने, कृषि उत्पादकता एवं सतत विकास को बढ़ावा देने और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. गिरीश चंदेल ने प्रदर्शन फार्मों के मानकीकरण को बढ़ावा देने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो की पहल की सराहना करी। उन्होने कहा कि इससे नीति निर्माताओं और संबंधित सरकारी विभाग को उत्तम कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए मूल्यवान अनुसंधान जानकारी उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इस समझौता ज्ञापन का प्राथमिक उद्देश्य भारतीय मानक ब्यूरो के सहयोग से इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय में मानकीकृत कृषि प्रदर्शन फार्म विकसित करना है। यह फार्म भारतीय मानकों के अनुसार विभिन्न कृषि पद्धतियों और नई प्रौद्योगिकियों परीक्षण और कार्यान्वयन के लिए प्रयोगात्मक स्थलों के रूप में काम करेंगे। इन फार्मों को इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के पारंपरिक प्रदर्शन फार्म पर विकसित किया जाएगा और इस फार्म में भारतीय मानकों के अनुसार कृषि प्रधान होंगे। मानकीकृत कृषि प्रदर्शन फार्म मे कृषि आदान, उपकरण, जल प्रबंधन, कीट प्रबंधन और पोषक तत्व प्रबंधन भारतीय मानकों के अनुसार होंगे। इन मानकीकृत फार्मों का उपयोग किसानों, विस्तार कार्यकर्ताओं, छात्रों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और नागरिक समाज निकायों सहित विभिन्न हितधारकों को कृषि प्रथाओं और नई प्रौद्योगिकियों पर प्रशिक्षण, शिक्षण, प्रदर्शन और जागरूकता पैदा करने के लिए भी किया जाएगा।

# पर्यटन स्थल और बांधों के आसपास सावधानी बरतने के कलेक्टर नम्रता गांधी ने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



बरसात के मौसम में जिले के पर्यटन स्थल गंगरेल जलाशय सहित नरहरा जल प्रपात इत्यादि को देखने ना केवल जिलेवासी बल्कि दूर.दराज से भी पर्यटक पहुंचते हैं। इसके मद्देनजर कलेक्टर नम्रता गांधी और पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गंगरेल और नरहरा में पानी के अधिक बहाव की दशा में सेल्फी लेने के लिए जाने वाले पर्यटकों को रोक लगाने और सावधानी बरतने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही पार्किंग व्यवस्था बनाने, नरहरा में मगरलोड की ओर से आने वालों के लिए पार्किंग, नोटिस बोर्ड लगाने, रूद्रेश्वर घाट रूद्री में बारिकेटिंग, विद्युत, कंट्रोल रूम तैयार कर जगह चिन्हांकित करने कहा गया। कलेक्टर ने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने वालों से फाईन भी लें। इस अवसर पर कलेक्टर ने चिटफंड कंपनी वालों पर कार्यवाही करने, आवारा मवेशियों की धरपकड करने, रेत का अवैध भण्डारण रोकने राजस्वए पुलिस, खनिज इत्यादि विभाग को संयुक्त रूप से कार्यवाही करने के निर्देश बैठक में दिए। इस मौके पर कोटवारों को बेहतर प्रशिक्षण देने, कानून व्यवस्था बनाने, यातायात, शारीरिक दक्षता, पीटी परेडए बाढ राहत इत्यादि की दिशा में कार्य करने के लिए एएसआई रामावतार राजपूत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

# डॉ. विजय रक्षित ने आरा महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह में नव प्रवेशित छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति से कराया अवगत

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



सोमवार को नायक नित्यानंद साय शासकीय महाविद्यालय आरा में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि मंगलनाथ सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम आरा की सरपंच बुधनी बाई एवं एनईएस महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. विजय रक्षित उपस्थित रहे । प्राचार्य वंदना पाठक की अध्यक्षता में कार्यक्रम का संचालन किया गया । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नव-प्रवेशित स्नातक स्तर के छात्र - छात्राओं को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं जैसे विषयों का चयन, परीक्षा का पैटर्न, क्रेडिट मार्क की उपयोगिता आदि से अवगत कराना था । दीक्षारंभ कार्यक्रम की शुरुवात सरस्वती वंदना एवं राजकीय गीत के साथ हुआ, जिसमे महाविद्यालय की प्राचार्य वंदना पाठक द्वारा कार्यक्रम के प्रथम सेशन में स्वागत भाषण के साथ हुआ जिसमे उन्होंने महाविद्यालय की शुरुवात से लेकर अभी तक हुए परिवर्तन एवं सीमित संसाधनों रहते हुए भी छात्रों के विकास और संस्था में पीजी कक्षाओं के संचालन के बारे में अतिथियों और ग्रामीण जनों को अवगत कराया। इसके पश्चात विशिष्ट अतिथि डॉ विजय रक्षित का उद्बोधन हुआ जिसमे उन्होंने अपने 42 साल की महाविद्यालयीन शासकीय सेवा का अनुभव छात्रों को बांटा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डाला । उन्होंने छात्र छात्रों एवं पालकों को विशेष रूप से ध्यान देने कहा कि छात्र छात्राओं को प्रति दिवस महाविद्यालय आना है जिससे उनका मूल्यांकन और क्रेडिट मार्क दिए जा सके, साथ ही डॉ रक्षित ने महाविद्यालय की प्राचार्य को अपने शोध से संबंधित जशपुर का इतिहास की दो पुस्तके भेंट की और महाविद्यालय के छात्रों को अध्ययन करने को कहा । उसके पश्चात ग्राम आरा की सरपंच बुदनी बाई ने सभी छात्रों को उनके उज्वल भविष्य की कामना की । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंगल नाथ सिंह जी ने महाविद्यालय परिसर की अधोसंरचना, महाविद्यालय के इतिहास और आरा वासियों के लिए महाविद्यालय आवश्यकता पर जोर दिया और कहा की वर्तमान में आरा के बच्चे अब उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर हो रहे है। इसी बीच कार्यक्रम में उपस्थित पालकगण वेद कुमार साय, बसंत राम, रामप्रसाद ने भी सभी छात्रों की उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति हमारे बच्चों का सर्वांगीण विकास करेगा। कार्यक्रम के दूसरे तकनीकी सेशन में महविद्यालय के समस्त छात्र - छात्राओं को राष्टीय शिक्षा नीति के समस्त पहलुओं जैसे जेनेरिक इलेक्टिव विषय का चयन कैसे करना है, परीक्षा की पद्धति कैसा होगा, कितने मार्क्स का पेपर होगा, पासिंग मार्क्स क्या होगा, क्रेडिट अंक कैसे दिए जायेंगे, इंटरनल परीक्षा और एक्सटर्नल परीक्षा कितने मार्क्स का होगा, मल्टीपल एंट्री और एक्जिट, सीबीसीएस आदि से अवगत कराया गया। इस तकनीकी सेशन को महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक आशीष कुमार राजपाल मास्टर ट्रेनर, दुर्गावती पैकरा, निकिता मिंज, खुशबू खलखो, रविकांत भगत, डॉ. भूपेन्द्र सिंह बंजारे द्वारा संपन्न कराया गया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अनूप निरंजन कुजूर, सोनाली सतपथी, पिंकी भगत, गोपाल मैत्री और विनोद प्रजापति का सहयोग रहा।

# एसपी शशि मोहन सिंह का पशु तस्करों के खिलाफ अभियान हुआ सख्त, 7 महीने में 39 तस्कर गिरफ्तार 340 गौवंश मुक्त

- तस्करी में प्रयुक्त 12 वाहन जिसमें पीकअप-09, छोटा हाथी-02 एवं 01 ट्रक को जप्त कर राजसात

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने जशपुर जिले का कार्यभार ग्रहण करते ही गौ तस्करी रोकने के लिए स्पेशल टीम गठित कर इसमें संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों में दबिश देकर अनेकों तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

**इस तरह हुई कार्रवाई**–माह जनवरी से अब तक गौ तस्करी के कुल 28 प्रकरणों में 39 आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया है एवं इनसे तस्करी में प्रयुक्त कुल 12 वाहन जिसमें पीकअप-09, छोटा हाथी-02 एवं 01 ट्रक को जप्त किया जाकर राजसात करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस दौरान वर्ष 2023 के पशु तस्करी के मामले में फरार चल रहे 05 आरोपियों को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

**कुछ न्यायालय में किया सरेंडर** – पुराने बड़े मवेशी व्यापारी मो. लालखान, मो. तबारक खान, शाहिद खान, मो. आफताब उर्फ आफताब मीर उर्फ शौकत अली ने पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिये बीते दिनों न्यायालय में सरेंडर कर दिये एवं साईटांगरटोली का कुख्यात मवेशी तस्कर मो. जसिम शाह अपने साथियों के साथ गिरफ्तार हो चुका है। इनके विरूद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट भी जारी किया गया था।

**यहां हुई बड़ी कार्रवाई**–वर्ष 2024 में जशपुर जिले के थाना लोदाम में 05, चौकी मनोरा में 03, थाना नारायणपुर में 06, थाना कुनकुरी में 02, थाना फरसाबहार में 01, थाना तुमला में 03, चौकी सोनक्यारी में 01, थाना बगीचा में 01, थाना बागबहार में 01, थाना कांसाबेल में 01, थाना दुलदुला में 02, चौकी दोकड़ा में 01, थाना जशपुर में 01 गौ तस्करी का मामला दर्ज किया गया है।

**घेरा बंदी और कांटा फेंककर दबोचा**–बड़े गौ तस्कर पहले पीकअप वाहनों से छत्तीसगढ़ से झारखंड की ओर तस्करी करते थे, पुलिस द्वारा इनके 100-120 की स्पीड से चल रहे वाहन के पहियों में कांटा फेंककर विशेष विधि से पंचर कर वाहनों से अनेकों गौ वंश को मुक्त कराया गया है। पुलिस के निरंतर कार्यवाही होने से अब तस्कर अपना पैटर्न बदल दिये हैं, अब विभिन्न चैनल के माध्यम से जंगलों के रास्ते रात्रि में तस्करी करते हैं, इस पर पुलिस द्वारा भी जंगलों में दबिश देकर अनेकों गौवंश को मुक्त कराया गया है। जशपुर पुलिस द्वारा इनके सप्लाई चेन को निरंतर ध्वस्त किया जा रहा है। गिरफ्तार हुये पशु तस्करों को तस्करी का धंधा छोड़ कर अन्य दूसरे व्यवसाय से जुड़ने के लिए कहा जा रहा है।

> 'जशपुर पुलिस का पशु तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा, तस्करी का नेक्सस को ध्वस्त किया जा रहा है। गिरफ्तार हुए पशु तस्करों को तस्करी का धंधा छोड़ कर अन्य दूसरे व्यवसाय से जुड़ने के लिए कहा जा रहा है।'
> **-शशि मोहन सिंह, एसपी जिला जशपुर**

# प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से अधिक से अधिक लोगों को करें लाभान्वित

- मौसमी बीमारियों से निपटने स्वास्थ्य विभाग मुस्तैदी से करे कार्य
- समय सीमा की बैठक में कलेक्टर नम्रता गांधी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी ने आज साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिलेए संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें। इसके लिए वर्तमान में नगरीय निकायों में आयोजित शिविरों में व्यापक प्रचार.प्रसार किया जाए। इस मौके पर कलेक्टर ने जिले में डायरिया, मलेरिया इत्यादि मौसमी बीमारियों की जानकारी ली और स्वास्थ्य अमले को मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में जीवनरक्षक दवाईयां की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने किसान किताबए डायवर्सन और वसूलीए विवादित.अविवादित नामांतरणए बंटवारा, सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास, जल जगार, फॉगिंगए आंगनबाडियों में बच्चों की उपस्थिति, कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की भर्ती, गर्म पका भोजन, सिकलसेल, जाति प्रमाण पत्र इत्यादि की समीक्षा की। कलेक्टर गांधी ने कहा कि आगामी दिनों में आयोजित होने वाले ग्राम सभाओं में किसी भी दस्तावेज कमी ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही ड्रॉप आउट बच्चों को समझाईश देकर पुनः स्कूल में प्रवेश कराने कहा तथा भू.अर्जन, वनाधिकार पट्टों की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायतों की रैंक बढाने के मद्देनजर कलेक्टर ने निर्धारित मानकों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक बने आवासों की जानकारी ली और अगस्त माहांत तक अधूरे आवासों को पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## शिविर में प्राप्त 432 आवेदन में से 210 आवेदनों को मौके पर ही किया गया निराकरण

# सामुदायिक भवन संगम चौक दरबारीटोली में जनसमस्या निवारण पखवाडा शिविर का हुआ आयोजन

- 06 अगस्त को सामुदायिक भवन बी.एस.एन.एल ऑफिस के पीछे में होगा शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर के वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 के नागरिकों की जनसमस्या के निराकारण किये जाने हेतु सामुदायिक भवन संगम चौक दरबारीटोली में जनसमस्या निवारण पखवाडा का आयोजन प्रातः 10.00 बजे से 3.00 बजे तक किया गया। जनसमस्या निवारण पखवाडा आज रेणु रोशन, सालो बाई, सबनम परवीन तथा असीनता बाई को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया, शिविर में उपस्थित आम नागरिकों को पौधा भी वितरण किया गया। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के संदर्भ में प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, धनवंतरी योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, पेंशन योजना महतारी वंदन योजना, आयोघ्या घाम तिर्थि यात्रा योजनाओं की जानकारी उपस्थित आम नागरिकों को दी गई, एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के संबंध में उपस्थित आम नागरिकों से अपील की गई की घरों के बाहर कचरा न फेंके, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले सफाई दीदीयों को गीला एवं सुखा कचरा अलग-अलग छाट कर देने तथा नगर को स्वच्छ रखने की अपील की गई। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में कुल 432 आवेदन प्राप्त हुई, जिसमें मांग के 377 आवेदन तथा शिकायत से संबंधित 55 आवेदन प्राप्त हुए। निर्माण से संबंधित 63 आवेदन, विघुत से 28 आवेदन, सफाई से 37 आवेदन, पेंशन के 17 आवेदन, प्रधानमंत्री आवास 72 आवेदन, जलप्रदाय के 56 आवेदन, राशनकार्ड के 73, जन्म - मृत्यू के 27, राजस्व के 03 प्रकारण, विवाह पंजीयन के .01 तथा महिला बाल विकास के 07, वन विभाग के 03, सामान्य प्रशासन के 02 प्रकारण, विद्युत विभाग के 05 आवेदन तथा राजस्व विभाग के 38 आवेदन प्राप्त हुए है। प्राप्त शिकायत पर मुख्यनगरपालिका अधिकारी के निर्देशानुसार प्रभारी अधिकारीयों द्वारा तत्काल कार्यावाही करते हुए मौके पर ही 210 प्रकारण का निराकारण किया गया। जसमें नाली सफाई, कचरा हटाना, विधुत पोल में स्ट्रीट लाईट लगवाना एवं नल में पानी न आने की समस्या का निराकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शिविर स्थल पर ही आयुस्मान कार्ड बना कर हितग्राहीयों को प्रदाय किया गया। साथ ही नगरपालिका द्वारा आम, जामून, कटहल, ईमली, आमरूद, अर्जून एवं अन्य प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधो का वितरण किया गया। जन समस्या निवारण पखवाड़ा 27 जुलाई से 10 अगस्त तक निकाय के वार्डो में लगाई जावेगी, जिसमें आम नागरिक अपने शिकायत एंव मांग हेतु आवेदन कर सकते है। आगमी 06 अगस्त 2024 (मंगलवार) को वार्ड क्रमांक 13 के लिए जनसमस्या शिविर का आयोजन सामुदायिक भवन, बी.एस.एन.एल ऑफिस के पीछे, में किया जावेगा।

# सावन के तीसरे सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी आस्था,भक्तों ने किया जलाभिषेक

पायनियर संवाददाता ◀ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



सावन के तीसरे सोमवार के पावन अवसर पर शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। 4:00 बजे भोर से ही मंदिर में पहुंचकर शिव भक्तों ने जल व दूध का अभिषेक कर भगवान शिव से मंगलकामना की। युवा भक्तों ने जलाभिषेक के बाद मेले जैसा माहौल का आनंद उठाते हुए जमकर सेल्फी भी ली। इस दौरान सभी मंदिर हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंजते रहे। विगत 10 वर्षों के अदर नगर में प्राचीन शिव मंदिर के अलावा नवीन निर्माण कराए गए मंदिरों में बाबा नर्मदेश्वर बाबा दुखेश्वर ओंकारेश्वर त्रयंबकेश्वर इन सभी शिव मंदिरों में शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर मंगल कामना करने वालों का ताता लगा रहा। भोर से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचने लगे। जलाभिषेक के लिए शहर से लेकर गांव तक के शिव मंदिरों में भक्तों की कतार देखने को मिली। जो सुबह से लेकर शाम के प्रदोष काल तक शिव भक्तों ने जम कर आराधना की। वैसे तो सावन के पावन महीने में प्रतिपदा से लेकर पूर्णमासी तक शिवालियों में शिव भक्तों के द्वारा प्रतिदिन पूजा अर्चना करने जाते रहते हैं लेकिन सोमवार को विशेष रूप से उपवास कर पूजा अर्चना की जाती है।

# पायनियर हलचल...

## एकला चलो रे



उपमुख्यमंत्री अरुण साव के बारे में कहा जा रहा है कि वह 'एकला चलो रे' के सिद्धान्त पर काम करना शुरु कर दिए हैं। सीएम विष्णुदेव साय की तरह ही अरुण साव के सरकारी बंगले में भी हरेली त्योहार की जमकर धूम दिखी, जहां काफी संख्या में लोग जुटे हुए थे। दरअसल में अरुण साव को पीएम मोदी का करीबी कहा जाता है, मोदी ने पहले उन्हें प्रदेश अध्यक्ष और बाद में उपमुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचाया। प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते राज्य में भाजपा की सरकार लाने में अरुण साव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। लेकिन साव के बारे में कहा जाता है कि वह मनचाहा काम नहीं कर पा रहे, इसलिए वह 'एकला चलो रे' के सिद्धान्त पर काम करना शुरु कर दिए हैं।

## अफसरशाही में तो जुगाड़ ही चलता है, पांडे का क्यों नहीं चला?



किश्मत तो सिर्फ राजनीति में चलती है, अफसरशाही में तो जुगाड़ ही चलता है। सरकार किसी भी दल की हो जुगाड़ ठीक-ठाक है तो सब चलता है। लेकिन इसी महीने रिटायर होने वाले आईएएस अनुराग पांडे का जुगाड़ क्यों नहीं चला यह समझ से परे है। रिटायरमेन्ट का दिन नजदीक होने के बावजूद भी अनुराग पांडे को बीजापुर के कलेक्टर पद से हटाकर मंत्रालय अटैच कर दिया गया है। कहते हैं कि अनुराग पांडे का एक भाजपा नेता से विवाद हुआ जिसका ऑडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पर वास्तव में क्या यही सच है? शायद नहीं। सच क्या है यह तो सुशासन वाली विष्णु सरकार ही जानेगी। लेकिन कहा यह जा रहा है कि अनुराग पांडे को बीजापुर से रवाना कराने के पीछे जगदलपुर के एक व्यापारी की अहम भूमिका है। दरअसल में इस व्यापारी का बीजापुर में अच्छा खासा कारोबार है। वरना राजनीतिक पकड़ अुनराग पांडे की भी कमजोर नहीं है। आईएएस अनुराग पांडे का नाता संघ परिवार से रहा है। एक जमाने में उनके पिता स्व. मनहरणलाल पांडे बिलासपुर के सांसद रहे, यहीं नहीं अनुराग की बहन हर्षिता पांडे भी राज्य भाजपा में राजनीतिक रुप से सक्रिय हैं। कहतें हैं कि मुख्यमंत्री साय के बस्तर प्रवास के दौरान इस व्यापारी ने उनके कान फूंक दिए। जिसके कुछ दिन बाद ही अनुराग को मंत्रालय भेज दिया गया।

## छह माह बाद राज्य से नक्सलवाद का सफाया?



प्रभारी डीजीपी, डीजीपी और अब एक्सटेशन वाले डीजीपी, जी हां हम बात कर रहे हैं आईपीएस अशोक जुनेजा की। 1989 बैच के आईपीएस अशोक जुनेजा को भूपेश सरकार ने नवम्बर 2021 में राज्य का प्रभारी डीजीपी बनाया और 2022 में जुनेजा पूर्णकालिक डीजीपी बनाये गये। आमतौर पर अशोक जुनेजा का स्वभाव काफी सरल है, और उनकी पुलिसिंग को भला भाजपा से बेहतर कौन जानेगा। यह बात अलग है कि पिछ्ले पांच साल कानून व्यवस्था को भाजपा ने सिर्फ राजनीतिक हथियार बनाया, क्योंकि भूपेश सरकार के दौरान भी जुनेजा ही राज्य के डीजीपी पद पर आसीन थे। अब सेवाअवधि पूरा होने के बाद जुनेजा को छह माह का एक्सटेशन दिया गया है, छत्तीसगढ़ के इतिहास में इस तरह का यह पहला निर्णय है। एक्सटेशन का विस्तृत अर्थ होता है समय की एक अतिरिक्त अवधि जो आपको किसी काम के लिए दी जाती है। हालातों की बात की जाए को बीते सात माह में कानून व्यवस्था में कोई खास बदलाव या सुधार नहीं दिखा। हां इस दरम्यान राज्य में नक्सलवाद को लेकर आक्रामक रणनीति जरुर अपनाई गई है। इसलिए सम्भवतः जुनेजा को इसी के चलते एक्सटेशन भी दिया गया है। कहा यह जा रहा है कि राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा और जुनेजा के विशेष प्रयासों से छह माह के भीतर छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त हो जाएगा।

## रजत बंसल को क्यों हटाया गया?



वैसे तो रजत बंसल वित्त मंत्री ओपी चौधरी के काफी नजदीक हैं। बंसल और चौधरी की यह नजदीकी वर्षो पुरानी है। लेकिन 7 माह के भीतर रजत बंसल को जीएसटी से क्यों हटा दिया गया इसकी इन दिनों जमकर चर्चा है। दरअसल में एक दौर में ओपी चौधरी रायपुर के कलेक्टर हुआ करते थे तब बंसल रायपुर नगर निगम के कमिश्नर थे। ओपी के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने अपने विभागों में पसंदीदा अफसरों की तैनाती की है। जिसमें प्रमुख रुप से मुकेश बंसल, आर संगीता, सौरव कुमार, रजत बसंल समेत अन्य अफसरों के नाम शामिल हैं। रजत बसंल अभी तक वित्त मंत्रालय अर्न्तगत वाणिज्यिक कर की जिम्मेदारी सम्भाल रहे थे, लेकिन उन्हे महज सात माह के भीतर यहां से हटा दिया गया है। जिसकी चारों ओर चर्चा हो रही है।

## 200 एकड़ वनभूमि पर कब्जा



राज्य के एक प्रभारी डीएफओ ने हाल ही में 200 एकड़ वनभूमि को खाली कराने का दावा किया है। प्रभारी डीएफओ ने मीडिया के सामने वकायदा इस पर खुलकर बयान भी दिया है। यह बात अलग है कि यहां के एक नेताजी के 70 एकड़ वनभूमि पर उनकी दृष्टि नहीं पहुंच पा रही है। खैर कहते हैं कि यह जमीन इनके पूर्व वाले डीएफओ साहब के कार्यकाल दौरान कब्जा हुई थी, जिसमें उनके मिलीभगत की सम्भावनाओं से भी इनकार नहीं किया जा सकता। जमीन तो खाली हो गई, लेकिन अब यह कहा जा रहा है कि यदि वनभूमि खाली कराने वाले प्रभारी डीएफओ का पीठ थपथपाया जाए तो, पूर्व डीएफओ के उपर जमीनों को कब्जा कराने की सह देने की कार्यवाही भी की जाए।

## शमशान की जमीन का सच क्या?




कहते हैं कि नवा रायपुर में जिस जगह पर अरण्य भवन का निर्माण किया गया है, वहां के पश्चिम दिशा में पहले शमशान था। कहा तो यह भी जा रहा है कि जब निर्माण चल रहा था तो यहां जमीन के अन्दर से हड्डियां निकलती थीं, जिसको देखकर चौकीदार भाग खड़े होते थे। वास्तव में सच्चाई क्या है? इसका सच क्या है? यह तो निर्माण एजेंसी ही बता सकती है। पर इसको लेकर तरह -तरह की चर्चाएं की जाती हैं। भूतल में मानिटरिंग का एक ऑफिस है, कहा यह जाता है कि जिससे नाराजगी होती है उसे यहां बैठा दिया जाता है। वहीं दूसरे माला में वाइल्ड लाइफ विंग है। तीसरी माला में इस विभाग के प्रमुख बैठते हैं। वैसे तो प्रेत-पिचास पर मैं बिलकुल विश्वास नहीं करता, पर यहां के लिए कहा जाता है कि जो अफसर पहले वन्यजीव प्रेमियों का पक्षधर रहता है वह यहां बैठते ही, उनको अपना विरोधी समझने लगता है। इसके अनुपात में उपर माला में असर कम हो जाता है। खैर इसका सच क्या है? यह तो यहां बैठने वाले अफसर, निर्माण करने वाली एजेन्सी और चर्चा करने वाले लोग ही जानेंगे।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# जिले में एक सरकारी स्कूल ऐसा भी जो निजी स्कूलों से कम नहीं

## अन्य सरकारी स्कूलों के लिये आदर्श एवं मॉडल बन चुके है ग्राम पंचायत गुडेलिया का सरकारी स्कूल

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com





जिले में एक ऐसा भी सरकारी स्कूल हे जो जिले के सरकारी स्कूलों के लिये मिशाल पैदा करती है हम बात कर रहे भाटापारा विकासखंड अंतर्गत आदर्श निर्मल ग्राम पंचायत गुडेलिया की जहाँ समुचित पढ़ाई के संसाधन व्याप्त है साफ सफाई, आकर्षक बैंच, डिजिटल क्लास, आईडी, पूर्ण यूनिफार्म, कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा, वाई फाई सुविधा खेलकूद संसाधन गुणवत्तायुक्त भवन, प्राकृतिक हरियाली आदि विशेषताओं से परिपूर्ण उक्त स्कूल जहाँ पर प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला लगती है। गौरतलब है कि यह स्कूल सरकारी है परंतु संसाधनों व गुणवत्ता के मामले में नीजी स्कूल को भी पीछे कर चुके है व जो भी अधिकारी उक्त स्कूल के निरीक्षण व आयोजित कार्यक्रम में पहुंचते है तो सराहना किये बगैर नही रहते यहां तक के जिले बलौदाबाजार के पूर्व कलेक्टर रजत बंसल ने उक्त स्कूल को आदर्श मॉडल मानकर अन्य सरकारी स्कूलों को भी इसी तरहा प्रेरित किये जाने की बात कही साथ ही जिला पंचायत सीओ जिला एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी ने भी इस स्कूल की सराहना की है गौरतलब है कि उक्त ग्राम क्षेत्र के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा का आदर्श गौद ग्राम है।

### शिक्षक के अभाव कि पूर्ति पंचायत ने अपने स्तर पर किया

गौरतलब है की उक्त स्कूल में एक समय दो सालों के अंतराल में जो भी शिक्षक सेवानिवृत्त हुए उनकी पूर्ति स्थायी शिक्षक के रुप में नही हो पाया परंतु स्कूली छात्र-छात्राओं को उक्त प्रभाव से बचाने हेतु ग्राम पंचायत ने स्थानीय मद से 4 संविदा शिक्षकों की नियुक्ति की है जिसमें पढ़ाई की व्यवस्था सुचारू रुप से संचालित हो रही है आदर्श ग्राम पंचायत गुडेलिया के स्कूल में छात्र छात्राओं की दर्ज संख्या प्राथमिक शाला अंतर्गत 123 दर्ज संख्या है जिसमें बालक 58 व बालिका 65 है व पूर्व माध्यमिक शाला 98 बच्चे अध्ययनरत है जिसमें बलिका 55 व 43 बालक है, गौरतलब है की स्थानीय पंचायत मद से कार्यरत 4 संविदा टीचर है स्थानीय गुडेलिया ग्राम से ही पढ़े लिखे है व अपने ज्ञान कि रोशनी आने वाले नवनिहाल भविष्य के लिये फैला रही है जिस पर उनके सेवा से जुड़े मन के भाव जानने पर संविदाशिक्षक पार्वती ध्रुव (दिव्यांग) जो कि ग्रेजुएशन डिप्लोमा आईटीआई है जो कि चौथी व पाँचवी क्लास को पढ़ाती है उन्होंने पंचायत का धन्यवाद किया जो कि छात्र छात्राओं को पढ़ाने का सुअवसर प्रदान किया संविदा प्रमिला यादव ने बताया कि वह ग्रेजुएशन कम्प्यूटर आईटीआई पढ़ी हुई है व स्थानीय पंचायत मद के सहयोग से 6 से 8वीं क्लास तक पढ़ाई की सेवा दे रही है। उन्होंने कहा कि जो स्थानीय पंचायत प्रशासन अवसर दिया वह ज्ञान अब गाँव के बच्चों को बाटनें में गौरान्वित महसूस होता है संविदा शिक्षक हेमन ध्रुव ने बताया कि वह एम. ए. की हुई है व पिछले 2 सालों से यह अपनी सेवा दे रही है उन्होंने कहा की हम बेरोजगार थे परंतु पंचायत के द्वारा यह अवसर प्राप्त हुआ जिसके लिये पंचायत को धन्यवाद ज्ञापित करते है। संविदा शिक्षक गोपाल साहू एम. ए. हिन्दी डीसीए कम्प्यूटर शिक्षा सेवा से जुड़ा कार्य है यह अवसर प्राप्त होना हमारा सौभाग्य है वही कक्षा आठवीं की छात्रा महक से पूछने पर स्कूल के सभी प्रकार के शैक्षणिक गतिविधियों पर हर्ष जताया अपने स्कूल को अपेक्षाकृत उत्कृष्ट स्कूल बताया।

ग्राम का स्कूल और यहाँ के बच्चो को प्राइवेट स्कूल से भी अच्छी सुविधायें मिले इसके लिए हम लोग कार्य कर रहे है। हमने बच्चों को पूर्ण ड्रेस (जुता, मोज़ा, टाई, आईडी कार्ड) की सुविधा उपलब्ध कराई, इंगलिश और कंप्यूटर के क्षेत्र में भी अच्छे से अच्छे कार्य कर रहे है ताकि सभी बच्चे आगे अपना भविष्य अच्छा बना सके। पंचायत के माध्यम से ग्राम के पढ़े लिखे 4 टीचरों को सविंदा नियुक्त किए है जिससे पढ़ाई सुचारू रूप से चल रही है।

**- संकेत अग्रवाल,** उपसरपंच ग्राम पंचायत गुडेलिया

संकुल समंवयक होने के नाते 6से 7 स्कूलों के शिक्षा से जुड़े सम्पूर्ण गतिविधियों की निगरानी व जवाबदारी होती है ग्राम पंचायत गुडेलिया जिले का सर्वसुविधायुक्त स्कूल है वही शिक्षकों के अभाव को भी पंचायत स्तर पर शिक्षक नियुक्त कर पढ़ाई जा रही है। वही 6 अगस्त को मैगा पालक बैठक होना है जहाँ ग्राम पंचायत गुडेलिया को चुयनित किया गया है जिसमें पूरे संकुल केन्द्र से जुड़े 1150 पालक आमंत्रित है वही स्थायी टीचरों में लक्ष्मण सिंह ध्रव व कल्याणी वर्मा ने कहा कि स्कूल के समस्त गतिविधियों के कुशल संचालन हेतु ग्राम पंचायत के सरपंच लोकेश ध्रुव व उप सरपंच संकेत अग्रवाल से भरपुर सहयोग मिलता है पंचायत से नियुक्त टीचर का कार्य भी अच्छा है।

**- दिनेश वर्मा,** संकुल समंवयक

## सीएम विष्णु देव साय ने सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से की सौजन्य मुलाकात



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजनांदगांव के क्लब हाऊस सन सिटी में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उन्हें शाल-श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया तथा स्मृति चिन्ह के रूप में बेलमेटल की नंदी की मूर्ति भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पावन श्रावण मास चल रहा है, इस दौरान आपसे मुलाकात करने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने पूजा-अर्चना की और पंडित प्रदीप मिश्रा से आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, राजनांदगांव के कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## शास्त्री बाजार व्यवस्थापित परिसर में दुकानों के आबंटन की प्रक्रिया शुरू

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर ने शास्त्री बाजार के पास नवनिर्मित व्यवस्थापित परिसर में दुकानों के आबंटन की प्रक्रिया शुरु कर दी है। इस संबंध में जारी निविदा के अनुसार निर्मित कुल 84 दुकानों का आबंटन किया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम मुख्यालय के बाजार विभाग या वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। दुकानों के आबंटन की अंतिम तिथि 21 अगस्त 2024 निर्धारित है। निर्मित परिसर में 84 दुकानें निर्मित है, जिनमें अनुसूचित जाति के लिए 11 दुकान, अनुसूचित जनजाति के लिए 04 दुकान, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 13 दुकान, विधवा/परित्यक्तता के लिए 03 दुकान, दिव्यांग के लिए 02 दुकान, भूतपूर्व सैनिक के लिए 02 दुकान, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के लिए 02, शिक्षित बेरोजगार के लिए 04, महिलाओं के लिए 08, तृतीय लिंग के लिए 02 दुकानें आरक्षित रखी गई है। इसके अलावा 33 दुकानें अनारक्षित श्रेणी की है। इच्छुक व्यक्ति या फर्म अपनी दुकान प्राप्त करने नगर निगम मुख्यालय, बाजार विभाग अथवा नगर निगम रायपुर की वेबसाइट www.nagar-nigamraipur.nic.in पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## संभागायुक्त कावरे ने किया विभागीय परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण, ज़रूरी व्यवस्थाओं के दिये निर्देश



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

संभागायुक्त महादेव कावरे ने छत्तीसगढ़ कॉलेज में चल रही विभागीय परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर बिजली, पेयजल और अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के निर्देश केंद्र प्रभारी को दिये। छतीसगढ़ कॉलेज को शासकीय विभागीय परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया है। दो पालियों ने आयोजित की जा रही विभागीय परीक्षा में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी शामिल हो रहे है। इस केंद्र पर दूसरी पाली में 38 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और दो अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, वहीं सुबह की पाली में 58 अधिकारी कर्मचारियों ने परीक्षा दी।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमनागरिकों की समस्याएं

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने रेडक्रॉस सभाकक्ष मे आयोजित जनदर्शन मे आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश भी दिया। इस दौरान अनेकों आवेदन प्राप्त हुआ। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन के दौरान की पारागांव अभनपुर निवासी फूलबासन वर्मा ने सामान्य राशनकार्ड को अंतयोदय राशन कार्ड में बदलने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कार्रवाई करने का तत्काल निर्देश दिया। बतरसी निवासी सुषमा यादव ने ग्राम पंचायत के सहायिका के पद के लिए आवेदन दिया था।

6 August 2024 Pride Of Raipur




























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001 से मुद्रित तथा 226 कुबेर प्लाजा, सेकण्ड फ्लोर लिंक रेड बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 से प्रकाशित
संपादक-रविशंकर शुक्ला * समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, दूरभाष नंबर 07752-400878